पारा आपडेट
मैक्सिमम 28.00 | मिनीमम 13.00
सूर्यास्त (आज) ▸ 17.27
सूर्योदय (कल) ▸ 06.32
बोकारो से प्रकाशित

सेंसेक्स 77,073.44 ● निफ्टी 23,344.75 ● डॉलर 86.54 ₹ ● सोना 80,120 ₹ ● चांदी 91,164 ₹

पेज 06 क्यों करोड़ों श्रद्धालु जुड़ते हैं कुंभ... पेज 08 'मैं फांसी की मांग को लेकर सड़कों...

हिन्दी दैनिक

# झारखंड दर्शन

हर खबर पर नजर

माघ कृष्ण पक्ष सप्तमी संवत 2082

पेज 12



RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, मंगलवार 21 जनवरी 2025 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 3/- रुपया ● वर्ष : 07 अंक : 199 Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड कैबिनेट की बैठक आज, होंगे कई महत्वपूर्ण निर्णय

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 21 जनवरी को रांची स्थित मंत्रालय में होगी। इसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। इसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) के मुताबिक कैबिनेट की बैठक 21, जनवरी 2025 को होगी। यह बैठक अपराह्न 4 बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

### बीसीसीएल का क्लर्क घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**धनबाद।** धनबाद में बीसीसीएल मुख्यालय कोयला भवन में सोमवार सीबीआई की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। सीबीआई ने बीसीसीएल के स्थापना डिपार्टमेंट में कार्यरत क्लर्क प्रणय सरकार को सात हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि क्लर्क प्रणय सरकार एक कर्मचारी से भविष्य निधि (पीएफ) की राशि ट्रांसफर करने के एवज में 14 हजार रुपये की मांग कर रहा था। वहीं, उक्त कर्मी ने इसकी शिकायत सीबीआई से कर दी। मामले के सत्यापन के बाद आज सीबीआई की टीम ने घूस की पहली किस्त सात हजार रुपये लेते क्लर्क प्रणय सरकार को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

### राजोआना की दया याचिका पर 18 मार्च तक फैसला ले केंद्र सरकार : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि वो पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या के दोषी बलवंत सिंह राजोआना की फांसी की सजा को उम्रकैद में बदलने संबंधी दया याचिका पर 18 मार्च तक फैसला ले। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये आदेश दिया। कोर्ट ने साफ किया कि वो केंद्र सरकार को आखिरी मौका दे रहा है। या तो इस दरम्यान सरकार कोई फैसला ले ले अन्यथा कोर्ट फिर खुद इस याचिका की मेरिट पर 18 मार्च को सुनवाई करेगा। बलवंत सिंह राजोआना करीब 29 साल से जेल में बंद है। 12 साल से उसकी दया अर्जी लंबित है। उसने दया याचिका के निपटारे में हो रही देरी का हवाला देते हुए रिहाई की मांग की है।

### संभल हिंसा मामले में 10 और पत्थरबाज आरोपित गिरफ्तार

**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में विवादित जामा मस्जिद में 24 नवम्बर 2024 को सर्वे के दौरान तीन स्थानों पर हुई हिंसा में फरार चल रहे 10 और आरोपितों को संभल कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक 72 उपद्रवी पकड़े जा चुके हैं। इन उपद्रवियों ने पत्थरबाजी के अलावा आगजनी और तोड़फोड़ करने के साथ पुलिस पर भी जानलेवा हमला किया था। हिंसा के दौरान पुलिस ने जो फोटो लिए थे, उसके आधार पर इन आरोपितों की पहचान की गई है। संभल पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में कोतवाली क्षेत्र के देहली दरवाजा निवासी मुल्ला अफरोज, तहजीब, अजहर अली, असद, कागजी सराय निवासी दानिश, शुऐब, आलम, मोहल्ला जगत निवासी दानिश, आलम सराय निवासी शानेआलम और कोटगर्वी निवासी बाकिर शामिल हैं। सभी आरोपितों को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

---

**85वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों का दो दिवसीय सम्मेलन**

### लोकसभा अध्यक्ष ने कहा– विधायी निकायों की बैठकों की घटती संख्या चिंता का विषय

# पीठासीन अधिकारी हल करने का करें प्रयास : ओम बिरला

एजेंसी

**पटना।** बिहार विधानसभा में चल रहे 85वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के दो दिवसीय सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधायी निकायों की बैठकों की घटती संख्या पर चिंता व्यक्त की। साथ ही उन्होंने पीठासीन अधिकारियों से इस मुद्दे को हल करने के लिए प्रयास करने का आग्रह किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि विधानसभाओं की बैठकों की घटती संख्या हमारे लिए चिंता का विषय है। यह 1954 में एक चुनौती थी और यह आज भी जस की तस बनी हुई है। उन्होंने दिल्ली विधानसभा का उदाहरण देते हुए कहा कि दिल्ली



विधानसभा ने अपने पूरे पांच साल के कार्यकाल में मात्र 74 बैठकें की हैं। लोकसभा अध्यक्ष ने संसद और राज्य




विधानसभाओं में योजनाबद्ध व्यवधानों की भी निंदा की और राजनीतिक दलों से सदन की गरिमा बनाए रखने के लिए दिशा-निर्देश तैयार करने का आग्रह किया।

ओम बिरला ने कहा कि संविधान ने सहकारी संघवाद की अवधारणा को अपनाया है। उन्होंने कहा कि देश की अधिकांश विधानसभाएं कागज रहित और डिजिटल हो गई हैं, ताकि सभी बहसों को एक मंच पर लाया जा सके। वर्ष 2025 तक सभी चीजें एक मंच पर उपलब्ध होंगी। अब समय आ गया है कि अन्य लोकतांत्रिक निकायों जैसे पंचायत राज संस्थाओं, शहरी स्थानीय निकायों और सहकारी समितियों को भी इसमें शामिल किया जाए और राज्य ऐसा कर सकते हैं।

### सार्थक और परिणामोन्मुखी चर्चाओं का स्थान होना चाहिए विधानसभा

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि विधानसभाओं को सार्थक और परिणामोन्मुखी चर्चाओं का स्थान होना चाहिए और इसके लिए सभी राजनीतिक दलों को एक साथ आकर अपने-अपने दलों के लिए आचार संहिता बनानी चाहिए, ताकि राजनीतिक मतभेदों के बावजूद लोगों की व्यापक भलाई के लिए अच्छी मिसाल कायम की जा सके। बिरला ने कहा कि सदनों की गरिमा उसके सदस्यों की गरिमा पर निर्भर करती है और इससे लोकतंत्र को मजबूती मिलती है। सदस्यों के लिए क्षमता निर्माण होना चाहिए। सार्थक चर्चा के लिए अधिक जगह बनाने के लिए व्यवधानों और स्थगनों की संख्या कम की जानी चाहिए और पीठासीन अधिकारियों को सभी राजनीतिक दलों के साथ इस पर चर्चा करनी चाहिए। राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान गरिमा बनाए रखी जानी चाहिए।

---

### आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर से दरिंदगी का मामला

# संजय रॉय को आजीवन कारावास

एजेंसी

**कोलकाता।** कोलकाता के सरकारी आरजी कर मेडिकल कालेज व अस्पताल में प्रशिक्षु महिला डाक्टर से दरिंदगी मामले में सियालदह कोर्ट ने सोमवार को दोषी सिविक वालंटियर संजय राय को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अतिरिक्त जिला व सत्र न्यायाधीश अनिर्बाण दास ने यह फैसला सुनाया। पिछले साल 9 अगस्त को हुए इस जघन्य कांड में 164 दिनों के बाद सियालदह कोर्ट ने सुनाया फैसला। गत शनिवार को संजय को भारतीय न्याय संहिता की धारा 64 (दुष्कर्म), 66 (दुष्कर्म के बाद मौत) व 103 (1) (हत्या) के तहत दोषी ठहराया गया था। सीबीआइ इस मामले की जांच कर रही थी। पिछले साल नौ अगस्त को अस्पताल के सेमिनार हाल से महिला डाक्टर का शव बरामद हुआ था। घटना के अगले दिन संजय को गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में 51 लोगों का बयान दर्ज किया गया। संजय को सोमवार को बेहद कड़ी सुरक्षा में अदालत में पेश किया गया। मृतका के माता-पिता भी वहां मौजूद थे। सुनवाई के दौरान संजय ने फिर खुद को निर्दोष बताते हुए उसे फंसाए जाने का आरोप लगाया।

बता दें कि इससे पहले न्यायाधीश ने कहा था कि सजा सुनाने से पहले संजय को एक बार फिर बोलने का मौका दिया जाएगा। जज ने फैसला सुनाने से पहले संजय से पूछा कि आपके परिवार वालों ने आपसे कोई संपर्क किया था या नहीं। इसके जवाब में संजय ने कहा कि नहीं।

सीबीआइ के वकील ने फैसले की प्रक्रिया शुरू होने के दौरान कहा कि यह विरलतम मामला है। प्रशिक्षु चिकित्सक समाज की सेवा का कार्य कर रही थीं। उनके साथ जघन्य अपराध किया गया था। दोषी को मृत्युदंड की सजा की मिलनी चाहिए ताकि समाज में आस्था बरकरार रहे। वहीं दूसरी ओर संजय के वकील ने कहा कि फांसी के बदले कोई वैकल्पिक सजा दी जाए।

- जज बोले- ये रेयरेस्ट ऑफ रेयर केस नहीं
- 164 दिनों के बाद कोर्ट ने सुनाया फैसला
- मामले में 51 लोगों का बयान दर्ज किया गया




### पीड़ित के माता-पिता ने कहा– संजय रॉय अकेला दोषी नहीं

आज सियालदह कोर्ट के 210 नंबर कोर्टरूम में सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच सुनवाई हुई। जज अनिर्बाण दास ने दोपहर 2:45 बजे अपना अंतिम फैसला सुनाया। सजा के ऐलान से पहले पीड़ित के माता-पिता कोर्ट पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह उनकी कानूनी लड़ाई का पहला कदम है। उनका मानना है कि संजय अकेला दोषी नहीं है। इस मामले में किसी प्रभावशाली व्यक्ति को बचाने की कोशिश की जा रही है।

### आरजी कर मामला : पीड़ित परिवार ने आर्थिक मदद लेने से किया इनकार

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले में दोषी सिविक वॉलंटियर संजय रॉय को सियालदह अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने पश्चिम बंगाल सरकार को पीड़ित परिवार को 17 लाख रुपये की आर्थिक मदद देने का निर्देश दिया। हालांकि, पीड़ित के माता-पिता ने आर्थिक सहायता को लेने से इनकार कर दिया है। पीड़ित के माता-पिता ने अदालत के बाहर कहा, 'हम इस सहायता को स्वीकार नहीं करेंगे। हमें न्याय चाहिए। यह केवल संजय की सजा नहीं, बल्कि पूरे तंत्र को जिम्मेदार ठहराने का मामला है।' अदालत ने इस मामले को 'विरलतम में विरल' नहीं मानते हुए फांसी की सजा की बजाय आजीवन कारावास का फैसला सुनाया। दोषी संजय रॉय ने अदालत में खुद को निर्दोष बताते हुए कहा, 'मुझे झूठे आरोपों में फंसाया गया है। मैंने कुछ नहीं किया।'

---

### राहुल गांधी को मानहानि मामले में राहत

# सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर लगाई रोक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड में चल रहे मानहानि के मामले पर रोक लगा दी है। जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली बेंच ने ट्रायल कोर्ट में चल रही कार्यवाही पर रोक लगाने का आदेश दिया। मामले की अगली सुनवाई छह हफ्ते बाद होगी।

दरअसल 2019 में तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष अमित शाह को लेकर दिए गए एक विवादित बयान के चलते उनके खिलाफ भाजपा कार्यकर्ता नवीन झा ने मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया था। मानहानि के केस को रद्द करने की राहुल गांधी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार और ट्रायल कोर्ट में शिकायतकर्ता नवीन झा को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने झारखंड सरकार और नवीन झा को चार हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। नवीन झा ने अपनी शिकायत में ट्रायल कोर्ट में राहुल गांधी पर आरोप लगाया है कि राहुल ने दिल्ली में एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा था कि एक हत्यारा भी भाजपा का अध्यक्ष बन सकता है लेकिन ये कांग्रेस में संभव नहीं है। शिकायत में कहा गया है कि राहुल ने भाजपा के खिलाफ कई अपमानजनक बयान दिए हैं। झारखंड के ट्रायल कोर्ट ने मामले पर संज्ञान लेते हुए राहुल के खिलाफ संज्ञान लिया था। उसके बाद राहुल ने झारखंड हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। झारखंड हाई कोर्ट से राहत नहीं मिलने के बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया।

- झारखंड सरकार और शिकायतकर्ता को 4 हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश



---

### मुख्यमंत्री आतिशी, सांसद संजय सिंह के खिलाफ मानहानि मामले की सुनवाई 24 जनवरी को

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व सांसद संदीप दीक्षित ने दिल्ली के मुख्यमंत्री आतिशी मालेर्ना और आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह के खिलाफ ट्रायल कोर्ट में आपराधिक मानहानि का केस दायर करने के बाद अब दोनों के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट में 10 करोड़ रुपये की दीवानी मानहानि का केस दायर किया है। इस याचिका पर हाई कोर्ट 24 जनवरी को सुनवाई करेगा। ये मामला आज जस्टिस पुरुषेंद्र कौरव की बेंच के समक्ष लिस्टेड था, लेकिन अब इस मामले की सुनवाई 24 जनवरी को होगी। संदीप दीक्षित ने अपनी याचिका में कहा है कि आतिशी और संजय सिंह ने 26 दिसंबर 2024 को एक प्रेस कांफ्रेंस किया जिसमें आरोप लगाया गया कि संदीप दीक्षित ने भाजपा से करोड़ों रुपये लिए हैं। इस प्रेस कांफ्रेंस में यह भी आरोप लगाया गया कि संदीप दीक्षित ने भाजपा के साथ मिलकर आम आदमी पार्टी को हराने की साजिश रचने में शामिल हैं।

### शंभू बॉर्डर से दिल्ली कूच नहीं करेंगे किसान

**चंडीगढ़।** पंजाब के शंभू बॉर्डर से किसान अब मंगलवार को दिल्ली में कूच नहीं करेंगे। किसानों ने केंद्र सरकार से बैठक के लिए मिले न्यौते के बाद अपने कूच का फैसला टाल दिया है। उनके इस फैसले से यह साफ हो गया है कि अब किसान केंद्र सरकार के साथ बातचीत करने के लिए एक मंच पर आ सकते हैं। किसान मजदूर मोर्चा के संयोजक सरवण सिंह पंधेर ने सोमवार को शंभू बॉर्डर पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि फिलहाल दिल्ली कूच का फैसला टाल दिया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार 14 फरवरी से पहले बैठक करे। ये बैठक चंडीगढ़ की बजाए दिल्ली में होनी चाहिए।

# गरियाबंद में मुठभेड़, दो नक्सली ढेर

एजेंसी

**गरियाबंद/रायपुर।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में सोमवार को सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए हैं। हालांकि अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। जिले के मैनपुर थाना क्षेत्र के के कुल्हाड़ी घाट के भालू डिग्गी के जंगल में आज सुबह से बड़ी संख्या में ओडिशा और छत्तीसगढ़ के सुरक्षाबल संयुक्त रूप से सर्चिंग ऑपरेशन चला रहे हैं। बताया गया कि इस दौरान सुरक्षाबलों की नक्सलियों से मुठभेड़ हो गई, जिसमें दो नक्सलियों के मारे गए जबकि कोबरा बटालियन का एक जवान घायल हो गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सुरक्षाबलों ने मारे गए दोनों नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गये हैं और घायल जवान को एयरलिफ्ट कर रायपुर ले जाया रहा है। मौके से एक एसएलआर और तीन आईईडी भी बरामद किया गया है। मुठभेड़ के दौरान दोनों ओर से कई राउंड गोलीबारी हुई। सर्चिंग अभियान के दौरान हुई मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है। सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर लिया है। इलाके की इस स्थिति के चलते जिले के भाटीगढ़ स्टेडियम को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। पुलिस के बड़े अधिकारी भी मैनपुर पहुंच चुके हैं। सुरक्षा बल जंगल में लगातार कांबिंग कर नक्सलियों को घेरने की कोशिश में जुटे हुए हैं।

### सोपोर मुठभेड़ में घायल जवान ने तोड़ा दम

सोपोर। सोपोर के जालोरा के गुज्जरपति इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ में घायल हुए जवान ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया है। इलाके में कल देर शाम मुठभेड़ शुरू हुई थी। एक अधिकारी ने बताया कि अंधेरे के कारण कल रात अभियान रोक दिया गया था। उन्होंने कहा कि सोमवार को सुबह की पहली किरण के साथ फिर से अभियान शुरू किया गया। इस दौरान आतंकियों द्वारा भारी गोलीबारी शुरू की गई जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। इस गोलीबारी में एक सैनिक घायल हो गया जिसे तुरंत मौके से निकालकर अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने कहा कि घायल सैनिक ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया है। रविवार को सेना, सीआरपीएफ और पुलिस की संयुक्त टीमों ने गुज्जरपति इलाके की घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया था। इस दौरान एक ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया। अधिकारी ने कहा कि तलाशी के दौरान सुरक्षाबलों की टीम पर गोलीबारी की गई जिसके बाद इलाके में मुठभेड़ शुरू हो गई थी।

---

**खगोलीय घटना** › पूर्व से पश्चिम तक सौरमंडल के छह ग्रह एक साथ कतार में नजर आएंगे

# आसमान में आज शाम लगेगा ग्रहों का जमावड़ा

एजेंसी

**भोपाल।** खगोल विज्ञान में रुचि रखने वाले लोगों के लिए मंगलवार, 21 जनवरी की शाम बेहद खास होने जा रही है। इस दौरान आसमान में अद्भुत खगोलीय घटना होने जा रही है, जिसमें सौरमंडल के ग्रहों का जमावड़ा लगने लगने जा रहा है। इस दिन सूर्यास्त के बाद आकाश में पूर्व से पश्चिम तक सौरमंडल के छह ग्रह एक कतार में नजर आएंगे।

नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने सोमवार को इस खगोलीय घटना की जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार की शाम पूर्वी आकाश में मंगल (मार्स) होगा तो सिर के लगभग ऊपर बृहस्पति (जुपिटर) और यूरेनस अपनी चमक विखेर रहे होंगे। वहीं पश्चिमी आकाश में नेप्च्यून, शुक्र (वीनस) और शनि (सेटर्न) कतार बनाते हुए नजर आएंगे। ग्रहों का कुंभ से नजारे में आप मंगल, बृहस्पति, शुक्र और शनि को तो खाली आंखों से देख पाएंगे, लेकिन यूरेनस और नेप्च्यून को देखने के लिए टेलिस्कोप की मदद लेनी होगी। टेलिस्कोप से देखने पर यह छह ग्रह आकाश में एक कतार बनाते हुए दिखेंगे।




### सौर परिवार के छह ग्रहों को एक साथ देखने का यह अच्छा अवसर

सारिका ने बताया कि सौरमंडल के पहले ग्रह बुध की इस समय कमी रहेगी। इस कमी को आने वाले फरवरी माह में पूरी कर पाएंगे, जब आप सभी ग्रहों को एक साथ देख सकेंगे और अगर आप सौर परिवार के तीसरे ग्रह (पृथ्वी) को देखना चाहते हैं तो उसे देखने के लिये ऊपर नहीं, आपके कदमों में देखना होगा। सौर परिवार के छह ग्रहों को एक साथ देखने का यह अच्छा अवसर है। हालांकि, इस खगोलीय घटना के दर्लभ होने को लेकर सारिका ने बताया कि सोशल मीडिया में इस घटना को बढ़ा-चढ़ा कर बताया जा रहा है, लेकिन ऐसा है नहीं। दरअसल, ग्रहों की परेड आम तौर हर कुछ साल में होती रहती है, लेकिन इनका समय बदलता रहता है। भारत के आकाश के लिए यह घटना शाम को दिख रही है, इसलिये महत्वपूर्ण है। इसमें भी ग्रह आपस में सटेंगे नहीं, बल्कि 180 डिग्री के आकाश में एक कतार में रहेंगे। यह इन ग्रहों को पहचानने और जानने का मौका रहता है।

---

# निगरानी : राजस्थान की भारत-पाक सीमा पर बीएसएफ का ऑपरेशन सर्द हवा 22 से

एजेंसी

**जोधपुर।** भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सीमा सुरक्षा बल 22 से 29 जनवरी तक ऑपरेशन सर्द हवा चलाएगा। अभियान में निगरानी तंत्र को मजबूत करने के लिए सुरक्षा पहरा और कड़ा करने के लिए नफरी बढ़ाई जाएगी। सीसुब के अधिकारी भी अभियान के दौरान सीमा चौकियों में दिन-रात रहकर चौकसी पर नजर रखेंगे।

बीएसएफ के अनुसार, पश्चिमी सरहद पर हाड़ कंपाने वाली सर्दी के मौसम में किसी भी तरह की घुसपैठ और अवांछनीय गतिविधियों को रोकने के उद्देश्य से सीमा सुरक्षा बल की ओर से गणतंत्र दिवस से ठीक पहले ऑपरेशन सर्द हवा अभियान चलाया जाता है। सीसुब के अधिकारी सीमा चौकियों पर पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के साथ सीमा चौकियों में रात्रि विश्राम करेंगे। ऑपरेशन अवधि में सीसुब की तरफ से अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पैदल जवानों और वाहनों के साथ ऊंटों पर सवार होकर गश्त बढ़ाई जाएगी।

अभियान के दौरान सुरक्षा प्रहरियों को विशेष सतर्कता बरतने और हर सूचना से उच्चाधिकारियों को अवगत करवाने के दिशा-निर्देश दिए जाते हैं। सीसुब के सेक्टर और बटालियन मुख्यालय से रिजर्व जाब्ते और कार्यरत अधिकारियों, साजो-सामान को बाड़मेर सीमा पर भेजा जाता है। बटालियन और सेक्टर मुख्यालयों पर नियुक्त सीमा सुरक्षा बल के जवानों को तारबंदी की निगरानी के लिए भेजा जाता है। सीमा क्षेत्र में किसी भी तरह के अंतराल को भरा जाता है।

सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को कई चरणों में विभक्त कर उसे और ठोस बनाने पर जोर दिया जाता है। साथ ही ऑपरेशन के दौरान सीमा पर आधुनिक हथियारों और तकनीकी उपकरणों का इस्तेमाल कर सीमा सुरक्षा प्रणाली को नए दौर की चुनौतियों से निपटने में जवानों व अधिकारियों को भी निपुण बनाने की कोशिश की जाती है।

- सीमा चौकियों में दिन-रात रहकर चौकसी पर रखेंगे नजर

# संक्षिप्त खबरें

## पुरुषोत्तम ने विवि का बढ़ाया सम्मान : डॉ अजीत कुमार सिन्हा



**रांची।** रांची विवि के वाणिज्य विभाग के एन एस एस का टीम लीडर पुरुषोत्तम कुमार का चयन नई दिल्ली के कर्तव्य पथ (राजपथ) गणतंत्र दिवस परेड कार्यक्रम में बतौर विशेष अतिथि के रूप में चयन हुआ है जो 26 जनवरी को तिरंगे को सलामी देंगे। उक्त समारोह में पूरे देश से एन एस एस के 200 स्वयंसेवकों का चयन गणतंत्र दिवस परेड कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में किया गया है। इसके इस उपलब्धि पर कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि इसने पूरे विवि का सम्मान बढ़ाया है एवं कर्तव्य पथ पर तिरंगे की सलामी लेना गर्व की बात है।उन्होंने उसे बधाई एवं शूभकामाएं देते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की। पुरुषोत्तम कुमार के साथ उनकी माता आशा देवी को भी आमंत्रित किया गया है। वही विवि वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अमर कुमार चौधरी एवं एन एस एस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने कहा कि गणतंत्र दिवस परेड में विशेष अतिथि के रूप में शामिल होना बहुत गर्व की बात है क्योंकि इस कार्यक्रम में अलग-अलग देश से नागरिक अतिथि के रूप में शामिल होंगे। यह बहुत बड़ी उपलब्धि है, इस कार्यक्रम से अनेकों एनएसएस स्वयंसेवकों को प्रेरणा मिलेगी।

## सीआईडी पर भरोसा नहीं, सीबीआई जांच की मांग को ले कोर्ट जाएंगे 1200 अभ्यर्थी



**रांची।** जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा से संबंधित प्रश्न पत्र लीक मामले की सीबीआइ से जांच कराने की मांग को लेकर इसके अभ्यर्थी अब हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। उन्हें झारखंड पुलिस की एसआइटी के माध्यम से चल रही जांच पर भरोसा नहीं हो पा रहा है। उनका कहना है कि सीआइडी में दर्ज उक्त केस की एसआइटी भले ही जांच कर रही है, लेकिन उन्हें जांच पर भरोसा नहीं हो पा रहा है कि उन्हें इंसाफ मिलेगा ही।

इस मामले में करीब 1200 अभ्यर्थी सीबीआइ से जांच कराने के पक्ष में हैं। अभ्यर्थियों ने सीआइडी को दिए थे आठ साक्ष्य अभ्यर्थियों ने सीआइडी को आठ अलग-अलग साक्ष्य उपलब्ध कराए थे, जिनमें पांच मोबाइल फोन शामिल है। इन्हीं मोबाइलों से अलग-अलग केंद्रों पर वैसे अभ्यर्थियों की परीक्षा के पहले वीडियो व फोटो बनाई गई थी, जिन्हें पहले ही उत्तर मिल गया था और वे अपने कागज पर उसे उतार रहे थे। वाट्सएप व टेलीग्राम पर मिले उत्तर भी अभ्यर्थियों ने एसआइटी को उपलब्ध कराया है।

खुद डीजीपी कर रहे जांच की निगरानी : रांची के रातू थाने में दर्ज केस को टेकओवर करते हुए सीआइडी ने केस दर्ज किया था और इसकी जांच के लिए एसआइटी गठित की थी। एसआइटी की जांच की निगरानी स्वयं डीजीपी अनुराग गुप्ता कर रहे हैं। अबतक करीब दर्जनभर अभ्यर्थियों व साक्ष्य देने वालों से सीआइडी पूछताछ कर चुकी है। पिछले साल 21 व 22 सितंबर को आयोजित झारखंड जेनरल ग्रेजुएट लेवल कंबाइंड कंपटीटिव एग्जामिनेशन 2023 में 6.40 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन दिया था।

## मोदी डीह उरंगढा नदी तट पर लिफ्ट सिंचाई योजना का हुआ शिलान्यास

**रांची।** मोदीडीह में सोमवार को हिंडाल्को इंडस्ट्रीज मुरी सीएसआर विभाग के सौजन्य से मोदीडीह गांव में लिफ्ट सिंचाई योजना का शिलान्यास उरंगढा नदी तट यूनिट हेड संदीप पाटिल द्वारा किया गया। इस मौके पर श्री पाटिल ने कहा कि गांव वाले कंपनी के साथ मिलकर फर्स्ट टाइम प्रोजेक्ट के लिए अच्छा प्रयास किया है। हम चाहते हैं कि गांव वाले इसका समुचित उपयोग करें ताकि और भी प्रोजेक्ट के लिए कंपनी सहयोग कर सके। वहीं एच आर हेड अरूण राय ने कहा कि जीवन यापन का सबसे बड़ा साधन कृषि है। ईमानदारी से सब लोग काम करे तो हर घर में नौकरी है, हम आपके साथ काम करेंगे,हर तरह से सक्षम बनाएंगे। लिफ्ट सिंचाई योजना शिलान्यास से मोदीडीह, कॉटाडीह, कालुवाडीह के सैकड़ों किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। इस मौके पर कृषि पदाधिकारी, मुखिया लालू राम ,आई टी हेड अतुल श्रीवास्तव,अभिषेक प्रताप सिंह,भरत सिंह, दिलीप मिंज,राज किशोर महतो, शंकर महतो, गोकुल महतो,कृषक मित्र रमजान मोमिन सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## अबुवा बजट में अल्पसंख्यकों के आर्थिक विकास की योजनाए शामिल हो : एस अली

**रांची।** अबुवा बजट को लेकर आमया संगठन के द्वारा अंजुमन प्लाजा रांची में बैठक कि गई जिसमें अल्पसंख्यकों के शैक्षणिक, आर्थिक, सामाजिक, एवं मूलभूत सुविधाओं से जुड़े योजनाओं को लेकर परिचर्चा किया गया। इस मौके पर आमया संगठन के केन्द्रीय अध्यक्ष एस अली ने मुख्यमंत्री और विभागीय मंत्रियों के नाम प्रस्ताव पत्र जारी किया। जिसमें अल्पसंख्यक प्रभाग के बजट में बढ़ोतरी कर 500 करोड़ करने, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना में अल्पसंख्यक युवकों का बजट 200 करोड़ करने, अल्पसंख्यक प्री मैट्रिक स्कॉलरशिप योजना शुरू करने, जिला स्तर पर +2 अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय खोलने, अल्पसंख्यक विधालय एवं मदरसा में स्मार्ट क्लास रूम योजना करने, राजधानी में अल्पसंख्यक महिला छात्रावास का निर्माण कराने, अल्पसंख्यक युवक-युवती के रोजगारोन्मुखी स्किल्ड ट्रेनिंग योजना करने, अल्पसंख्यक बहुल प्रखंडों में लाइब्रेरी का निर्माण करने अल्पसंख्यक लड़कियों के लिए शादी सहायता योजना शुरू करने उच्च एवं तकनीक शिक्षा विभाग बिहार के मौलाना मजहरुल हक अरबी फारसी युनिवर्सिटी के तर्ज पर झारखंड में मौलाना आजाद अरबी फारसी युनिवर्सिटी खोलने, एमएसडीपी योजना के तहत निर्मित आईटीआई,पोलीटेकनिक व अन्य तकनीकि संस्थान में अल्पसंख्यक छात्रों के लिए पढ़ाई शुरू करवाने। आदि योजनाओं को शामिल करने की मांग कि गई।

# रांची उपायुक्त ने गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर दिए दिशा-निर्देश



संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सोमवार को समाहरणालय में गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर बैठक की। इस दौरान उन्होंने मोरहाबादी मैदान में विभागीय झांकी प्रदर्शित किए जाने से संबंधित तमाम तैयारियों की विस्तृत जानकारी लेते हुए कई दिशा-निर्देश दिए। गणतंत्र दिवस पर मोरहाबादी मैदान में आयोजित राजकीय समारोह में राज्य सरकार के 11 विभाग महत्वपूर्ण योजनाओं पर आधारित और उत्कृष्ट कला, संस्कृति, परम्परा एवं धरोहर को प्रदर्शित करने वाली झांकियों का प्रदर्शन करेंगे। इनमें वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, परिवहन विभाग और महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग शामिल हैं। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## रांची जिले में कक्षा आठवीं की प्री-बोर्ड परीक्षा शुरू



संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सोमवार को कक्षा आठवीं की प्री-बोर्ड परीक्षा के प्रश्न पत्र को ऑनलाइन संबंधित ग्रुपों में भेजकर परीक्षा की औपचारिक शुरूआत की।

इसके साथ रांची जिले के सभी सरकारी एवं सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक विद्यालयों में कक्षा आठवीं की प्री-बोर्ड परीक्षा आरंभ हो गई है।

रांची जिला पूरे राज्य में जैक द्वारा आयोजित कक्षा आठवीं बोर्ड के लिए प्री-बोर्ड आयोजित करने वाला एकमात्र जिला बना है। प्री-बोर्ड की परीक्षा 20, 21 एवं 22 जनवरी को तीन दिनों तक होगी।

इसमें रांची जिले से कुल 22 हजार छात्र सम्मिलित होंगे। परीक्षा जैक बोर्ड के तर्ज पर ही ओएमआर शीट पर ली जाएगी। इससे छात्रों को वास्तविक परीक्षा का अनुभव प्राप्त होगा।

जैक द्वारा आठवीं बोर्ड की परीक्षा 29 जनवरी को ली जाएगी। इस मौके पर उपायुक्त ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप पूरी निष्ठा और लगन के साथ पढ़ाई करें।

## पद्मश्री बलबीर दत्त पत्रकारिता में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित



संवाददाता

**रांची।** द टाइम्स ऑफ इंडिया ने झारखंड में 'टाइम्स बिजनेस अवाड्र्स 2025' के पहले संस्करण के तहत वरिष्ठ पत्रकार और पद्मश्री बलबीर दत्त को पत्रकारिता में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया है।

द टाइम्स ऑफ इंडिया ने 17 जनवरी को झारखंड की राजधानी रांची के होटल रेडिशन ब्लू में 'टाइम्स बिजनेस अवाड्र्स 2025' के पहले संस्करण का आयोजन किया। समारोह में सेलिब्रिटी अतिथि बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद के हाथों बलबीर दत्त को यह सम्मान मिला। झारखंड की पत्रकारिता में दत्त की पहचान भीष्म पितामह के रूप में है। बलबीर दत्त राज्य के पहले पत्रकार हैं, जिन्हें पद्मश्री सम्मान से नवाजा गया है। वे हिंदी दैनिक देश प्राण के संस्थापक और अध्यक्ष हैं। वे कई पुस्तकों के लेखक भी हैं। दत्त पिछले 62 वर्षों से सक्रिय पत्रकारिता में हैं। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह में उन व्यवसायिक नेताओं, उद्यमियों और संगठनों को भी सम्मानित किया गया।

## प्रदेश भाजपा ने संविधान गौरव अभियान के तहत जिलों में की गोष्ठियां

संवाददाता

**रांची।** प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के संविधान गौरव अभियान के तहत सोमवार को दुमका में केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल, हजारीबाग में केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, लातेहार में विधायक नवीन जायसवाल, रामगढ़ में पूर्व विधायक अनंत ओझा और जामताड़ा में पूर्व विधायक नारायण दास ने गोष्ठी को संबोधित किया।

अभियान के सह संयोजक राकेश भास्कर के मुताबिक, 21 जनवरी को धनबाद ग्रामीण जिला के निरसा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी और लोहरदगा में पूर्व विधायक किशुन दास और अमरदीप यादव संबोधित करेंगे। 22 जनवरी को रांची ग्रामीण जिला की गोष्ठी नामकुम में होगी। इसमें प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद मुख्य वक्ता होंगे जबकि गुमला जिले की गोष्ठी को पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, सिमडेगा में नीलकंठ सिंह मुंडा, चतरा में डॉ नीरा यादव और पूर्वी सिंहभूम घाटशिला में शशांक राज मुख्य वक्ता होंगे। इसी तरह 23 जनवरी को देवघर जिला की गोष्ठी को प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी संबोधित करेंगे जबकि केंद्रीय मंत्री कमलेश पासवान धनबाद महानगर जिले की गोष्ठी को झरिया में, पलामू में विधायक सीपी सिंह, सरायकेला खरसावां में मनोज कुमार सिंह संबोधित करेंगे। 24 जनवरी को केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी बोकारो में, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा और राष्ट्रीय प्रवक्ता गुरुप्रकाश पासवान रांची महानगर, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास चाईबासा, खूंटी में समीर उरांव, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय जमशेदपुर, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभयकांत प्रसाद गोड्डा में, पूर्व विधायक बिरची नारायण साहेबगंज में, विधायक राज सिन्हा पाकुड़ में कोडरमा में विधायक डॉ मंजू कुमारी गोष्ठी को संबोधित करेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश भाजपा 15 से 25 जनवरी तक संविधान गौरव अभियान चला रही है। इसके तहत 19 से 24 जनवरी तक विभिन्न जिलों में गोष्ठियां आयोजित हैं, जिसे केंद्रीय मंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्रदेश के अन्य नेता संबोधित कर रहे हैं।

## झारखंड के सभी जिलों में स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जाए : मंत्री चमरा लिंडा



संवाददाता

**रांची।** झारखंड के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत राज्य के सभी जिलों में स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जाए। इसके लिए वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए। इस योजना के तहत प्राप्त आवेदनों का ससमय निष्पादन किया जाए। साथ ही नए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का संचालन जल्द प्रारंभ कराया जाए।

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चमरा लिंडा सोमवार को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना तथा एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, आश्रम विद्यालय, अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय, अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय तथा पिछड़ी जाति आवासीय विद्यालय समेत सारे आवासीय विद्यालयों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

बैठक में चमरा लिंडा ने विगत वर्षों में वितरित किए गए स्वरोजगार ऋण से संबंधित कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने चालू वित्तीय वर्ष में इसमें तेज गति से लाभुकों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने योजना से लाभान्वित लाभुकों की सफलता की कहानी से प्रेरणा लेते हुए अन्य जरूरतमंदों को भी इस योजना से जोड़ने का निर्देश दिया। साथ ही जिला द्वारा वितरित ऋण के विरुद्ध ससमय ऋण का वितरण किया जा रहा है या नहीं, इससे संबंधित प्रतिवेदन एक सप्ताह के अंदर समर्पित करने का निर्देश दिया। मंत्री ने सभी जिला कल्याण पदाधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत ऋण वितरण और ऋण वसूली से संबंधित प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया।

## 'ठुकरा के मेरा प्यार' सीरीज के निर्माता ने रांची में दर्शकों से साझा की इनसाइड स्टोरी



संवाददाता

**रांची।** डिज्नी हॉट स्टार पर 'ठुकरा के मेरा प्यार' अब तक की सबसे ज्यादा सब्सक्राइब की जाने वाली विशेष सीरीज बन गई है। सीरीज की सफलता का जश्न मनाने के लिए सोमवार को रांची पहुंचे निर्माता सचिन पांडे और अभिनेत्री संचिता बाशु ने दर्शकों को शो से जुड़ने और पसंद करने के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही सीरीज को सफलता की नई ऊंचाइयों तक ले जानी की बात भी कही। दोनों ने शो के प्रशंसकों से बातचीत की। सीरीज और इसकी यात्रा के बारे में शो से जुड़े किस्सों से साथ इनसाइड कहानी साझा की। उन्होंने कहा कि यह शो कैसे एक सांस्कृतिक घटना बन गया। इस दौरान दोनों ने शो को मिले अपार प्यार और समर्थन के लिए दिल से धन्यवाद दिया। उन्होंने मीडियाकर्मियों से चर्चा करते हुए शो की सफलता से मिली खुशी साझा की। शो से जुड़े अनुभव शेयर करते हुए अभिनेत्री संचिता बाशु ने कहा कि रांची में रहना एक यादगार अनुभव रहा है। यहां जो प्यार और उत्साह मिला है, वह हमेशा मुझे याद रहेगा है। 'ठुकरा के मेरा प्यार' के ट्रेलर के माध्यम से दर्शकों को उसकी भावनात्मक ऊंचाइयों को फिर से जीते हुए देखना बहुत खास था। शान्विका की यात्रा मेरे दिल के बहुत करीब है। अब दर्शकों के साथ किरदार का जुड़ना बहुत ही संतुष्टि देने वाला है। निर्माता और क्रिएटर सचिन पांडे ने कहा कि ठुकरा के मेरा प्यार की सफलता इस बात को साफ दिखा रही है कि शो जीवंत या कहे लाइव कहानी ने दर्शकों के दिलों को छू लिया है। ये एक ऐसी कहानी है, जो भारतीयों के दिलों से निकली और दुनियाभर की ऑडियंस के दिलों तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि रांची ने दिल खोलकर हमारा स्वागत किया है। यहां के प्रशंसकों और मीडिया से मिलने का अनुभव संतुष्टि देने वाला रहा। इस शहर से मिला प्यार हमें और बेहतर करने के लिए प्रेरित कर रहा है। मैं दर्शकों को बताना चाहता हूं कि 'ठुकरा के मेरा प्यार' केवल डिज्नी+ हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रहा है।

## आदर्श विद्यालयों में भी नये शैक्षणिक सत्र से शुरू होगी पढ़ाई

संवाददाता

**रांची।** झारखंड में और विद्यालयों को उत्कृष्ट विद्यालय में अपग्रेड किया जाएगा। वर्तमान में 80 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय संचालित हैं। इसकी संख्या बढ़ायी जायेगी। इसके अलावा 325 प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालय में भी आगामी शैक्षणिक सत्र से पढ़ाई शुरू की जायेगी। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2025 ?26 के बजट में राशि का प्रावधान किया जा सकता है।

**बंगाल के तर्ज पर होगी जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं की पढ़ाई**

आगामी बजट में शिक्षाा विभाग की प्राथमिकता को लेकर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के साथ शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन व शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक हुई। शिक्षा मंत्री ने कहा कि राज्य की प्राथमिक कक्षा से लेकर जनजातीय व क्षेत्रीय भाषा की पढ़ाई शुरू की जायेगी। इसके लिए आवश्यक राशि का प्रावधान बजट में करने की मांग शिक्षा विभाग की ओर से की गयी है। राज्य में बंगाल के तर्ज पर जनजातीय व क्षेत्रीय भाषा की पढ़ाई शुरू की जायेगी

**26 हजार प्राथमिक शिक्षकों की चल रही है नियुक्ति प्रक्रिया**

इसके लिए कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी जल्द ही राज्य का दौरा कर इसकी रिपोर्ट शिक्षा मंत्री को देगी। राज्य में शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर भी बैठक में चर्चा की गयी। 26 हजार प्राथमिक शिक्षक की नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा नियुक्ति को लेकर इसकी प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। सुप्रीम कोर्ट में मामला विचाराधीन है।

# गौमाताओं के भरण-पोषण के लिए 1 करोड़ 25 लाख 75 हजार रूपए का चेक राज्य की गौशालाओं को किया वितरित



वरीय संवाददाता

**रांची।** झारखंड के निबंधित गौशालाओं को समृद्ध बनाने के दृष्टिकोण से उनके लंबित आधारभूत सरंचना मद एवं पोषित गौमाताओं के भरण-पोषण हेतु मद के अन्तर्गत कुल एक करोड पचीस लाख पचहत्तर हजार रूपए का चेक राज्य की गौशालाओं को वितरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने की। उपस्थित गौशालाओं के प्रतिनिधियों को संबोधित करते राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि उनका यह अनवरत प्रयास है कि झारखंड राज्य की गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाया जाए। इसी कडी में गौशालाओं को आधारभूत संरचना मद में कुल राशि 43,40,079 रूपए का चेक ( सदगुरू सदाफल देव आदर्श गौशाला, लातेहार की राशि कुल रूपए 20,78,286/- , तथा कलकता पिंजरापोल हजारीबाग को कुल रूपए 22,61,793/- का चेक ) का वितरण किया गया। जिससे गौशालाओं को सरकारी मदद देकर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक प्रयास किया जा सके। सभी गौशालाओं के प्रतिनिधियों से यह अनुरोध भी किया गया कि गौशालाओं को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में यदि कोई युक्तिसंगत प्रस्ताव हो यथा हाई मास्ट लाइट, गोबर गैस इकाई, गोबर एवं गोमूत्र आधारित उद्यम, देशी गोमाताओं के संरक्षण एवं संवर्द्धन हेतु, गो अभ्यारण्य इत्यादि तो झारखण्ड गो सेवा आयोग को उपलब्ध कराया जाए जिससे उसकी तकनीकी एवं वित्तीय मूल्यांकण सह समीक्षोपरान्त अनुदान की राशि दी जा सके।

**पूर्व की सरकार ने गौशालाओं की की अनदेखी, वर्तमान की सरकार उसे पूरा कर रही है : राजू**

देशी गो पशुओं की तस्करी के क्रम में प्रशासन द्वारा जब्त गोमाताओं के भरण-पोषण हेतु प्रावधानित राशि के अन्तर्गत कुल चार गोशालाओं को कुल रूपए 82,35,500/- (पारंपरिक गो विज्ञान अनुसंधान केंद्र, पलामू को 5,84,000 रूपए, बैद्यनाथ धाम गौशाला, देवघर को 16,97,250 रूपए, कोडरमा गौशाला को 24,27,250 रूपए तथा कलकता पिंजरापोल हजारीबाग को 35,27,000 रूपए का चेक) राशि का वितरण चेक के माध्यम से किया गया। अनुदान सह चेक वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष राजू गिरी ने कहा कि पूर्व की सरकार के नेक इरादों की बदौलत आज झारखंड तरक्की की राह पर अग्रसर है। पिछले एक दशक में पूर्व की सरकार ने झारखंड की गौशालाओं की जो अनदेखी की है उसे वर्तमान की सरकार पूरा कर रही है जिसका परिणाम है कि विगत एक वर्ष में तीन करोड़ से भी अधिक की मदद कर गौशालाओं को सशक्त बनाया गया है। उन्होनें सभी उपस्थित गौशालाओं के प्रतिनिधियों से गौमाता के सरंक्षण एवं संवर्द्धन हेतु उचित प्रस्ताव एवं कदम उठाने की अपील की।

## संक्षिप्त खबरें

### राकोमयू ढोरी एरिया कमेटी ने मनाई पूर्व सीएम बिंदेश्वरी दुबे की 32 वीं पुण्यतिथि



**बेरमो।** पांच नंबर धौडा स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के प्रधान कार्यालय में सोमवार को कांग्रेस ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री सह बेरमो के पूर्व विधायक स्व० बिंदेश्वरी दुबे की 32 वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। अध्यक्षता राकोमयू के सीसीएल ढोरी एरिया कार्यकारी अध्यक्ष बृजबिहारी पांडेय तथा संचालन क्षेत्रीय सचिव शिवनंदन चौहान ने किया। यहां उपस्थित लोगों ने स्व० बिंदेश्वरी दुबे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। श्री पांडेय ने कहा कि स्व० दुबे श्रमिकों के हमदर्द एवं सर्वमान्य नेता थे। कांग्रेस बेरमो के प्रखंड अध्यक्ष छेदी नोनिया ने कहा कि स्व० बिंदेश्वरी दुबे ने बेरमो को संवारने का जिम्मा पूर्व मंत्री स्व० राजेंद्र प्रसाद सिंह को सौंपा था। स्व० बिंदेश्वरी दुबे मजदूरों के सच्चे हितैषी थे। उनके बताये मार्ग पर चलने से ही मजदूरों का भला होगा। इस अवसर पर सैकड़ों जरूरतमंद महिलाओं के बीच कंबल एवं बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि उत्तम सिंह, परवेज अख्तर, संतोष सिंह, जयराम सिंह, महफूज आलम, राजेंद्र अग्रवाल, प्रदीप सिंह, राजेश्वर सिंह, राकेश कुमार, श्रीकांत मिश्रा, मंगल नोनिया, मुरारी सिंह, रविशंकर ठाकुर, मौजूद थे।

### गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसाईटी के टेक्निकल कैंपस में 7 दिवसीय लर्निंग कार्यक्रम की शुरुआत



**बोकारो।** गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसाईटी के टेक्निकल कैंपस में सोमवार को एआईसीटीई, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित सात दिवसीय 'अटल' ट्रेनिंग एंड लर्निंग कार्यक्रम का भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन उद्घाटन सत्र और दो तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति, झारखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी रांची, डॉ० डी.के. सिंह ने ऑनलाइन संदेश के माध्यम से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके बाद दीप प्रज्वलन से औफलाइन कार्यक्रम की शुरूआत हुई। कालेज निदेशक डॉ० प्रियदर्शी जरुहार ने अतिथियों का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में झारखंड के साथ-साथ बिहार, बंगाल, पंजाब और अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में प्रतिभागी शामिल हुए। यह कार्यक्रम बीसीए विभाग के तहत आयोजित किया गया और इसे विशेष रूप से प्रशिक्षित रिसोर्स पर्सन्स के द्वारा संचालित किया गया।

### बोकारो में दसवीं जिला अंतर विद्यालय रोप स्किपिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**बोकारो।** एआरएस पब्लिक स्कूल में बोकारो जिले की दसवीं अंतर विद्यालय रोप स्किपिंग प्रतियोगिता 2025 का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में जिले के 10 से अधिक विद्यालयों ने भाग लिया और विभिन्न वर्गों में अपनी ताकत दिखाई। दिल्ली पब्लिक स्कूल चास ने 31 स्वर्ण, 13 रजत, और 14 कांस्य पदक जीतकर ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। एआरएस पब्लिक स्कूल ने 16 स्वर्ण, 11 रजत, और 4 कांस्य पदकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि केंद्रीय विद्यालय चंद्रपुरा ने 3 स्वर्ण, 4 रजत, और 1 कांस्य पदक के साथ तीसरे स्थान पर कब्जा जमाया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि और झारखंड रोप स्किपिंग संघ के पदाधिकारियों ने पदक वितरित किए और प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया।

### एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल में 'फ्लेवर फ्यूजन फेस्टिवल' का भव्य आयोजन

**बोकारो।** एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल, सेक्टर-4 में 'फ्लेवर फ्यूजन फेस्टिवल' का शानदार आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने पाक कला में अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। प्रधानाध्यापक फादर डॉ. जोशी वर्गीस ने कहा कि स्कूल में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान भी प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और उन्हें हुनरमंद बनाने के प्रयासों की सराहना की। इस आयोजन में कौशल विषय के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजन तैयार किए, जिनमें आलू, कार्न, पालक, चावल और अन्य खाद्य पदार्थों का मिश्रण शामिल था। सर्वश्रेष्ठ पाक कला का प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में उप प्रधानाध्यापक राखी बनर्जी, शैक्षणिक निदेशक जार्ज जोसफ और अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### डीवीसी के एचओपी ने मार्केट सहित कम्युनिटी व वेल्फेयर सेंटर का औचक निरीक्षण कर दिये निर्देश

**बोकारो।** बोकारो थर्मल के एचओपी सुशील कुमार अरजरिया ने सोमवार को डीवीसी के सेंट्रल मार्केट, सब्जी मार्केट सहित अन्य स्थानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में एचओपी के साथ एचआर के वरीय प्रबंधक सुनील कुमार, सिविल के वरीय प्रबंधक सरफराज शेख, कल्याणी कुमारी, विद्युत के वरीय प्रबंधक सुरजीत सिंह, प्रबंधक राकेश कुमार, एचओपी के निजी सहायक सूरज तिवारी थे। औचक निरीक्षण के क्रम में एचओपी ने सेंट्रल मार्केट की दुकानों के आगे दुकानदारों द्वारा बरामदे को घेर कर अतिक्रमण कर दुकान का निर्माण कर लेने, दुकान के आगे बढ़ाकर सामग्री को रखने के कारण रास्तों का संक्रमण को लेकर नाराजगी जताई। सड़क किनारे के सब्जी दुकानों, फल मार्केट, फास्ट फूड मार्केट का भी निरीक्षण किया। एचओपी ने डीवीसी के खस्ताहाल कम्युनिटी सेंटर एवं वेल्फेयर सेंटर को भी खुलवा कर देखा। एचओपी ने सिविल के इंजीनियरों को खस्ताहाल कम्युनिटी सेंटर की मरम्मत एवं रंग रोगन कर उसे फिर से चालू करने को लेकर होने वाले खर्च का प्राक्कलन बनाने का निर्देश दिया। साथ ही वेल्फेयर सेंटर को भी दुरुस्त करने का भी निर्देश दिया। बाद में एचओपी डीवीसी के सब्जी मार्केट, बिरसा मुंडा सब्जी मार्केट का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश इंजीनियरों को दिए। एचओपी ने पूछे जाने पर कहा कि बिरसा मुंडा सब्जी मार्केट सहित दोनों सब्जी मार्केट में दुकानदारों के लिए शेड का निर्माण करवाकर उसे दुरुस्त कर बिजली की व्यवस्था कर सभी सब्जी दुकानों को सड़क किनारे से हटाकर पूर्व के स्थानों में शिफ्ट करवाया जाएगा।

### ट्विटर के जरिए भी नगर की समस्याओं का त्वरित समाधान कर रहा बोकारो इस्पात प्रबंधन

# बीएसएल के जनसंपर्क विभाग की अनूठी पहल, सोशल मीडिया के जरिए दूर की जा रहीं परेशानियां

संवाददाता

**बोकारो।** जमाना डिजिटल है। सूचना-तकनीक के इस दौर में डिजिटल क्रांति ने जीवन के हर क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाए हैं। होना भी चाहिए। तकनीक जब जन-सरोकार का माध्यम बन समस्याएं दूर करने का सहारा बने, तो ही इसी में उसकी वास्तविक सार्थकता है। बोकारो स्टील का जनसंपर्क विभाग कुछ इसी प्रकार डिजिटल माध्यमों के जरिए तकनीक की सार्थकता सिद्ध कर रहा है। एक के बाद एक डिजिटल प्रयासों की कड़ी में जनसंपर्क विभाग ने अब सोशल मीडिया के माध्यम से नगर तथा नगरवासियों की समस्याओं को दूर करने की जो अनूठी पहल की है, वह इन दिनों शहर में सराहनीय चर्चा का विषय बनी है। हो भी क्यों न, जब एक पोस्ट पर त्वरित संज्ञान लिया जाय और तदनुसार आगे की सकारात्मक कार्रवाई भी हो जाय, तो नगरवासियों के लिए इससे अच्छी सहूलियत वाली बात भला और क्या होगी? आज आईटी (इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी) का आज ऐसा कोई भी प्लेटफार्म नहीं, जहां बीएसएल की पहुंच नहीं। सोशल मीडिया की बात करें, तो फेसबुक, ट्विटर (अब एक्स), इंस्टाग्राम, यू-ट्यूब के बाद हाल ही में वाट्सएप चैनल के माध्यम से भी बोकारो स्टील की खबरें, उपलब्धियां और गतिविधियां हजारों-लाखों लोगों तक रोजाना पहुंच रही हैं। इस बीच सोशल मीडिया, खासकर एक्स के माध्यम से नगर की समस्याएं एवं जन-शिकायतों के समाधान की पहल अपने-आप में अनूठी है। जिस प्रकार भारतीय रेलवे में यात्रियों की समस्याएं होने पर ट्विटर के माध्यम से सही समय पर सही समाधान की उम्मीद रहती है, उसी राह पर बीएसएल के जनसंपर्क विभाग ने भी अपने कदम बढ़ाए हैं।







**डीआई के मार्गदर्शन में काम कर रही विशेष टीम**

बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेन्द्र कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में संचार प्रमुख मणिकांत धान के नेतृत्व वाली पीआर (पब्लिक रिलेशन्स) टीम तत्परता के साथ इस दिशा में कार्यरत है। खास बात यह है कि बीएसएल के जनसंपर्क विभाग ने वरीय प्रबंधक अभिनव शंकर की अगुवाई में सोशल मीडिया के लिए एक विशेष टीम बनाई गई है, जो जन-शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए बीएसएल के संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई के लिए तत्काल सूचित कर देती है। नगर सेवा विभाग भी पब्लिक प्लेटफॉर्म का मामला देख संजीदगी से उस समस्या के यथाशीघ्र समाधान की दिशा में ठोस कार्रवाई करता है।

**केस स्टडी – 1 : हादसे को आमंत्रित करती स्टैंडी हटाई गई**

नगर के सेक्टर-3 और सेक्टर- 4 को जोड़ने वाले इंदिरा गांधी पथ स्थित हैप्पी स्ट्रीट रोड पर कुछ दिन पहले हाफ मैराथन की एक स्टैंडी (फ्रेम सहित लंबवत फ्लेक्स) हवा में कारण सड़क पर गिर गई थी। सड़क के दाहिनी ओर काफी दूरी तक आगे लटक जाने के कारण हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी। इसे एक जागरूक नगरवासी ने एक्स पर बीएसएल को टैग करते हुए पोस्ट किया। कुछ घंटे बाद ही इसे संज्ञान में लिया गया और अगले ही दिन सड़क पर नीचे लटकती स्टैंडी को सीधा करवा दिया गया। फलस्वरूप सड़क हादसों का खतरा टल गया और शहर की खूबसूरती बढ़ाती हैप्पी स्ट्रीट की स्टैंडी भी टूटने-फटने से बच गई।

**केस स्टडी – 2 : 4 महीने से क्वार्टरों पर लटके थे बांस, 36 घंटे में हट गए**

सेक्टर- 9डी में स्ट्रीट- 38 स्थित आवास संख्या 1633-1648 के ब्लॉक में बिल्डिंग पर चार महीने से बांस लटके पड़े थे। अक्टूबर 2024 महीने में अनुरक्षण का जिम्मा जिस ठेकेदार को मिला था, उसका ठेका खत्म हो गया, तो उसने काम को बीच में ही छोड़ दिया और बांसों के जाल को बिल्डिंग पर यूं ही लटकता छोड़ दिया। नतीजा यह हुआ कि इस भीषण शीतलहर में भी दो-तीन परिवारों के घर की खिड़कियां बांस बंधे होने के कारण बंद नहीं हो पा रही थी। घर के बुजुर्ग और बच्चे बीमार भी पड़ गए। इस बीच मामले से जैसे ही जनसंपर्क विभाग को एक्स पोस्ट के जरिए एक नगरवासी ने अवगत कराया, त्वरित कार्रवाई की गई। सबसे पहले संज्ञान लेकर संबंधित विभाग को मामला अग्रसारित किया गया और अगले ही दिन यानी शिकायत के 36 घंटे के भीतर क्वार्टरों पर लटकते बांसों को हटा दिया गया।

**इंस्टाग्राम पर भी कर सकते हैं टैग**

सेल बीएसएल ट्विटर (एक्स) के साथ-साथ इंस्टाग्राम पर भी जनशिकायतों को अब संज्ञान ले रहा है। एक महिला सोशल मीडिया यूजर ने इंस्टाग्राम पर भी टैग करने की अनुमति मांगी, जिसे स्वीकृत कर दिया गया। यानी एक्स के साथ-साथ अब इंस्टाग्राम पर भी बीएसएल को टैग करते हुए मामले को रखा जा सकता है।

**पहली महिला एआई न्यूज एंकर को मिल चुकी है सराहना**

बीएसएल की पीआर टीम तकनीकी मामले में काफी दक्ष साबित हो रही है। गत वर्ष ही जनसंपर्क अधिकारी अभिनव शंकर ने ह्यसेलह्न (स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लि.) में पहली बार एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित महिला न्यूज एंकर प्रगति को लांच किया। इस नवोन्मेषता के लिए पीआर टीम को सेल चेयरमैन अमरेंदु प्रकाश ने स्वयं शाबाशी दी। प्रगति नामक एआई न्यूज एंकर हर दिन बीएसएल की खबरें पढ़ती है और संबंधित वीडियो के साथ उसे यू-ट्यूब एवं अन्य सोशल मीडिया मंचों पर प्रसारित किया जाता है। कुल मिलाकर, बीएसएल का अभिनव प्रयास रंग दिखा रहा है।

### विधायक श्वेता सिंह की प्राथमिकताएं

## विकास के रुके मुद्दों पर पूरी तरह से सक्रिय

डीके वत्स



**बोकारो।** बोकारो की नवनिर्वाचित विधायक श्वेता सिंह अपनी जीत के बाद से ही बोकारो के विकास को लेकर पूरी तरह से सक्रिय नजर आ रही हैं। उनके लिए यह चुनाव केवल एक राजनीतिक सफलता नहीं, बल्कि बोकारो के लोगों के लिए एक बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने का अवसर है। वह अपने दिवंगत ससुर, बोकारो के पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री स्वर्गीय समरेश सिंह के अधूरे सपनों को साकार करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। उन्होंने बोकारो में विकास के रुके हुए मुद्दों पर आवाज उठाते हुए कई बड़े विकास कार्यों की प्राथमिकता तय की है। श्रीमती सिंह ने बोकारो के पांच प्रमुख मुद्दों को अपनी प्राथमिकता सूची में रखा है। इनमें बोकारो हवाई अड्डा को जल्द शुरू करना, बोकारो के विस्थापित गांवों में पंचायती राज व्यवस्था लागू करना, पिंड्राजोरा को प्रखंड बनाना, बियाडा के विकास के लिए इंडस्ट्रियल पार्क का निर्माण और चास नगर निगम के सभी पैंतीस वार्ड में अंडरग्राउंड नाली प्रणाली का निर्माण शामिल हैं। इन मुद्दों पर उन्होंने मुख्यमंत्री से चर्चा की है और उन्हें उम्मीद है कि इन पर जल्द ही कार्रवाई होगी। श्रीमती सिंह ने कहा कि बोकारो में जो विकास होना चाहिए था, वह अब तक अधूरा पड़ा है। बोकारो की औद्योगिक पहचान और बीएसएल के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध होने के बावजूद, आज तक बोकारो में पीने का पानी तक उपलब्ध नहीं है, जो कि एक बड़ी चिंता का विषय है उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा कि बोकारो को एक विकसित नगर के रूप में लाने के लिए कई अहम कदम उठाए जाएंगे।बोकारो हवाई अड्डा को लेकर उन्होंने कहा कि यह मुद्दा पिछले कुछ समय से लटका हुआ है, लेकिन अब तकनीकी खामियों को दूर करने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है और बोकारो से हवाई सेवा जल्द ही शुरू हो जाएगी।

### चास अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार व जालसाजी का मामला

**बोकारो।** बोकारो के चास अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार और जालसाजी की गतिविधियाँ बढ़ गई हैं। जमीन माफिया, अंचल के हल्का कर्मचारी और बिचौलियों के साथ मिलकर जमाबंदी के नाम पर अनियमितताएँ की जा रही हैं, लेकिन अंचल अधिकारी के संज्ञान में आने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। नगर विकास समिति के अध्यक्ष अभय कुमार मुन्ना ने इस मामले को उजागर करते हुए कहा कि चास अंचल के हल्का 3 में जमाबंदी संख्या 2410/2013-14 नंदलाल नायक और नाबालक तुलसी शर्मा के नाम पर दर्ज की गई है।

### बोकारो विधायक ने की मां तारा की पूजा-अर्चना



**बोकारो।** बोकारो की विधायक श्रीमती श्वेता सिंह ने लोक कल्याण की कामना के साथ तारापीठ में दस महाविद्याओं में एक मां तारा की पूजा-अर्चना की। इस दौरान उनके दर्जनों शुभचिंतक व समर्थक भी मौजूद थे। श्रीमती सिंह ने मां तारा से बोकारो की समृद्धि व खुशहाली का आशीर्वाद मांगा। इस यात्रा में उनके साथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष उमेश गुप्ता, मनीष सिंह, पवन झा, दिव्यांशु सिंह, लाल मोहन शर्मा, कृष्णा तिवारी, कांग्रेस के चास मुफस्सिल मंडल अध्यक्ष मिथिलेश शर्मा, महावीर सिंह चौधरी, विश्वजीत सिंह, पंकज चौधरी, जगरनाथ, खुशहाल बोकारो के संस्थापक व बीएसएल के सेवानिवृत्त अभियंता अमरेन्द्र कुमार झा आदि शामिल थे।

### कांग्रेस के ओबीसी विभाग के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बने राकेश महतो



**बोकारो।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी, ओबीसी प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय सिंह यादव ने बोकारो के वरिष्ठ कांग्रेस नेता कुशवाहा राकेश महतो को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी, ओबीसी प्रकोष्ठ का कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया है। इसके साथ ही कैप्टन यादव ने कुशवाहा राकेश महतो से पार्टी की सीपीसी श्रीमती सोनिया गांधी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में आस्था रखते हुए झारखंड प्रदेश में कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान करने में अपना भरपूर सहयोग देने की उम्मीद जताई है। श्री महतो के इस पद पर मनोनयन से कांग्रेस के विभिन्न नेताओं व कार्यकताओं ने उन्हें बधाई दी है।

### मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन

संवाददाता



**बोकारो।** अग्रणी इस्पात निमार्ता वेदांता ईएसएल ने अपनी स्वास्थ्य सेवा पहल, प्रोजेक्ट आरोग्य के तहत चंदाहा बरगद टोला में एक मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया। यह कैंप एमजेएम अस्पताल और सिटीजन फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया गया था। इसमें सुचारू सेवा वितरण के लिए पांच समर्पित डेस्क लगाए गए थे। इस अवसर पर ईएसएल के सीएसआर प्रमुख कुणाल दरिपा ने कहा कि वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने में विश्वास रखता है। संगठन द्वारा ऐसा करने के तरीकों में से एक समुदाय के स्वास्थ्य और कल्याण के मुद्दों को हल करने का प्रयास करना है, समुदाय के कल्याण को बेहतर बनाने के लिए मुफ्त स्वास्थ्य जांच की पेशकश करना है। इस निःशुल्क शिविर का उद्देश्य संयंत्र में और उसके आस-पास रहने वाले समाज के वंचित वर्गों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है और यह विभिन्न बीमारियों और इन बीमारियों के उपचार के बारे में जागरूकता पैदा करने में एक लंबा रास्ता तय करता है।

### सांसद ने डीवीसी के परियोजना प्रधान के साथ की मुद्दों पर वार्ता



**चंद्रपुरा।** गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने सोमवार को यहां डीवीसी के निदेशक भवन में वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान से कई मुद्दों पर वार्ता की। इस अवसर पर वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान विजया नंद शर्मा, वरिष्ठ महाप्रबंधक (मानव संसाधन) डी सी पांडेय, वरिष्ठ महाप्रबंधक (परिचालन एवं अनुरक्षण) अविजीत घोष आदि ने सांसद का स्वागत किया। सांसद श्री चौधरी ने परियोजना प्रधान के समक्ष कई मुद्दों पर वार्ता की और आश्वासन दिया कि किसी भी समस्या का समाधान के लिए वे डीवीसी प्रबंधन का सहयोग करेंगे। उन्होंने स्थानीय लोगों से यहां प्लांट के संचालन आदि कार्यों में प्रबंधन का सहयोग करने की अपील की, ताकि इस क्षेत्र के विकास कार्य की गति तेज हो सके वार्ता में सांसद प्रतिनिधि बिगन महतो, अरविंद पांडेय सहित कई मुखिया और स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल थे।

### जेईई मेन का पहला सेशन कल से, बोकारो में दो केंद्रों पर 2069 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा



**बोकारो।** इंजीनियरिंग संस्थानों में दाखिले के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित देश की सबसे प्रतिष्ठित संयुक्त प्रवेश परीक्षा मुख्य (जेईई मेन) का आयोजन इस वर्ष 22 जनवरी से 31 जनवरी तक किया जा रहा है। बोकारो जिले में इसके लिए दो परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें कुल 2069 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। पहला सेंटर चास में नवाडीह मूर्तिटांड़ स्थित आरआर टेक्नोलॉजी और दूसरा चिकसिया (चास) में डॉ. एस. राधाकृष्णन बीएड कॉलेज के समीप बोकारो एजुकेशन ट्रस्ट कैंपस स्थित अल्फा आईसीटी सेंटर को बनाया गया है। सोमवार को इस आशय की जानकारी देते हुए एनटीए के सिटी को-ऑर्डिनेटर एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने बताया कि परीक्षा के सफल आयोजन की तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा सुचारू तरीके से शांतिपूर्ण वातावरण में कदाचार-मुक्त संपन्न हो तथा परीक्षार्थियों को किसी भी तरह की कोई परेशानी न हो, इसकी हरसंभव व्यवस्था दोनों ही केंद्रों पर सुनिश्चित की गई है। अभ्यर्थियों को सभी आवश्यक गाइडलाइन के अनुपालन का निर्देश दिया गया है। डॉ. गंगवार ने बताया कि बोकारो में 22, 23 एवं 24 जनवरी को परीक्षाएं होंगी। आरआर टेक्नोलॉजी सेंटर पर पहले दिन 22 जनवरी को प्रथम पाली में 111 एवं द्वितीय पाली में 140, 23 जनवरी को फर्स्ट शिफ्ट में 123 व सेकेंड शिफ्ट में 139 तथा 24 जनवरी को पहली पाली में 141 तथा दूसरी पाली में 96 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इसी प्रकार, अल्फा आईसीटी सेंटर में पहले दिन 22 जनवरी को दोनों ही पालियों में 220-220, 23 जनवरी को प्रथम पाली में 219 एवं द्वितीय पाली में 220 तथा 24 जनवरी को दोनों ही पालियों में 220-220 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

## सीटू ने मजदूरों के बीस सूत्री मांगों को लेकर बीएंडके जीएम कार्यालय में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा

संवाददाता



**बेरमो।** एनसीओइएआई के क्षेत्रीय सचिव विजय कुमार भोई के नेतृत्व में सोमवार को संगठित व असंगठित मजदूरों सहित 22 सूत्री मांगों को लेकर सीसीएल बीएंडके महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर मजदूरों के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन को सौंपा। यहां यूनियन के नेताओं ने कार्मिक प्रबंधक पीएन सिंह को ज्ञापन सौंपा। कहा गया कि 15 दिनों के अंदर मांगों पर वार्ता नहीं हुई तो उत्पादन ठप कर दिया जाएगा। संबोधित करते हुए जिला कार्यकारी अध्यक्ष भागीरथ शर्मा ने कहा कि ठेका मजदूरों के साथ लगातार शोषण किया जा रहा है। मजदूरों को नियम के तहत वेतन भी नहीं दिया जा रहा है। कहा कि अब ठेका मजदूरों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। सीसीएल को आत्मनिर्भर बनाने को लेकर मजदूर दिन रात मेहनत कर रहे हैं। परंतु प्रबंधन को मजदूरों की सुविधाओं का कोई ख्याल नहीं है। कहा कि मजदूर कॉलोनी में पेयजल, स्वास्थ्य, स्वच्छता सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। मजदूर भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद किया जा रहा है। एटक के अफताब आलम ने कहा कि प्रबंधन आउटसोर्सिंग मजदूरों को हाई पावर कमेटी द्वारा निर्धारित वेतन देने का काम करे तथा आठ घंटे से ज्यादा काम लेने के बाद उन्हें ओवर टाइम पेमेंट किया जाय। कहा कि केंद्र सरकार चार लेबर कोड लागू करने जा रही है उसका जोरदार विरोध किया जायेगा। कहा कि उत्कल समाज को चार नंबर से हटाने के पहले उसे अन्यत्र बसाया जाए। कहा कि तरीके अपना कर सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को निजी हाथों में देकर स्थाई नौकरी को खत्म कर आउटसोर्सिंग करना चाह रही है। सरकार की मंशा को विफल करने के लिए मजदूर संगठन को एक होना होगा। रामचंद्र ठाकुर ने कहा कि एमडीओ को लागू कर सरकार कोयला खदानों को पूंजीपतियों के हवाले करना चाह रही है। कहा

## संक्षिप्त खबरें

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेरमो में प्रखंड स्तरीय लगा स्वास्थ्य मेला का आयोजन



**बेरमो।** जरीडीह पश्चिमी पंचायत स्थित स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को बेरमो प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला लगाया गया। बेरमो प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश कुमार, मुखिया देवंती देवी, समाजसेवी सह झामुमो नेता अनिल अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि उत्तम सिंह, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष छेदी नोनिया तथा पंसस शंभू सोनी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री कुमार ने कहा कि इस तरह के स्वास्थ्य मेला में ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने के साथ-साथ हर बीमारी का लगभग इलाज किया जाता है। ऐसे शिविर से ग्रामीणों को काफी लाभ मिलता है। मौके पर डॉ० मनीष कुमार, डॉ० कुमार मिलन डॉ० मनीष कुमार, डॉ० अभिषेक डॉ० रंजना सहित और स्वास्थ्य कर्मी के अलावा काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### बाल विकास परियोजना के तहत पोषण सखी व सेविकाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**गिद्धौर/ चतरा।** गिद्धौर प्रखंड के कार्यालय सभागार में सोमवार को बाल विकास परियोजना के तत्वाधान में पोषण सखी और सेविकाओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी कार्यकताओं और पोषण सखियों को कुपोषण से निपटने के लिए प्रशिक्षित करना था। प्रशिक्षण के दौरान पर्यवेक्षिका मंजू कुमारी और शंभू कुमार ने कुपोषित बच्चों की पहचान करने और उन्हें उचित उपचार देने के विभिन्न उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने पोषण ट्रैकर के उपयोग और समर अभियान में बच्चों को सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया के बारे में भी बताया। इसके अतिरिक्त, अति कुपोषित बच्चों को चतरा स्थित मेडिकल ट्रीटमेंट सेंटर में भर्ती कराने के संबंध में भी जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण में गिद्धौर प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों की पोषण सखी और सेविकाएं उपस्थित थीं। सभी प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण में भाग लेकर कुपोषण से लड़ाई में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। प्रशिक्षण के बाद, प्रत्येक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को कुपोषण पर नियंत्रण पाने के लिए विभिन्न रणनीतियों और योजनाओं का पालन करने का निर्देश दिया गया। इस पहल के जरिए बच्चों को बेहतर पोषण मिल सकेगा और क्षेत्र में कुपोषण की समस्या को प्रभावी तरीके से हल करने में मदद मिलेगी।

### वन विभाग की टीम ने डेढ़ एकड़ में लगी अफीम की फसल को नष्ट किया



**हंटरगंज/चतरा।** पुलिस और वन विभाग नशा के कारोबारियों के खिलाफ लगातार अभियान चला रहे हैं, ताकि समाज में फैल रहे नशे के प्रभाव को कम किया जा सके।

इसी क्रम में हंटरगंज वन विभाग की टीम ने हंटरगंज के चकला पंचायत अंतर्गत दुवारपाल गांव में जंगली से घिरी वन भूमि पर करीब 1.5 एकड़ में लगी अवैध पोस्ता की खेती को नष्ट किया। यह कार्रवाई वन क्षेत्र पदाधिकारी सूर्यभूषण कुमार के निर्देश पर की गई।प्रभारी वनपाल चंदन कुमार के नेतृत्व में वन विभाग कर्मियों और मजदूरों ने संयुक्त रूप से यह नष्टकरण अभियान चलाया। इस दौरान वन विभाग की टीम ने अफीम के पौधों को पूरी तरह उखाड़कर नष्ट कर दिया, ताकि इस अवैध नशे की खेती का कोई और असर न हो सके।प्रभारी वनपाल चंदन कुमार ने बताया कि अफीम से होने वाले स्वास्थ्य के नुकसान और कानूनी पेच को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया है। उनका कहना था कि इस जागरूकता अभियान का असर नजर आ रहा है, और पिछले वर्ष की तुलना में इस बार प्रखंड क्षेत्र में कुछ क्षेत्रों में अफीम की खेती कम हुई है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि यदि वे किसी के बहकावे में आकर अफीम की खेती कर चुके हैं, तो वे इसे खुद नष्ट कर दें, नहीं तो उन्हें कड़ी सजा का सामना करना पड़ेगा। इस अभियान में वनरक्षी मुकेश कुमार, सुरेश दास और दर्जनों मजदूरों ने भाग लिया और अफीम की फसल को नष्ट किया।

### करगली कल्याण मंडप में श्री कृष्ण चेतना परिषद बेरमो ने किया मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन

# हमलोग गरीबों, पिछड़ों और शोषितों के हक के लिए लड़ते रहेंगे : मंत्री संजय यादव

संवाददाता

**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के कल्याण मंडप करगली में सोमवार को श्री कृष्ण चेतना परिषद बेरमो द्वारा मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता भरत यादव व संचालन जवाहरलाल यादव ने किया। यहां परिषद के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के श्रम नियोजन, प्रशिक्षण, कौशल विकास एवं उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव और अतिथियों को अंगवस्त्र व गुलदस्ता भेंटकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के मंत्री श्री यादव, साधु शरण गोप, अवधेश यादव, मंटू यादव, जवाहरलाल यादव, भरत यादव, कमोद प्रसाद सहित आदि लोगों ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वक्ताओं ने कहा कि समाज को अपने पूर्वजों द्वारा शोषण व गरीबों के अधिकार के लिए संघर्ष करने, यादव समाज को संगठित रहने और दहेज प्रथा और शराब जैसी कुरीतियों को दूर करने की जरूरत है।



मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के श्रम नियोजन, प्रशिक्षण, कौशल विकास एवं उद्योग विभाग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि हमलोग सोनिया गांधी, शिबू सोरेन एवं हेमंत सोरेन सरकार के सिपाही हैं। किसी इडी सीडी से डरने वाले नहीं हैं। हमारे नेता लालू प्रसाद और न ही हेमंत सोरेन जेल से डरने वाले नहीं हैं तो हम क्या डरेंगे। हमारे आराध्य भगवान श्रीकृष्ण जेल में जन्मे और अत्याचार को समाप्त किए। हमलोग भी गरीबों, दलितों, पिछड़ों व आदिवासियों के अधिकार के लिए लड़ते रहेंगे। केंद्र सरकार हमें डराने का प्रयास नहीं करे। उन्होंने यादव समाज से बिहार में होने वाले चुनाव में और तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए सहयोग करने और इंडिया गठबंधन को मजबूत करने हेतु एकजुट रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमारी विचारधारा मंत्री रहे स्व० राजेंद्र प्रसाद सिंह से मिलती है। आज उनकी कमी खल रही है। उन्होंने पूर्व वक्ताओं द्वारा किए गए मांगों को पूरा करने की बात कही। साथ हीं कहा कि जब भी हमारी जरूरत होगी मैं आपके साथ रहूंगा। कहा कि ऐसा कोई विधानसभा नहीं है जहां पर हमारे समाज के 20 से 25 हजार लोग नहीं हैं।

इसके पश्चात झारखंड सरकार के श्रम नियोजन, प्रशिक्षण, कौशल विकास एवं उद्योग विभाग के प्रचार रथ को मंत्री श्री यादव ने हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके पूर्व परिषद से जुडे लोग मुख्य अतिथि मंत्री संजय प्रसाद यादव को बाजे-गाजे के साथ फुसरो स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक से स्वागत कर रैली के साथ लेकर कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे। यहां कार्यक्रम को साधु शरण गोप, मंटू यादव, ज्ञानेश्वर सिंह यादव, घनश्याम यादव, जलेश्वर यादव, कामोद प्रसाद यादव, ललन प्रसाद राय, आरजेडी के जिला अध्यक्ष बुधनारायण यादव, दिलीप यादव, सतेंद्र यादव, हरेराम यादव, रामचंद्र यादव, घनश्याम चौधरी आदि ने संबोधित किया। मौके पर झामुमो के वरिष्ठ नेता मदनमोहन अग्रवाल, अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, गोमिया प्रमुख प्रमिला देवी, अरुण यादव, बैजनाथ यादव, राजेंद्र यादव, बढ़न यादव, जितेंद्र नारायण यादव, कुंदन गुप्ता, रामप्रवेश यादव, पिंटु यादव, सीताराम यादव, भागीरथ यादव, शिवशंकर सिंह यादव, रामजीत यादव, मो. कलाम खान, रुपा देवी, कंचन देवी, गुडिया देवी, सुमित्रा देवी, लखीमनी देवी, गीता देवी, उषा देवी, बबीता देवी आदि मौजूद थे।

## शिक्षा विभाग की स्थिति और छात्रों का विरोध

संवाददाता

**चतरा।** पैनिकला पंचायत के पैनी गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के विद्यार्थियों ने शिक्षक के पदस्थापन की मांग को लेकर स्कूल परिसर में प्रदर्शन किया। छात्रों का कहना है कि उन्हें मिड डे मील की बजाय पहले शिक्षक की आवश्यकता है, ताकि उनकी पढ़ाई ठीक से हो सके। विद्यार्थी पूरी तरह से यह स्पष्ट कर चुके थे कि उनका मुख्य उद्देश्य शिक्षा प्राप्त करना है, न कि केवल भोजन। विद्यालय में पिछले चार वर्षों से केवल एक ही शिक्षक कार्यरत हैं, जबकि विद्यालय में कक्षा 1 से लेकर कक्षा 8 तक कुल 400 छात्र-छात्राएँ पंजीकृत हैं। इस स्थिति में बच्चों की पढ़ाई का स्तर बेहद गिर चुका है, और शिक्षक की कमी के कारण कई छात्र-



छात्राएँ बुनियादी पढ़ाई भी नहीं कर पा रहे हैं। प्रधानाध्यापक प्रेम कुमार ने बताया कि विद्यालय में एक शिक्षक के भरोसे ही कक्षा 1 से लेकर कक्षा 8 तक की पढ़ाई की जा रही है। इसके अतिरिक्त, विद्यालय में शिक्षक को कई अन्य कार्य जैसे मिड डे मील वितरण, छात्रों के लिए यूनिफॉर्म और पुस्तक वितरण, छात्रवृत्ति वितरण, परीक्षा ड्यूटी आदि भी करने होते हैं। इन जिम्मेदारियों के चलते शिक्षक के पास पढ़ाई पर पूरी तरह से ध्यान देने का समय नहीं होता।वहीं, विद्यालय के विद्यार्थियों ने यह भी विरोध किया कि जब तक उन्हें शिक्षकों की उचित संख्या नहीं मिल जाती, तब तक वे मिड डे मील स्वीकार नहीं करेंगे। इस विरोध के बाद, विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने विभागीय अधिकारियों से इस समस्या के समाधान की गुहार लगाई, लेकिन अभी तक इस मुद्दे पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।

## सरस्वती पूजा को लेकर नवयुवक विकास संघ ने की बैठक, पूजा को धूमधाम से मनाने का निर्णय

संवाददाता

**गिद्धौर/ चतरा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सार्वजनिक नवयुवक विकास संघ ने इस साल भी हर वर्ष की तरह मां सरस्वती की पूजा को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया है। इस संदर्भ में रविवार की देर शाम नवयुवक विकास संघ के सदस्यों ने एक बैठक आयोजित की। इस बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष कपिल कुमार ने की, जबकि सचिव मनोज कुमार कुशवाहा ने बैठक का संचालन किया। बैठक में संघ के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने सरस्वती पूजा के सफल आयोजन के लिए योजनाएं बनाई और विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्धारण



किया। बैठक में सरस्वती पूजा समिति के अध्यक्ष का चुनाव भी किया गया, जिसमें संतोष कुमार निराला को अध्यक्ष चुना गया। उन्होंने पूजा के आयोजन के संबंध में कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए और समिति के विस्तार करने की बात कही। बैठक में उपस्थित अन्य प्रमुख सदस्यां में निर्देशक जितेंद्र कुमार जीतू, पोखन राम, कमलेश कुमार, बबलू कुमार साव, सुनील कुमार राणा, अमीर दांगी, विनोद दांगी, मुकेश कुमार, शंकर कुमार, कार्तिक राणा, पप्पू कुमार, नीतीश कुमार, गेंदालाल कुमार और यदुनंदन पांडेय ने भी पूजा के आयोजन को सफल बनाने के लिए अपने विचार साझा किए। समिति ने यह भी तय किया कि वे जल्द ही पूजा स्थल पर साफ-सफाई की प्रक्रिया शुरू करेंगे और तैयारियों में तेजी लाएंगे।

### पुलिस और वन विभाग की पहल का ग्रामीणों पर पड़ा व्यापक असर

# दो एकड़ अफीम की फसल नष्ट की गई

संवाददाता

**हंटरगंज/चतरा।** पुलिस और वन विभाग के द्वारा लगातार चलाए जा रहे अफीम के खिलाफ जागरूकता और विनष्टीकरण अभियान का ग्रामीणों पर व्यापक असर पड़ रहा है। हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के करैलीबार पंचायत के कोल्हुआ गांव के ग्रामीणों ने कलेश्वर यादव के नेतृत्व में करीब 2 एकड़ में लगी अवैध अफीम की फसल को नष्ट कर दिया। इस कार्रवाई से यह साबित होता है कि नशे के खिलाफ ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ी है और अब वे अपनी भूमि पर इस तरह की अवैध गतिविधियों को रोकने में सक्रिय हो गए हैं।कलेश्वर यादव ने बताया कि अफीम एक मादक पदार्थ है, जो इंसानों के जीवन को धीरे-धीरे नष्ट कर देता है। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ अफीम



माफियाओं ने उन्हें बहकाकर अफीम की खेती करवायी थी, जिसे वे अब अपनी निगरानी में नष्ट करवा रहे हैं।

यादव ने कहा कि उनका नाम हमेशा से अफीम माफियाओं के साथ जोड़ा गया है, और उन्हें बदनाम करने की कोशिश की गई है। वे अफीम माफियाओं के झांसे में आकर खेती लगा बैठे थे, लेकिन अब वे इसे नष्ट करवा रहे हैं और प्रशासन से आश्वासन देते हैं कि उनके नाम पर आगे कभी अफीम की खेती नहीं होगी।ग्रामीणों ने इस कार्रवाई को न केवल एक जिम्मेदारी समझा, बल्कि इसका समर्थन भी किया। कलेश्वर यादव ने प्रशासन से अपील की कि अफीम माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई की जाए, जो इन जंगलों और गांवों को जहर से भर रहे हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह की खेती से न केवल जंगलों का नुकसान हो रहा है, बल्कि लोगों का भविष्य भी खतरे में है।प्रक्षेत्र वन पदाधिकारी सूर्यभूषण कुमार ने कहा कि अवैध पोस्ता की खेती करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि पोस्ते की खेती से अफीम तैयार होती है, जिसे भारी मुनाफे पर बेचा जाता है और यह बच्चों, युवाओं, और गर्भवती महिलाओं के लिए जानलेवा साबित हो सकता है।

सूर्यभूषण कुमार ने चेतावनी दी कि जिन लोगों ने पोस्ते की खेती की है, उन्हें स्वयं इसे नष्ट कर देना चाहिए, और अगर वे ऐसा नहीं करते तो उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।इस प्रकार की कार्रवाई से यह साफ होता है कि नशे के खिलाफ चलाया जा रहा यह अभियान न केवल प्रशासनिक स्तर पर, बल्कि स्थानीय स्तर पर भी प्रभावी हो रहा है।

# सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल

संवाददाता

**गिद्धौर/ चतरा।** सोमवार को गिद्धौर प्रखंड के सलिमपुर मोड़ के समीप एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दुर्घटना तब घटी जब लोवागड़ा गांव निवासी प्रवीण कुमार दांगी (35) बाइक से पत्थलगड़ा जा रहे थे और अचानक उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई। बताया जा रहा है कि जैसे ही युवक सलिमपुर मोड़ के समीप पहुंचे, बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

इस दुर्घटना में युवक को गंभीर चोटें आईं, जिससे वह तुरंत ही बेहोश हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर में पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी




हालत को गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए चतरा रेफर कर दिया गया। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि युवक को तत्काल उपचार देने के बाद उसकी स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है। वहीं, बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे यह दुर्घटना और भी भयावह हो गई। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

**चतरा** | इटखोरी में आयोजित हुआ विशाल स्वास्थ्य मेला

# सैकड़ों लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

संवाददाता

**इटखोरी/ चतरा।** इटखोरी प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इस मेले का शुभारंभ प्रमुख प्रिया कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ वंकीरा, चिकित्सा प्रभारी डॉ० सुमित कुमार जयसवाल, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजय भारती, विकास कुमार सिंह, पंचायत समिति सदस्य रूबी देवी, डॉ० अजित कुमार, डॉ० अर्चना मधुर, डॉ० संजीव रंजन, बीपीएम मारूफ खान, डॉ० शालिनी, बीडीएम आरती सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।स्वास्थ्य मेला का उद्देश्य समुदाय के बीच स्वास्थ्य सेवाओं का प्रचार-प्रसार करना



और लोगों को विभिन्न रोगों से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक करना था। उद्घाटन समारोह के बाद, सभी अतिथियों ने मेला स्थल पर लगाए गए विभिन्न स्वास्थ्य स्टालों का निरीक्षण किया। इस दौरान, स्वास्थ्य कर्मचारियों को संबंधित विभागों द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ताकि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।स्वास्थ्य मेला में सैकड़ों लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्टालों पर मौजूद विशेषज्ञों ने मरीजों को बीपी, सुगर, सीकल सेल, टीबी, मलेरिया, कुष्ठ रोग, नेत्र जांच आदि से संबंधित जांचें की और दवाओं का वितरण भी किया।स्वास्थ्य मेला में विशेष रूप से उन बीमारियों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिनसे ग्रामीण क्षेत्रों में लोग अधिक प्रभावित होते हैं। इसके अलावा, चिकित्सकों ने लोगों को अपने स्वास्थ्य का नियमित रूप से परीक्षण करने और आवश्यक एहतियात बरतने की सलाह दी। इस आयोजन के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया, ताकि वे अपने स्वास्थ्य का ख्याल रख सकें और किसी भी बीमारी से पहले ही बचाव कर सकें।इस मेले में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मिलकर लोगों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान किया और उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिलवाया।

कार्यक्रम के समापन पर अधिकारियों ने इस प्रकार के आयोजनों के महत्व को बताते हुए ग्रामीणों से अपील की कि वे अपनी सेहत के प्रति सजग रहें और नियमित स्वास्थ्य जांच कराएं।

### झंडोतोलन के समय का निर्धारण

**टंडवा।** टंडवा प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में बीडीओ देवलाल उरांव की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें गणतंत्र दिवस 2025 के अवसर पर झंडोतोलन के समय का निर्धारण किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि इस बार झंडोतोलन का समय पिछले वर्ष की समय-सारिणी के अनुरूप ही रखा जाएगा। इसके तहत प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रातः 09:00 बजे, एसडीपीओ कार्यालय में 09:20 बजे, पुलिस निरीक्षक कार्यालय में 09:25 बजे, थाना टंडवा और पिपरवार परिसर में 09:30 बजे, स्वास्थ्य केंद्र परिसर में 09:45 बजे और शहीद चौक में 10:15 बजे झंडोतोलन किया जाएगा।

# अंसार नगर में नाली निर्माण में अनियमितता

संवाददाता

**चतरा।** चतरा शहर के अंसार नगर में नाली निर्माण कार्य को लेकर भारी अनियमितताएँ देखने को मिल रही हैं। यह निर्माण कार्य संवेदक द्वारा धीमी गति से किया जा रहा है और कई दिनों से कार्य ठप पड़ा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि संवेदक ने नाली के गड्ढे खोदकर उनका मलबा सड़क पर ही छोड़ दिया है, जिससे न केवल सड़क पर गड्ढे बन गए हैं, बल्कि आवागमन में भी भारी कठिनाई हो रही है। इससे इलाके के लोगों को रोजमर्रा की जिंदगी में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर नाली निर्माण का कार्य बिल्कुल रुका हुआ है और कुछ स्थानों पर सरिया भी बिना किसी काम के छोड़ दिया गया है। इस कारण से लोगों के लिए घर से बाहर निकलना और सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। गड्ढे और खुले मलबे की स्थिति हमेशा





दुर्घटना का कारण बन सकती है। स्थानीय निवासियों, जैसे मो. अय्याज, मो. शाहीद, मो. शाहनवाज और शिक्षक नईम ने इस समस्या के समाधान के लिए उपायुक्त रमेश घोलप से आग्रह किया है कि वे जल्द से जल्द नाली निर्माण कार्य को पूर्ण करें और उसकी गुणवत्ता को सुनिश्चित करें। अन्यथा, इस प्रकार की अनियमितताएँ और निर्माण कार्यों की देरी आगे चलकर और भी समस्याओं का कारण बन सकती हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### एबीजी कोलियरी, गोविंदपुर क्षेत्र में वार्षिक सुरक्षा पखवाड़ा का भव्य आयोजन



**कतरास।** एबीजी कोलियरी, गोविंदपुर क्षेत्र में वार्षिक सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि खान सुरक्षा निदेशक डीजीएमएस वीरेंद्र प्रताप ए और संयोजक बीके झा ने दीप प्रज्वलन और सुरक्षा फ्लैग फहराकर किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि सुरक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है, जो खान के कार्यस्थल से लेकर घर से ड्यूटी आने-जाने तक हर क्षण लागू होनी चाहिए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि विष्णु कांत झा, अजय कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सुरक्षित तरीके से कार्य करने वाले कर्मियों को सम्मानित किया गया। वहीं, कर्मी नारायण कर्मकार और रमेश कु सिंह ने अपने सुरक्षा गीत और संगीत से कार्यक्रम में उत्साह भर दिया। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय प्रशिक्षण अधिकारी केएस द्विवेदी ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन कोलियरी प्रबंधक बीडी राय ने दिया।

### आईआईटी धनबाद में विद्युत सुरक्षा पर पांच दिवसीय कार्यशाला



**धनबाद।** आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा खानों में निवारक रखरखाव और विद्युत सुरक्ष विषय पर पांच दिवसीय कार्यकारी विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 20 से 24 जनवरी तक संस्थान के कार्यकारी विकास केंद्र में चलेगा।

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि प्रो० धीरज कुमार उप निदेशक, आईआईटी आईएसएम ने कहा कि माइनिंग 4.0 के युग में एआई, आईओटी और स्वचालित तकनीकों का उपयोग बढ़ रहा है, जिसमें विद्युत सुरक्षा और रखरखाव की भूमिका अनिवार्य है। उन्होंने विद्युत सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करते हुए शून्य दुर्घटनाओं के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम में डीजीएमएस के उप महानिदेशक अजय सिंह ने भाग लिया और विद्युत सुरक्षा से जुड़े विभिन्न व्यावहारिक पहलुओं और चुनौतियों पर चर्चा की। प्रतिभागियों को विद्युत सुरक्षा ऑडिट, शमन रणनीतियों और खनन दुर्घटनाओं के रोकथाम से जुड़ी जानकारी प्रदान की गई।

इस कार्यशाला में 60 से अधिक पेशेवर और शिक्षाविद् भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम के आयोजकों ने इसे खनन क्षेत्र में विद्युत सुरक्षा और प्रबंधन के सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

### डॉ. शिव शंकर गांगुली को सीवी रमन रिसर्च फेलोशिप



**धनबाद।** आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के पूर्व छात्र और नेशनल जियोफिजिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट, हैदराबाद के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ०शिव शंकर गांगुली को प्रतिष्ठित सीवी रमन रिसर्च फेलोशिप से सम्मानित किया गया है। डॉ० गांगुली, जो एमएससी टेक एप्लाइड जियोफिजिक्स 2011 बैच के छात्र रह चुके हैं। इंपीरियल कॉलेज लंदन में इस फेलोशिप के तहत शोध कार्य करेंगे। उनका शोध ठोस पृथ्वी विज्ञान, ऊर्जा संसाधन अन्वेषण, और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने अपने करियर में 35 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित किए हैं और एल्सेवियर एवं स्प्रिंगर जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं द्वारा प्रकाशित तीन पुस्तकों के लेखक भी हैं। डॉ० गांगुली भारत के पहले शोधकर्ता हैं जिन्होंने उड2-वर्धित तेल पुनर्प्राप्ति पर पीएचडी पूरी की। उन्हें राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार 2017, तेलंगाना विज्ञान अकादमी युवा वैज्ञानिक पुरस्कार 2019 और ठअरकप्लेटिनम जुबली पदक 2020 जैसे सम्मान मिल चुके हैं। आईआईटी (आईएसएम) ने उनकी उपलब्धियों पर गर्व जताते हुए भविष्य में और अधिक सफलताओं की कामना की है।

### प्रवासी मजदूरों के निबंधन व लाभ हेतु झरिया अंचल में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

# श्रम विभाग के संचालित योजनाओं की विस्तृत रूप से दी गई जानकारी



संवाददाता

**धनबाद।** जिले के झरिया अंचल में प्रवासी मजदूरों से संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिला स्किल कॉर्डिनेटर आशीष कुमार ने प्रवासी श्रमिकों से संबंधित समस्याओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वैसे श्रमिक जो रोजगार के लिए दूसरे प्रदेशों में रोजगार के बेहतर तलाश में जाते हैं वे अनिवार्य रूप से श्रमाधान.झारखण्ड.जीओभी.कॉम पोर्टल पर प्रवासी मजदूर अधिनियम 1979 के अंतर्गत निबंधन कराकर जाएं ताकि श्रमिकों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। उनके द्वारा बताया गया कि सामान्य मृत्यु, दुर्घटना या प्राकृतिक आपदा के कारण जिले के प्रवासी श्रमिक की मृत्यु/आशक्त होने पर उन्हे अपने घर तक लाने के लिए 50 हजार तक की राशि मुख्यमंत्री झारखण्ड प्रवासी श्रमिक दुर्घटना कोष से दी जायेगी। प्रवासी श्रमिक की दुर्घटना में दो अंग या दोनों ऑख या अंग की हानि होने पर एवं दुर्घटना/प्राकृतिक आपदा में श्रमिक की मृत्यु होने पर पंजीकृत एवं अपंजीकृत प्रवासी श्रमिकों को 75 हजार से दो लाख रुपए तक का भुगतान किया जायेगा। उनके द्वारा श्रम विभाग के संचालित सभी योजनाओं का जानकारी विस्तृत रुप में प्रोजेक्टर (ओडियो, विडियो)के माध्यम से प्रदर्शित किया गया एवं सभी आगन्तुकों से अपील की गई कि जो भी मजदुर अपने राज्य से दूसरे राज्य में कार्य करने जाते है वे अपना निबंधन प्रवासी मजदूर के रुप में श्रम विभाग में जरुर करवायें। साथ ही सहायक श्रमायुक्त द्वारा बिभाग से संचालित झारखण्ड असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा योजना/झारखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में निबंधन तथा मुख्यमंत्री सारथि योजना अंर्तगत संचालित योजनाओ की विस्तृत जानकारी दी गई ।

## सड़क दुर्घटनाएं : एक की मौत, पांच गंभीर रूप से घायल



संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद की आठ लेन सड़क पर रविवार को हुए चार अलग-अलग सड़क हादसों ने इलाके में सनसनी फैला दी। इन घटनाओं में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली दुर्घटना झारखंड मोड़ के पास हुई, जहां एक अज्ञात कार ने 40 वर्षीय व्यक्ति को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दूसरी घटना में पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार कार और बाइक की टक्कर हुई, जिसमें आयुष नामक युवक घायल हो गया। तीसरी दुर्घटना सुगियाडीह में हुई, जहां विजय विश्वकर्मा को पीछे से एक अज्ञात कार ने टक्कर मार दी। चौथी घटना पथराकुल्ही में हुई, जहां नशे में धुत एक ट्रैक्टर चालक ने बाइक सवार दो युवकों को कुचल दिया। दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हैं और उनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। इन हादसों ने क्षेत्र में यातायात नियमों के पालन की कमी और सड़कों पर बढ़ती असावधानी को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

## आईआईटी धनबाद में वार्षिक उत्सव प्रकाश का भव्य आयोजन



संवाददाता

**धनबाद।** आईआईटी (आईएसएम) धनबाद की सामाजिक संस्था कर्तव्य ने अपना वार्षिक उत्सव प्रकाश हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया। वर्ष 1999 में स्थापित कर्तव्य ने इस वर्ष अपने 26 वर्षों की रजत जयंती भी मनाई।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10 बजे पेनमैन प्रांगण में दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस आयोजन में धनबाद के कई गणमान्य अतिथियों ने शिरकत की। जिनमें एसएसपी हृदीप पी. जनार्दन, एसपी अजीत कुमार, जीएम एचआर वाई. के. पासवान, एजीएम वित्त एस. के. साहू, सह निदेशक धीरज कुमार और डीएसई आयुष कुमार प्रमुख रहे।अतिथियों के प्रेरणादायक संबोधन के बाद दिनभर विभिन्न प्रस्तुतियों जैसे नृत्य, संगीत, नाटक, काव्य पाठ, योग, कराटे, विज्ञान प्रदर्शनी और पोस्टर डिजाइनिंग ने कार्यक्रम में उत्साह भरा। धनबाद के अन्य विद्यालयों जैसे धनबाद पब्लिक स्कूल और दून पब्लिक स्कूल के छात्रों ने भी इन आयोजनों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।कर्तव्य संस्था द्वारा सभी प्रतिभागियों के लिए नाश्ते और पानी का उचित प्रबंधन सुनिश्चित किया गया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पदक, ट्रॉफी और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त, सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट ऑफ पार्टिसिपेशन और उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों से सजी यह दिनभर की उत्सव श्रृंखला शाम 5 बजे समापन समारोह के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।

## मजदूरों के मसीहा स्व. बिंदेश्वरी दुबे की पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई



संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद लोकसभा की लोकप्रिय कांग्रेस नेत्री और राष्ट्रीय कोलियरी मजदूरी यूनियन की कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती अनुपमा सिंह ने जोड़ापोखर स्थित अपने आवासीय कार्यालय में मजदूरों के मसीहा स्वर्गीय बिंदेश्वरी दुबे की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई।कार्यक्रम में स्व० बिंदेश्वरी दुबे के जीवन और उपलब्धियों को याद करते हुए श्रीमती अनुपमा सिंह ने कहा कि वे न केवल बिहार के एक कुशल मुख्यमंत्री और राजनीतिज्ञ थे, बल्कि मजदूरों के अधिकारों और कल्याण के लिए संघर्ष करने वाले एक सच्चे नेता भी थे। उन्होंने कहा कि बिंदेश्वरी दुबे ने अपने जीवनकाल में मजदूरों के हित के लिए जो कार्य किए, वे हमेशा प्रेरणा स्रोत बने रहेंगे। इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने मजदूरों के पेंशन, वेतन बढ़ोतरी और वेतन समझौतों में अहम भूमिका निभाई। जे वी सी सी आई की बैठकों में मजदूरों की आवाज को मजबूती से उठाने वाले दुबे जी आज भी हर मजदूर के दिल में बसे हुए हैं। उनकी सादगी, त्याग और सेवा का जीवन हम सबके लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा, परिवहन, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण जैसे विभागों में मंत्री रहते हुए तथा मुख्यमंत्री रहते हुए भी स्व० दुबे जी ने समाज के हर वर्ग के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। उनके कार्यकाल में मजदूर वर्ग को विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू की गईं।इस श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रूप से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुख्तार खान, कयूम खान, प्रमोद चंद्रवंशी, रामविलास राम, किशोर कुमार, संतोष चौधरी, सतपाल सिंह ब्रोका, अब्दुल अजीज, जयप्रकाश चौहान, शिव शंकर सिंह, अन्नु पासवान, विक्की कुमार, फैज अहमद रिजवी, राकेश पासवान सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने स्व० बिंदेश्वरी दुबे की स्मृति को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

## न्यू मार्केट परिसर में जरूरतमंदों के बीच बांटा गया कंबल



संवाददाता

**भूली/ धनबाद।** भूली ई न्यू मार्केट परिसर में सामाजिक संस्था नारी शक्ति जन सुविधा केंद्र की केंद्रीय अध्यक्ष लक्ष्मी देवी और समाजसेवी कुंभनाथ सिंह ने संयुक्त रूप से जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर लक्ष्मी देवी ने कहा कि समाज में आर्थिक रूप से पिछड़े वंचित परिवार के लोगों के बीच समाजसेवी कुंभनाथ सिंह के प्रयास से जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। लक्ष्मी देवी ने कहा कि मानव सेवा ही ईश्वरीय सेवा है। हर नर में नारायण निवास करते हैं। आम जनता के सुख दुःख में साथ खड़े होकर वैसे परिवार के लिए संबल बनते हैं जिन्हें वास्तव में मदद की जरूरत होती है। मौके पर कुंभनाथ सिंह ने कहा कि नारी शक्ति जन सुविधा केंद्र की केंद्रीय अध्यक्ष लक्ष्मी देवी ने जरूरतमंदों के लिए प्रयास किया। यह सराहनीय है कि आम जनता की तकलीफ को संज्ञान में लिया और छोटा सा प्रयास कर उनके लिए कंबल उपलब्ध कराया गया। मौके पर अजय पासवान, संदीप पासवान, कुमार कंचन, सन्नी सिंह, मिथलेश पासवान, लालती देवी, अर्जुन पासवान, पवन पासवान, पूनम पाण्डेय,अंजू देवी, सुरेश चौहान, दीपक चौहान, जीतू पासवान,भूनेश्वरी देवी,शारदा देवी,आदि मौजूद थे।

## श्रीमद् भागवत कथा में पूतना उद्धार और बाल लीलाओं का सुंदर वर्णन



संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के कतरास भंडारीडीह स्थित श्री श्री दुखहरण धाम मंदिर में 16 से 22 जनवरी तक श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु हिस्सा ले रहे हैं। पंचम दिवस पर पूज्य श्री सुरेंद्र हरिदास जी महाराज ने पूतना उद्धार और श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का अत्यंत रोचक और प्रेरणादायक वर्णन किया।कथा की शुरूआत विश्व शांति की प्रार्थना और भागवत आरती के साथ हुई। महाराज ने अपने प्रवचनों में जीवन की सरलता, सत्यता और भक्ति का महत्व समझाया। उन्होंने पूतना उद्धार की कथा के माध्यम से यह संदेश दिया कि बुराई कितनी भी बड़ी क्यों न हो, भक्त और साधु पुरुषों की भक्ति से उसका अंत निश्चित है। महाराज ने नशे की बुराइयों पर भी प्रकाश डालते हुए इसे सनातन धर्म और समाज के लिए हानिकारक बताया। उन्होंने कहा कि नशा करने वालों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए ताकि समाज को इससे मुक्त किया जा सके। अगले दिन कथा में रास पंचाध्याय, उद्धव चरित्र और रुक्मिणी विवाह का सुंदर वर्णन किया जाएगा। इस आयोजन में भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा है। स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग भाग ले रहे हैं।

## धनबाद में भाजपा का संविधान गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन



संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद में भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संविधान गौरव दिवस के तहत 21 जनवरी को एक विशाल जनसभा का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम निरसा इंस्पेक्टर ऑफिस के निकट मैदान में आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और वर्तमान विधायक सी. पी. सिंह होंगे। इस आयोजन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने के लिए भाजपा की एक महत्वपूर्ण बैठक पूर्व विधायक अपर्णा सेनगुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम न केवल पार्टी कार्यकताओं को प्रेरित करेगा, बल्कि संविधान के महत्व को भी जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करेगा। भाजपा इस आयोजन के माध्यम से संविधान के प्रति जनता को जागरूक करने और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने का संदेश देगी।

**स्थानांतरण** › सिंदरी में शहरपुरा सब्जी मार्केट का स्थानांतरण

# नया वेंडिंग जोन बनने तक गणेश पूजा मैदान में लगेगी सब्जी मार्केट



संवाददाता

**सिंदरी।** सिंदरी में शहरपुरा सब्जी मार्केट को सोमवार को गणेश पूजा मैदान समीप रांगामाटी सिंदरी ओ०पी० में स्थानांतरित कर दिया गया। एफसीआईएल द्वारा जारी सूचना के अनुसार, सभी व्यवसायियों ने अपनी दुकानों को नए स्थान पर शिफ्ट किया। यह स्थानांतरण वेंडिंग जोन के निर्माण कार्य के कारण किया गया है, जो शहर में एक आधुनिक बाजार की कल्पना को साकार करने के लिए किया जा रहा है। वर्तमान में, सब्जी मार्केट गणेश पूजा मैदान में लगेगी, जब तक वेंडिंग जोन का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो जाता। इसके बाद, सब्जी मार्केट को वहां स्थानांतरित कर दिया जाएगा। सिंदरी सब्जी मार्केट को एक व्यवस्थित और आधुनिक बाजार में बदलने के उद्देश्य से धनबाद नगर निगम ने वेंडिंग जोन का निर्माण शुरू किया है। इस परियोजना पर 1.95 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। वार्ड नंबर 55 में बन रहे इस वेंडिंग जोन में कुल 192 दुकानों का निर्माण किया जा रहा है, साथ ही दो शौचालय, गार्ड रूम, प्रकाश व्यवस्था, और सड़क की सुविधाएं भी बनाई जाएंगी। वेंडिंग जोन की दुकानों के ऊपर शेड की व्यवस्था होगी, ताकि व्यापारी और ग्राहक दोनों को मौसम की मार से राहत मिल सके। इसके अलावा, दुकानों के नीचे सामान रखने के लिए गोदाम भी बनाए जाएंगे, जिससे व्यापारियों को सुविधा मिलेगी।वेंडिंग जोन का निर्माण छह महीने के भीतर पूरा होने का अनुमान है, और इसके पूरा होने के बाद यह क्षेत्र सिंदरी के व्यापारिक जीवन में एक महत्वपूर्ण बदलाव लाएगा। इस परियोजना का उद्घाटन 14 अक्टूबर 2024 को पूर्व सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो की धर्मपत्नी और भाजपा नेत्री पूर्व जिप सदस्य तारा देवी द्वारा किया गया था। वेंडिंग जोन के निर्माण से न केवल व्यापारी समुदाय को बेहतर व्यापारिक वातावरण मिलेगा, बल्कि ग्राहकों को भी एक सुविधाजनक और व्यवस्थित खरीदारी का अनुभव होगा।

## पुर्नवास की मांग को लेकर मोदीडीह कॉलोनी में ग्रामीणों का प्रदर्शन



संवाददाता

**कतरास।** मोदीडीह 6/10 कॉलोनी में रह रहे दर्जनों परिवारों ने जर्जर आवासों से शिफ्टिंग की मांग को लेकर सोमवार को जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी अपने पुराने मोदीडीह कोलियरी परिसर या तेतुलमारी में पुनर्वास की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों का कहना था कि कॉलोनी में करीब 50 परिवार रहते थे, जिनमें से अधिकांश को अन्य स्थानों पर शिफ्ट कर दिया गया है। हालांकि, 10 परिवार अब भी जर्जर आवास में रहने को मजबूर हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि आवास अत्यधिक खराब स्थिति में हैं और ब्लास्टिंग के कारण कभी भी धराशायी हो सकते हैं। मौके पर ममता देवी, दुर्गी देवी, पूजा देवी, ललिता देवी सहित अन्य महिलाएं मौजूद थीं। ग्रामीणों ने प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की मांग की है।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, मंगलवार 21 जनवरी 2025



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## सुभाषितम्

**नम्रता का ढोंग नहीं चलता, न सादगी का।**

**- महात्मा गांधी**


## तम्बाकू एक धीमा जहर

इसे विडंबना कहे कि जिस तम्बाकू के पेड़ के पत्तों को गधे भी नहीं खाते वह समझदार प्राणी कहे जाने वाले मानव का सबसे प्रिय खानी वाली एक वस्तु है। तम्बाकू आज के दौर में भारत में बच्चों, किशोर, युवा और वृद्ध सभी आयु वर्ग में खाई जाने वाली वस्तु है। तम्बाबू एक प्रकार की निकोटियाना प्रजाति के पेड के पत्तों को सूखा कर नशा करने की वस्तु बनाई जाती है। यह एक मीठा और धीमा जहर है जो धीमे धीमे आदमी की जान लेता है। भले की सरकार को तम्बाकू के माध्यम से राजस्व के रूप में करोड़ों रुपए प्राप्त होता है । परन्तु दूसरी ओर इससे उत्पन्न रोगों के इलाज पर इससे ज्यादा खर्च किया जाता है। इसके सेवन से जीवनी शक्ति का ह्मस होता है। लाख बुराई होने और इसके नुकसान को जानने के बाद भी जब इसकी लत आदमी को लग जाती है तो उसको छुड़ा पाना मुश्किल हो जाता है। इस प्रकार से वह अपने आप को उसके हवाले करके अपनी ताकत धीरे धीरे खोते जाता है। इसके शौकीन पुरूष महिला सभी है। भारत में प्रयोग की जाने वाली धुंआरहित तम्बाकू में तम्बाकू वाला पान/पान मसाला/तम्बाकू चूने और बूझे हुए चूने का मिश्रण/मैनपुरी तम्बाकू/मावा/तम्बाकू और बूझा हुआ चूना खैनी/चबाने योग्य तम्बाकू/ सनस/ मिश्री/ बज्जर/ गुडाखू/ क्रीमदार तम्बाकू पावडर/ तम्बाकू युक्त पान इत्यादि। इसी के साथ तम्बाकू का उपयोग सिगरेट और बीड़ी के माध्यम से भी किया जात है।

तम्बाकू धूमपान एक ऐसा अभ्यास है जिसमें तम्बाकू को जलाया जाता और उसका धुंआ या तो चखा जाता है या फिर उसे सांस में खींचा जाता है। इसका चलन सन् 5000 ई. पूर्व से हुआ है । तम्बाकू सेवन का सबसे आम तरीका धूमपान है। प्रारंभिक अवस्था में धूमपान सुखद अनुभूतियां प्रदान करता है। सकारात्मक दृष्टिकोण के एक स्त्रोत के रूप में कार्य करता है बाद में इसके नकारात्मक प्रभाव शरीर में पड़ते है। धूमपान के अलावा दवा के रूप में भी तम्बाकू का उपयोग होता है। एक दर्द निवारक के तौर में यह कान के दर्द और दांत के दर्द और कभी कभी एक प्रलेप के रूप में भी प्रयोग किया जाता है। रेगिस्तान में रहने वाले भारतीय कहते है कि धूमपान करने से जुकाम ठीक हो जाता है। वर्तमान समय बाजार में बड़ी संख्या में पाऊच बेचे जा रहे है। जिसमें किसी न किसी प्रकार से तम्बाकू का अंश बहुत ज्यादा है। 1980 के दशक में मिले वैज्ञानिक प्रमाण के अनुसार तम्बाकू कंपनियों ने दावा किया कि लापरवाही बरतने का कारण स्वाद पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव से पहले उनका अंजान होना था या पर्याप्त विश्वसनीयता का अभाव था। कि इसका प्रभाव किस प्रकार पड़ता है। धूमपान और तम्बाकू सेवन से बचने के लिये विश्व स्तर पर प्रचार अभियान सभी देशों की सरकारों द्वारा चलाया जाता है। जिसके कारण इसके प्रति रूचि रखने वाले लोगों में इतनी कमी नहीं आ पाई जितनी सरकार अपेक्षा करती है । सिगरेट में पत्तों को जलाकर और वाष्पीकरण गैस को सांस से खींचकर प्राप्त किया जाने वाला आनंद शरीर के भीतर नये नये रोगों को जन्म देता है। क्योंकि यह प्रभावशाली ढंग से पदार्थो को खून में अवशोषित कर फेंफडों में कोशिकाओं के जरिये पहुंचाया जाता है। फेंफड़ों में लगभग 300 मिलियन रक्त कोशिका होती है। अधिक धूमपान किये जाने से ह्रदय रोग की बीमारी भी उत्पन्न होती है। जो महिलाएं इसके सेवक करती है। उनके शरीर के भीतर भी अनेक प्रकार के रोग उत्पन्न होते है। तम्बाकू का पत्ता अर्थात निकोटिन एक ऐसा जहर है जो जबान पर तो आनंद प्रदान करता है परन्तु शरीर के भीतर जाने के बाद यह कई प्रकार के बीमारियों का रास्ता खोल देती है। धूमपान की शुरूआत अधिकतर समय किशोर अवस्था से की जाती है। परन्तु बाद में यह इंसान को अपना गुलाम बना लेती है।

तम्बाकू के बारे में अनेक सचेत करने वाले प्रचार प्रसार/संदेश सरकारों के तरफ से लगातार जारी किये जाते है परन्तु इसका कोई दूर दूर तक असर दिखाई नहीं पड़ता। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि तम्बाकू के कारण पैदा हुई बीमारियों और उससे हुई मौत के मामले ज्यादातर शिकार गरीब होते है। क्योंकि वह इसके दुष्परिणामों को गंभीरता से नहीं लेते। सन् 2004 में दुनिया भर में 58.8 मिलियन लोगों की मृत्यु का अनुमान लगाया गया। जिनमें 5.4 मिलियन के लिये तम्बाकू को जिम्मेदार ठकराया। उसी प्रकार 2007 में 4.9 मिलियन मौते तम्बाकू की वजह से होना बताया जाता है। तम्बाकू उपयोग के बारे में अनेक प्रकार की दुनिया भर में मान्यता व धारणाएं प्रचलित है। केंसर जैसा घातक रोग का जिम्मेदार भी तम्बाकू को माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि तम्बाकू इस जगह से निमार्ता से मिला एक उपहार था और इसके कश से निकला धुंआ उसे व्यक्ति विशेष के विचारों और प्रार्थनाओं को स्वर्ग तक ले जाने में सक्षम है। तम्बाकू की हानि को इसी बात से समझा जा सकता है कि इसका जो पौधों होता है। उसके पत्तों को गधा जैसे मूर्ख प्राणी भी नहीं खाता। परन्तु बुद्धजीवी कहा जाने वाला मानव उसे खुशी खुशी खाते है। तम्बाकू में पाया जाना वाला निकोटिन का प्रभाव इतना गहरा है कि यह जब सिगरेट में पिया जाता है तो उसका धुंआ केवल पीने वालें को भी नहीं अन्य आसपास बैठे व्यक्तियों के शरीर पर भी अपना दुष्प्रभाव छोड़ता है।

# क्यों करोड़ों श्रद्धालु जुड़ते हैं कुंभ से?


आर.के. सिन्हा

महाकुंभ का शुभारंभ हो चुका है। पौष पूर्णिमा पर पहला स्नान विगत 13 जनवरी को हुआ। देश के कोने-कोने से भक्त प्रयागराज पहुंच रहे हैं। विदेशी श्रद्धालु भी बड़ी तादाद में संगम में डुबकी लगा रहे हैं। क्या आप भी महाकुंभ में स्नान करने जाएंगे? अगर आप जा रहे हैं, तो आप अपने को भाग्यशाली मान सकते हैं। आपको यहां कई तरह के धार्मिक अनुष्ठान होते हुए दिखाई देंगे। जैसे कि यज्ञ, हवन, और कीर्तन। ये अनुष्ठान वातावरण को शुद्ध करते हैं और श्रद्धालुओं को भगवान के प्रति अपनी भक्ति व्यक्त करने का अवसर देते हैं। कुंभ मेला एक धार्मिक और आध्यात्मिक अनुभव है जो लोगों को भगवान के करीब लाता है। यह एक ऐसा समय है जब लोग अपने पापों से मुक्ति पा सकते हैं और मोक्ष की प्राप्ति कर सकते हैं। यह भारत की सांस्कृतिक विविधता और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह आत्म-अनुशासन और त्याग के महत्व को दशार्ता है। यह एक ऐसा उत्सव है जो लाखों लोगों को एक साथ आने और अपनी आस्था को मजबूत करने का अवसर देता है।

कुंभ मेले की शुरुआत समुद्र मंथन की पौराणिक कथा से जुड़ी है। इस कथा के अनुसार, देवताओं और असुरों ने मिलकर अमृत (अमरता का दिव्य पेय) पाने के लिए समुद्र मंथन किया था। जब अमृत का कुंभ निकला, तो देवताओं और असुरों के बीच इसे पाने के लिए युद्ध हुआ। इस दौरान, अमृत की कुछ बूंदें इन चार स्थानों पर गिरीं, जिन्हें पवित्र माना जाता है। इसलिए, इन स्थानों पर कुंभ मेले का आयोजन होता है। कुंभ मेले का आयोजन उन स्थानों पर होता है जहां पवित्र नदियों का संगम होता है, जैसे गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम प्रयाग में। इन नदियों में स्नान करना हिन्दू धर्म में बहुत शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इस दौरान नदियों में स्नान करने से पापों से मुक्ति मिलती है और मोक्ष की प्राप्ति होती है।



अब बात प्रयागराज और कुंभ के संबंधों की भी। प्रयाग (बहु-यज्ञ स्थल) को कहा जाता है। प्राचीन काल से ही 'तीर्थराज' के रूप में प्रसिद्ध हुआ यह संगम स्थल पर हुए अनेक यज्ञों की वजह से, जिनमें पहला यज्ञ किया सृष्टिकर्ता प्रजापति ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना के तत्काल बाद।

यज्ञवेदी है गंगा, यमुना और गुप्त रूप से बहने वाली सरस्वती की धारा, जो इस क्षेत्र को तीन भागों में विभाजित करती है। 'पद्म पुराण' में इसकी तुलना साक्षात सूर्य से करते हुए कहा गया है कि जहां सरस्वती, यमुना और गंगा का संगम होता है, वहां स्नान करने वाले ब्रह्मपद को प्राप्त करते हैं। यह यज्ञ की महिमा ही है, जिसके कारण मान लिया गया है, कि जो प्रयाग की धरती पर पैर भी धर लेता है, उसे हर कदम पर अश्वमेध यज्ञ का फल मिलता है। प्रयाग में लगभग 70 हजार तीर्थ उपस्थित हैं। पद्म पुराण के अनुसार अपने घर में मृत्युशय्या पर पड़ा व्यक्ति भी, यदि दूर भी रहते प्रयाग का नाम स्मरण कर ले तो ब्रह्मलोक का भागी होता है। 'मत्स्य पुराण' में कहा गया है कि युग चक्र पूर्ण होने पर जब रुद्र (शिव) पृथ्वी का विनाश करते हैं, प्रयाग तब भी नष्ट नहीं होता है, क्योंकि विष्णु वेणीमाधव, शिव अक्षय वटवृक्ष के रूप में और स्वयं ब्रह्मा छत्र में उपस्थित रहते हैं। शूलपाणि स्वयं वट की रक्षा करते हैं और यहां मृत्यु प्राप्त करने वाले को सीधे शिवलोक की प्राप्ति होती है। पुराणों के अनुसार यदि कोई व्यक्ति संगम की मिट्टी का भी अपने शरीर पर स्पर्श करा लेता है, तो समस्त पापों से मुक्त हो जाता है और गंगा स्नान के बाद स्वर्ग के पुण्य का भागीदार बन जाता है। यहां यदि किसी को मृत्यु प्राप्त होती है, तो वह जन्म और मृत्यु के सांसारिक चक्र के बंधनों से मुक्त हो जाता है।

कुंभ मेला लाखों-करोड़ों लोगों को एक साथ आने का अवसर देता है। यहां विभिन्न साधु-संत, नागा साधु और अन्य धार्मिक गुरुओं के दर्शन होते हैं, जिससे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ज्ञान और प्रेरणा मिलती है। यह एक ऐसा समय है जब लोग सांसारिक बंधनों से मुक्त होकर भगवान की भक्ति में लीन होते हैं। यह भारत की सांस्कृतिक विविधता का एक अद्भुत उदाहरण है। यहां विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों से लोग आते हैं, जिससे विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं का संगम होता है। मेले में लोक नृत्य, संगीत, कला और शिल्प का प्रदर्शन किया जाता है, जो इसे एक रंगीन उत्सव बनाता है। अगर धर्म-कर्म स हटकर बात करें तो कुंभ मेला सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यहां सभी जाति, धर्म और वर्ग के लोग एक साथ आते हैं और मिलकर प्रार्थना करते हैं। यह एकता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देता है। कुंभ मेले के पहले दिन बड़ी संख्या में सिखों ने भी स्नान किया। इसमें आने वाले लोग कई तरह के त्याग और अनुशासन का पालन करते हैं। वे साधारण जीवन जीते हैं, जमीन पर सोते हैं और सात्विक भोजन करते हैं। यह उन्हें अपने अंदर की शांति और संयम को बढ़ाने में मदद करता है। कुंभ मेला हिन्दू धर्म का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो लाखों लोगों को आध्यात्मिक शांति और आनंद प्रदान करता है। यह एक ऐसा पर्व है जो हिन्दू संस्कृति की विविधता और गहराई को दशार्ता है।

ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, जब बृहस्पति कुंभ राशि में प्रवेश करते हैं और सूर्य मेष राशि में होते हैं, तब पूर्ण कुंभ का आयोजन होता है। यह खगोलीय संयोग इस मेले को और भी खास बना देता है। यह विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक और शांतिपूर्ण जमावड़ा होगा, जिसमें विभिन्न संस्कृतियों और पृष्ठभूमि के लोग एक साथ आते हैं।

कुंभ मेला केवल एक धार्मिक आयोजन भी नहीं है, बल्कि यह एक आध्यात्मिक अनुभव भी है। यहां साधु, संत, नागा बाबा और अन्य धार्मिक गुरुओं के दर्शन होते हैं, जो अपने ज्ञान और अनुभवों से लोगों को प्रेरित करते हैं। यह मेला आत्म-खोज और आध्यात्मिक विकास का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। देश के विभिन्न हिस्सों से लोग आते हैं और अपनी पारंपरिक कला, संगीत, नृत्य और वेशभूषा का प्रदर्शन करते हैं। कुंभ मेले का वैश्विक पर्यटन से संबंध है। दुनिया भर से पर्यटक इस मेले की भव्यता और आध्यात्मिकता को देखने के लिए आते हैं। यह भारत की संस्कृति और विरासत को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करने का एक शानदार अवसर है। आपको इस विशेष मेले का हिस्सा तो बनना ही चाहिए।

## औषधीय पौधा है आक


रमेश सर्राफ धमोरा

कुछ पेड़-पौधे ऐसे हैं जिनसे हम कई चमत्कारिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इन पेड़ों-पौधों में आक का पौधा भी है। आक एक औषधीय पौधा है। इसको मदार, आक, अर्क और अकौआ भी कहते हैं। इसे जानवर भी नहीं खाते है। यह बंजर भूमि में भी आसानी से उग आता है। इसके फल से गर्म तासीर की कोमल चिकनी रूई निकलती है। इसमें विषाक्त दूध भरा होता है। इसका वृक्ष छोटा और छत्तादार होता है। पत्ते बरगद के पत्तों समान मोटे होते हैं। हरे सफेदी लिए पत्ते पकने पर पीले रंग के हो जाते हैं। इसका फूल सफेद और छोटा होता है। फूल पर रंगीन चित्तियां होती हैं। फल आम की तरह होते हैं, जिनमें रूई निकलती है। आक की शाखाओं में दूध निकलता है।

वह दूध विष का काम देता है। आक गर्मी के दिनों में रेतीली भूमि पर होता है। चौमासे में पानी बरसने पर सूख जाता है। दुर्गम रेतीले टीलों में जहां मीलों दूर तक पेड़ की छांव नसीब नहीं होती है, उन जगहों पर आक का पौधा खूब फलता फूलता है। राजस्थान के थार मरूस्थल के अलावा आक का पौधा दक्षिण मध्य भारत के गर्म और शुष्क वातावरण में खुले और समतल मैदानों में पाया जाता है। आक के पत्ते मोटे और चिकने होते हैं तथा पत्तों के पृष्ठ भाग पर हल्का सफेद आवरण होता हैं जो कि हाथ से रगड़ने पर उतर जाता हैं। आक का पौधा प्राय हर मौसम मे हरा भरा रहने के कारण यह रेगिस्तान का सदाबहार पौधा कहलाता है।

आक चार प्रकार के होते हैं (1) श्वेतार्क अर्थात सफेद आक (2) रक्तार्क व लाल आक (3) लाल आक का ही दूसरा प्रकार है जो ऊंचाई में सबसे छोटा और सबसे विषैला होता है (4) पर्वतीय आक। पहाड़ी आक पौधे के रूप में नहीं, बेल के रूप में होता है जो उत्तर भारत में बहुत कम किन्तु महाराष्ट्र में पर्याप्त मात्रा में होता है। लाल जाति का आक सर्वत्र सुलभता से प्राप्य है। गुणों की दृष्टि से औषध के रूप में दोनों प्रकार के आकों का प्रयोग होता है। दोनों में कुछ समान गुण भी मिलते हैं किन्तु श्वेत अर्क में अधिक उत्तम गुण होने से आयुर्वेद में यह वनस्पति दिव्य औषधि मानी जाती है। लाल आक इसके समान तो नहीं किन्तु यह भी गुणों का भंडार है। जितना लाभ इस पौधे से वैद्यों और भारतीय चिकित्सकों ने तथा रसायनशास्त्रियों ने पहले उठाया था उतना किसी द्वितीय औषध से नहीं उठाया।

आक भारत का एक प्रसिद्ध पौधा है जो आयुर्वेद के शास्त्रों में जानी मानी औषधि है। जिसे छोटे-छोटे वैद्य तथा ग्रामीण अनपढ लोग भी जानते हैं और औषध रूप में प्रयोग भी करते हैं। भारत में आक के पौधे सब स्थानों पर मिलते हैं पर ऊंचे पर्वतों पर ये नहीं मिलते। आक का पौधा चार फीट से लेकर पन्द्रह फीट तक की ऊंचाई में देखने को मिलता है। यह ऊंची शुष्क मरुभूमि में अधिक होता है। ऊसर भूमि में उत्पन्न होने के कारण अरबी में इसको ऊसर कहते हैं। आक के पौधे शुष्क, उसर और ऊंची भूमि में प्रायः सर्वत्र देखने को मिलते हैं। इस वनस्पति के विषय में साधारण समाज में यह भ्रान्ति फैली हुई है कि आक का पौधा विषैला होता है। यह मनुष्य को मार डालता है। इसमें किंचित सत्य जरूर है क्योंकि आयुर्वेद संहिताओं में भी इसकी गणना उपविषों में की गई है। यदि इसका सेवन अधिक मात्रा में कर लिया जाए तो, उल्टी दस्त होकर मनुष्य की मृत्यु हो सकती है। इसके विपरीत यदि आक का सेवन उचित मात्रा में, योग्य तरीके से चतुर वैद्य की निगरानी में किया जाये तो अनेक रोगों में इससे बड़ा उपकार होता है।

आक के पौधों का सबसे बड़ा फायदा है कि उनसे हमें ऑक्सीजन गैस प्राप्त होती है। इसके अलावा प्राकृतिक दृष्टिकोण से भी पेड़-पौधों का सर्वाधिक महत्व है। इनके बिना वातावरण को सन्तुलित किया ही नहीं जा सकता। हर परिस्थिति में हरियाली हमारे लिए फायदेमंद ही है। इन फायदों के साथ ही शास्त्रों के अनुसार कई धार्मिक और ज्योतिषीय महत्व भी बताए गए हैं। ज्योतिष के अनुसार जिस घर के सामने या मुख्यद्वार के समीप आक का पौधा होता है उस घर पर कभी भी किसी नकारात्मक शक्ति का प्रभाव नहीं पड़ता है। इसके अलावा वहां रहने वाले लोगों को तांत्रिक बाधाएं कभी नहीं सताती। घर के आसपास सकारात्मक और पवित्र वातावरण बना रहता है जो कि हमें सुख-समृद्धि और धन प्रदान करता है। ऐसे लोगों पर महालक्ष्मी की विशेष कृपा रहती है और जहां-जहां से लोग कार्य करते हैं वहीं से इन्हें धन लाभ प्राप्त होता है।

आक का सूर्य से विशेष सम्बन्ध है। गर्मी में जब पृथ्वी सूर्य के निकट आ जाती है और सूर्य की भयंकर गर्मी से तपने और जलने लगती है, जोहड़, तालाब, बावड़ी सब का जल सूख जाता है। बड़ वृक्ष सूखने लगते हैं, तब यही पौधा है जो मरुभूमि में भी खूब फलता और फूलता है। यह आग्नेय प्रधान पौधा उस भयंकर उष्णकाल में खूब हरा भरा रहता है। शास्त्रों अनुसार आक के फूल शिवलिंग पर चढ़ाने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं और अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। विद्वानों के अनुसार कुछ पुराने आकड़ों की जड़ में श्रीगणेश की प्रतिकृति निर्मित हो जाती है जो कि साधक को चमत्कारी लाभ प्रदान करती है।

आक का हर अंग दवा है, हर भाग उपयोगी है। यह सूर्य के समान तीक्ष्ण तेजस्वी और पारे के समान उत्तम तथा दिव्य रसायनधर्मा है। कहीं-कहीं इसे वानस्पतिक पारद भी कहा गया है।

विषैला आक की जाति सबसे छोटी होती है अर्थात इसका जो पौधा ऊंचाई में सबसे छोटा होता है उसको विद्वान लोग सबसे विषैला मानते हैं। यह मरुभूमि में ही होता है। अधिक विषैले की पहचान यह है कि उस आक के पौधे का दूध निकालकर अपने नाखून पर उसकी दो-चार बूंदें टपकाएं। यदि दूध बहकर नीचे गिर जाए तो कम विष वाला है और यदि दूध वहीं अंगूठे के नाखून पर जम जाए तो अधिक विषैला है। अधिक विषैले दूध को सीधा खिलाने की औषधि में प्रयोग नहीं करना चाहिए, अन्य भस्म आदि औषध बनाने में इसका प्रयोग कर सकते हैं।

आक के फल देखने में अग्रभाग में तोते की चोंच के समान होते हैं। इसीलिए आक का एक नाम शुकफल है। ये फल ज्येष्ठ मास तक पक जाते हैं। इनके अंदर काले रंग के दाने वा बीज होते हैं और बहुत कोमल रूई से ये फल भरे रहते हैं। इसकी रूई भी विषैली होती है । फल का औषध में बहुत न्यून उपयोग होता है। क्षार बनाने वाले आक के पंचांग में फल को भी जलाकर औषध में उपयोग लेते हैं। चक्षु रोगों, कर्ण रोगों, जुकाम, खांसी, दमा, चर्मविकारों में, विष्मज्वर, वात और कफ के रोगों में इसके पुष्प, पत्ते, दूध, जड़ की छाल सभी का उपयोग होता है। इस पौधे के पत्ते को उल्टा कर के पैर के तलवे से सटा कर मोजा पहन लें। रात में सोते समय निकाल दें। एक सप्ताह में आपका शुगर सामान्य हो जाएगा। बाहर निकला पेट भी कम हो जाता है। काफी लोग इस उपयोग से लाभान्वित हो रहे हैं।

# बॉलीवुड के अनकहे किस्से : राज कपूर के पीछे के सितारे

**अजय कुमार शर्मा**

राज कपूर की सफलता के पीछे उनकी अपनी मेहनत और समझ तो थी ही लेकिन उसके साथ ही उनकी टीम का भी महत्वपूर्ण रोल था, जो हमेशा उनके साथ बनी रही। शराब पीने के बाद वह इस टीम से लड़ते-झगड़ते भी और अगले दिन फिर सब भूलकर उन्हें फिर गले से लगा लेते। बरसों उनके सहायक रहे राहुल रवेल ने उनके साथ बिताए अपने समय के आधार पर लिखी पुस्तक में इस तरह के अनेकों किस्से साझा किए हैं। राज कपूर की एक क्रिएटिव टीम थी जिसमें लेखक और संवाद लेखक के रूप में ख्वाजा अहमद अब्बास, वीपी साठे, इंदरराज आनंद, गीतकार के रूप में शैलेंद्र और हसरत जयपुरी, संगीतकार शंकर-जयकिशन गायकों में लता, मुकेश और रफी आदि सबसे प्रिय थे। लेकिन उनकी एक टेक्निकल टीम भी थी जो उनके मन और कागजों पर लिखी फिल्म को यादगार बनाती थी।

यानी कि परदे के पीछे की टीम। इस टीम में सबसे महत्वपूर्ण थे उनकी तीसरी आंख यानी राधू करमाकर जी। 'आवारा' में राधू साहब का काम असाधारण था। श्वेत-श्याम फोटोग्राफी बहुत मुश्किल होती है और प्रकाश और छाया के खेल पर ही निर्देशक द्वारा परिकल्पित दृश्य को प्रभावी बनाना होता है। राधू साहब इस पहलू को पूरा करने में माहिर थे। अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में जब 'आवारा' फिल्म की स्क्रीनिंग हुई, तब फिल्म पारखियों ने उनकी प्रतिभा पर ध्यान दिया। प्रतिष्ठित फिल्म प्रोड्यूसर और डायरेक्टर-सर अलेक्सेंडर कोरदा राधू साहब के काम से उनके इतने मुरीद हुए कि उन्होंने राज साहब को सलाह दी, जब वे श्वेत-श्याम फिल्मों से रंगीन फिल्म में शिफ्ट होंगे, तब राधू साहब को मास्टर सिनेमेटोग्राफर जैक कार्डिफ से ट्रेनिंग जरूर दिलवाएं। जिसे राज साहब ने माना और राधू साहब को 'संगम' के शुरू होने से पहले उनसे ट्रेनिंग दिलवाई। 'संगम' के दृश्यों की क्वालिटी ने उसे एक बेहद यादगार फिल्म बनाया। राज साहब के कान थे एक मास्टर टेक्नीशियन खान साहब।

आरके फिल्म्स की सारी डबिंग वही कराते थे। डबिंग एक प्रक्रिया है, जिसमें डायलॉग, जिसे पहले से ही रिकॉर्ड कर लिया जाता है, उसे फिर से रिकॉर्ड किया जाता है ताकि पहलेवाली आवाज से शोर निकाला जा सके। अब तो डबिंग थियेटर साउंडप्रूफ होते हैं जिसमें बाहर से कोई आवाज भीतर नहीं आती है और साफ डायलॉग ट्रैक मिल जाता है।

आरके का डबिंग स्टूडियो साउंडप्रूफ नहीं था, बल्कि वहां सभी तरह की आवाजें सुनाई देती थीं। चार बिल्डिंग दूर फैक्टरी से मशीन के चलने और तेज शोर की आवाजें, रोड का ट्रैफिक और कई दूसरी आवाजें सुनाई पड़ती। लेकिन खान साहब



साउंड की ऐसी समझ और निगरानी रखते थे कि जब भी आरके की फिल्म रिलीज होती, उन्हें बेहतरीन साउंड रिकॉर्डिस्ट का अवार्ड मिलता। आउटडोर में शूटिंग की अच्छी व्यवस्था न होने पर उन दिनों फिल्में मुख्यतः सेट्स पर ही शूट होती थीं। सेट डिजाइनर यानी कला निर्देशक के रूप में उनके पास थे अचरेकर साहब जिन्होंने आरके के 'लोगो' का भी डिजाइन तैयार किया था। 'आवारा' फिल्म के लिए उन्हें स्लम के सेट और अमीर घरों के भीतरी और बाहरी दृश्य, कोर्ट और गलियों को एक आश्चर्यजनक 'ड्रीम सिकुएंस' में बदलकर काफी वाहवाही बटोरी थी। स्टूडियो में हरीश दादा नाम के इलेक्ट्रिशियन थे। उनकी और राधू साहब की बहुत अच्छी बनती थी।

जब राज साहब राधू साहब को एक शॉट देते हुए कहते थे, मैं यह चाहता हूं, हरीश दादा, राधू साहब के कहे बिना ही हरीश दादा बैकग्राउंड की लाइटिंग को ऑन कर देते थे। पटरी पर कैमरे को घुमाने के लिए एक ट्रॉली का इस्तेमाल होता है, जिसे एक समतल स्तर के मैदान पर सेट किया जाता था, ताकि ट्रॉली आसानी से घूम सके। बापू काटकर नाम के बापू दादा ट्रॉली शॉट के लिए पटरी सेट करने के काम में सिद्धहस्त थे। स्टूडियो की सख्त और समतल जमीन पर ट्रॉली को सेट करना सरल होता था, लेकिन आउटडोर में या ऊंची-नीची जमीन पर ट्रॉली को सेट करना लगभग असंभव काम होता था।

यहीं पर बाबू दादा की विशेषता काम आती। उनके पास ओमजी, ओम प्रकाश मेहरा भी थे, जो उनके स्टूडियो के प्रोडक्शन इंचार्ज थे। वे हर रोज ऑफिस आते, अपनी पेमेंट डायरी में खुद को 500 रुपये दिए की इंट्री कर लेते। ओमजी और राज साहब का विशेष और अनोखा रिश्ता था। दोनों को पीने का बहुत शौक था और जब कुछ ज्यादा ही पी लेते थे, तब दोनों लड़ने झगड़ने लगते। इस लड़ाई में कभी राज साहब ओमजी को पकड़ लेते थे और उन्हें स्टूडियो से बाहर फेंक देते थे और कभी-कभार ओमजी राज साहब को पकड़ते और उन्हें बाहर फेंक देते। इस तरह का अद्भुत व्यवहार देखकर, आरके का एक चौकीदार हमेशा पसोपेश में रहता था कि राज साहब मालिक हैं या ओम साहब। एक देर रात राज साहब स्टूडियो आए तो चौकीदार ने उन्हें भीतर नहीं घुसने दिया, क्योंकि उसे लगने लगा था कि ओम प्रकाश मेहरा ही उस स्टूडियो के मालिक हैं।

राज साहब के सचिव थे हरीश बिबरा। उनका मानना था कि पूरी दुनिया राज कपूर को जानती है। एक बार जब सारी दुनिया नील आर्मस्ट्रांग के चांद पर उतरने का जश्न मना रही थी तब वे राज कपूर की तरफ से अमेरिका के राष्ट्रपति को चांद पर पहले आदमी को लैंडिंग करवाने के लिए बधाई का तार भेजना चाहते थे। जब राज साहब वैजयंती माला को अपनी फिल्म संगम के लिए साइन करना चाहते थे और उसके जवाब की प्रतीक्षा कर रहे थे, तब हरीश जी ने उन्हें एक टेलीग्राम भेजा। जिसपर लिखा था-'बोल राधा बोल संगम होगा के नहीं', यह घटना आरके की खास स्मृति बन गई और आगे चलकर फिल्म के गीत का मुखड़ा भी बनी।

## आज का राशिफल

**मेष** : जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**वृष** : कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**मिथुन** : अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे।

**कर्क** : संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धिए बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा।

**सिंह** : स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। स्वविवेक से कार्य करें।

**कन्या** : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। आलस्य का त्याग करें।

**तुला** : प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**वृश्चिक** : स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। आय के अच्छे योग बनेगें।

**धनु** : नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है।

**मकर** : एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे, साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा।

**कुंभ** : सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**मीन** : धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। इच्छित कार्य सफल होंगे।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, मंगलवार 21 जनवरी 2025



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### विनोबा भावे विश्वविद्यालय में इंडक्शन और स्वागत समारोह का आयोजन

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग में सोमवार को एक भव्य इंडक्शन मीट सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें तृतीय समसत्र 2023-25 के छात्रों ने प्रथम समसत्र 2024-26 के छात्रों का स्वागत किया। इस समारोह की शुरूआत विभागाध्यक्ष डॉ० एस. एम. कैसर, डॉ० उमेंद्र सिंह, डॉ०. इफशा खुर्शीद और विभाग के शोधार्थियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ की गई।समारोह के दौरान छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। साक्षी और मानसी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया, जबकि तृतीय समसत्र की छात्रा रंजना ने एक सुंदर कविता पढ़ी, जिससे उपस्थित सभी लोग प्रभावित हुए। श्वेता ने भी अपने अनुभव साझा किए, और आकांक्षा ने नृत्य प्रस्तुत किया, जो छात्रों को उत्साहित करने के लिए था।समारोह में विशिष्ट अतिथि पुष्कर कुमार पुष्प ने भी छात्रों को संबोधित किया और उन्हें प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि छात्रों को अपने विभाग और समाज में एक उज्ज्वल हिस्सा बनने का प्रयास करना चाहिए।विभागाध्यक्ष डॉ० एस. एम. कैसर ने छात्रों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि विद्यार्थियों में हमेशा जानने की उत्सुकता होनी चाहिए। उन्होंने छात्रों को नियमित कक्षाओं में उपस्थित रहने और पाठ्यक्रम की गुणवत्ता पर ध्यान देने की सलाह दी। समारोह का समापन कुछ खेलों के साथ हुआ, जिसमें दीनदयाल मिश्रा को मिस्टर फ्रेशर और उमा कुमारी को मिस फ्रेशर के रूप में सम्मानित किया गया।

### डॉ. राहुल कुमार सिंह निर्विरोध चुने गए झासा के उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के संयुक्त सचिव



**हजारीबाग।** झारखंड स्टेट हेल्थ सर्विसेज एसोसिएशन के चुनाव में हजारीबाग के बरही अनुमंडल अस्पताल में कार्यरत चिकित्सक डॉ० राहुल कुमार सिंह को उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के संयुक्त सचिव पद पर निर्विरोध चुना गया। इस चुनाव के परिणाम के बाद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने डॉ० राहुल कुमार सिंह को पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी और उनकी इस सफलता पर खुशी जताई।डॉ० राहुल कुमार सिंह चतरा जिले के मयूरहंड प्रखंड के ग्राम नरचाही के मूल निवासी हैं। उन्होंने अपनी मेहनत और निष्ठा के बल पर यह पद प्राप्त किया है। रंजन चौधरी ने विश्वास जताया कि डॉ० राहुल कुमार सिंह इस जिम्मेदारी को निभाते हुए संगठन को मजबूत करेंगे और उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति में सुधार लाएंगे। झासा की नई कमेटी के अध्यक्ष पद पर डॉ० विमलेश कुमार और सचिव पद पर डॉ० ठाकुर मृत्युंजय सिंह को चुना गया है, जो संगठन को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं।

### टोकीसुद रेलवे स्टेशन को मिली बड़ी परियोजना



**पतरातू।** भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र कुमार महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पतरातु प्रखंड के पालु पंचायत स्थित टोकीसुद रेलवे स्टेशन के विकास के लिए रेल मंत्रालय भारत सरकार ने 'गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल' योजना को स्वीकृति दे दी है। इस परियोजना में लगभग सौ करोड़ रुपये का भारी निवेश किया जाएगा। महतो ने कहा कि इसके तहत टोकीसुद रेलवे स्टेशन के विकास के लिए रेलवे की खाली पड़ी भूमि का उपयोग किया जाएगा, और निजी कंपनियों को 35 वर्षों के लिए लीज पर दिया जाएगा, जिसमें रेलवे साइडिंग का विकास किया जाएगा। इसके साथ ही, टोकीसुद में 110 करोड़ रुपये की लागत से रेल ओवर ब्रिज और 7.20 किलोमीटर लंबी नई रेलवे लाइन का निर्माण किया जाएगा। महतो ने बताया कि टोकीसुद-1 और टोकीसुद-2 कोल ब्लॉक्स को एनएमडीसी भारत सरकार को आवंटित कर दिया गया है, जो क्षेत्र के विकास के लिए एक बड़ी पहल है। इस परियोजना से टोकीसुद रेलवे स्टेशन की पहचान एक प्रमुख व्यापारिक और परिवहन केंद्र के रूप में होगी और क्षेत्र के लाखों लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

### संविधान गौरव अभियान ऐतिहासिक रूप से संपन्न

# रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल



संवाददाता

**हजारीबाग।** भारतीय जनता पार्टी, हजारीबाग इकाई द्वारा आयोजित संविधान गौरव अभियान सोमवार को हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के आवासीय कार्यालय में ऐतिहासिक और भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय संविधान की महानता और इसकी रचना में शामिल महापुरुषों के योगदान को सम्मानित करना था, साथ ही संविधान की भावना को जन-जन तक पहुंचाना और कार्यकताओं को इसके आदर्शों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित करना था।कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी हजारीबाग के जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने की, जबकि मंच संचालन जिला किसान मोर्चा के अध्यक्ष इद्रनारायण कुशवाहा ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ उपस्थित रहे। इसके अलावा हजारीबाग लोकसभा के सांसद मनीष जायसवाल, हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद, बरही विधायक मनोज कुमार यादव, और बरकट्ठा विधायक अमित यादव भी कार्यक्रम में शामिल हुए।कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी और डॉ० भीमराव अंबेडकर की तस्वीरों पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित करके की गई। इसके बाद अतिथियों का स्वागत बड़े उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य संविधान की महानता को जन-जन तक पहुंचाना और कार्यकर्ताओं को इसके महत्व को समझाकर देश की प्रगति में योगदान देने के लिए प्रेरित करना था।

**मुख्य अतिथि संजय सेठ ने संविधान की महत्ता पर प्रकाश डाला**

भारत सरकार के राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ ने संविधान गौरव अभियान के अवसर पर कार्यकताओं और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति, परंपरा और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक है। उन्होंने संविधान निमार्ताओं के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ० भीमराव अंबेडकर, डॉ० राजेंद्र प्रसाद, पंडित जवाहरलाल नेहरू, और संविधान सभा के अन्य सदस्यों ने जो दूरदर्शिता और समर्पण दिखाया, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए, उतनी कम है। उनका योगदान हमें हमेशा प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने संविधान की विशेषताओं पर जोर देते हुए कहा कि हमारे संविधान ने हमें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, धर्मनिरपेक्षता, समानता, और न्याय जैसे अधिकार दिए हैं। लेकिन यह भी हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने कर्तव्यों को न भूलें। एक सशक्त भारत का निर्माण तभी संभव है, जब हर नागरिक संविधान के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए समर्पित है और संविधान गौरव अभियान इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सांसद मनीष जायसवाल ने भी संविधान के महत्व पर जोर दिया हजारीबाग लोकसभा के सांसद मनीष जायसवाल ने संविधान गौरव अभियान के अवसर पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि भारतीय संविधान केवल कानूनों का संकलन नहीं है, बल्कि यह हमारी विविधता, एकता और लोकतंत्र का प्रतीक है। उन्होंने संविधान के निमार्ताओं को नमन करते हुए कहा कि डॉ० भीमराव अंबेडकर, डॉ० राजेंद्र प्रसाद और अन्य महापुरुषों की मेहनत और दूरदर्शिता के कारण भारत को एक ऐसा संविधान मिला, जिसने सभी वर्गों और समुदायों को समान अधिकार और अवसर प्रदान किए। उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें संविधान के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझना होगा और इसे अपने जीवन में आत्मसात करना होगा। संविधान हमें अधिकार तो देता है, लेकिन कर्तव्यों की भी याद दिलाता है। हमें संविधान की मूल भावना को जन-जन तक पहुँचाना है और इसके संरक्षण और सम्मान के लिए प्रतिबद्ध रहना है।

## झारखंड जन संस्कृति मंच हजारीबाग का मासिक कवि सम्मेलन संपन्न




संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड जन संस्कृति मंच हजारीबाग द्वारा आयोजित मासिक कवि सम्मेलन पेंशनर कार्यालय में संपन्न हुआ। यह आयोजन साहित्य प्रेमियों और कवियों के लिए एक अहम अवसर था, जहां उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस आयोजन की अध्यक्षता अवकाश प्राप्त बैंक अधिकारी और कवि प्रमोद रंजन ने की और विशिष्ट अतिथि के रूप में सुप्रिया रश्मि तथा मुख्य अतिथि के रूप में कवि अधिवक्ता अरविंद झा उपस्थित थे।कार्यक्रम की शुरूआत में डॉ० प्रमिला गुप्ता ने सभी रचनाकारों का स्वागत करते हुए नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और अपनी दो कविताएं प्रस्तुत कीं। उनकी कविताओं को श्रोताओं ने बहुत सराहा। इसके बाद सुप्रिया रश्मि ने अपनी कविता सर्वस्व करूं मैं समर्पण और वीर का परिवार प्रस्तुत की, जिसे श्रोताओं ने खूब सराहा। कवि अनंत ज्ञान ने अपनी दो खोरठा रचनाओं पगला कुकूर₹ और शालु को प्रस्तुत किया, जिन्हें श्रोताओं ने बहुत पसंद किया।कवि काशिफ अदीब ने हिंदी भाषा की अहमियत पर अपनी रचना प्रस्तुत की और सभी को हिंदी भाषा की सुंदरता का अहसास कराया। वहीं, केबी कॉलेज की छात्रा और कवियत्री राजश्री ने अपनी आध्यात्मिक लंबी रचना ₹कृष्ण₹ का पाठ किया, जिसे श्रोताओं ने तालियों से सराहा।कार्यक्रम के दौरान कवि विजय कुमार राणा ने डॉ० प्रमिला गुप्ता की कविता ₹आंखों का आमंत्रण₹ को प्रस्तुत किया और इसके बाद अपनी समसामयिक रचनाओं का पाठ किया, जिनमें उन्होंने समाज की नफरत और असमानताओं पर अपनी राय व्यक्त की। इस रचना को श्रोताओं ने बहुत सराहा।कार्यक्रम का समापन कवि और अधिवक्ता अरविंद झा द्वारा की गई गजल बबुआ हमारा साहेब बनेगा और निंदा फाजली की गजल से हुआ, जिसे भी श्रोताओं ने बहुत पसंद किया। के साहित्य प्रेमियों को एक मंच प्रदान किया, जहां वे अपनी रचनाओं के माध्यम से अपनी सोच और विचारों को व्यक्त कर सके।

## सांसद द्वारा सामूहिक विवाह उत्सव-2025 की तैयारी में जोर-शोर से जुटे सभी 101 जोड़ों के अभिभावक



संवाददाता

**हजारीबाग।** लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह उत्सव-2025 की तैयारियां तेज हो गई हैं। 2 फरवरी को हजारीबाग स्टेडियम में होने वाले इस कार्यक्रम में 101 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न होगा। सोमवार को सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग शहर के नीलांबर-पीताम्बर चौक स्थित स्नो वेली शादी घर सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में सभी चयनित जोड़ों के अभिभावकों से संवाद करते हुए सांसद ने कहा कि वे इसे एक पारिवारिक उत्सव की तरह मनाएं और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करें।सांसद ने बताया कि शादी के पारंपरिक रस्में जोड़ों के घर पर ही पूरी की जाएंगी, जबकि जयमाला और अन्य शाही विवाह कार्यक्रम हजारीबाग स्टेडियम में वैभवपूर्ण तरीके से आयोजित किए जाएंगे। वर पक्ष के लोग सिमरा रेस्ट हाउस के पास स्थित जीडी गोयनका स्कूल से बारात लेकर हजारीबाग स्टेडियम पहुंचेंगे। वधू पक्ष के लोग होटल सनराइज इन में ठहरेंगे। आयोजन में सभी पक्षों को 10-10 पास दिए जाएंगे और बाकी अतिथियों को आमंत्रित किया जा सकता है। विदाई के बाद गृहस्थी के समान की व्यवस्था वर पक्ष द्वारा की जाएगी।बैठक में सांसद मनीष जायसवाल ने कन्याओं के लिए चूड़ी, चप्पल और वर पक्ष के लिए जूते का नाप भी लिया। सांसद ने यह भी आश्वासन दिया कि इस आयोजन को शाही शादी की तर्ज पर ऐतिहासिक बनाया जाएगा और शादी के बाद इन जोड़ों के जीवन में किसी भी जरूरत पर वे एक भाई की तरह हमेशा सहयोग के लिए तैयार रहेंगे।बैठक में सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, अजय कुमार साहू, विजय कुमार, रवि शर्मा, अनूप ठाकुर, अविनाश कुमार सोनू, विजय वर्मा, रवि शर्मा, रूपम ओझा, विकास कुमार, मृणाल, अभिषेक, राजेश, और सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## हजारीबाग प्रेस क्लब ने सरस्वती पूजा और गणतंत्र दिवस मनाने के लिए बनाई समिति



संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग प्रेस क्लब के सदस्यों ने आगामी गणतंत्र दिवस और सरस्वती पूजा के आयोजन को लेकर प्रेस क्लब भवन में एक बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता हजारीबाग प्रेस क्लब के अध्यक्ष मुरारी सिंह ने की, जबकि सचिव विस्मय अलंकार ने बैठक का संचालन किया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि गत वर्ष की तरह इस साल भी गणतंत्र दिवस और सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाई जाएगी। इसके सफल आयोजन के लिए एक समिति का गठन किया गया, जिसमें दीपक सिंह को अध्यक्ष, सागर कुमार को सचिव और सीतेश तिवारी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा, प्रेस क्लब के अन्य वरिष्ठ सदस्य जैसे राजकुमार गिरी शानू, अर्जुन सोनी, उमेश पांडे, भास्कर उपाध्याय, और कई अन्य पत्रकार भी उपस्थित थे। समिति ने आयोजन की पूरी रूपरेखा तैयार की और सभी कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करने का संकल्प लिया।

## झोला छाप चिकित्सक फरार, जांच में आई बड़ी बाधा, प्रशासन ने दी कड़ी चेतावनी



संवाददाता

**कटकमसांडी ।** हजारीबाग के सिविल सर्जन के आदेश पर सीएचसी के एमओआईसी डॉ० भूषण राणा ने पुलिस टीम के साथ बहिमर चौक स्थित एक अवैध क्लिनिक की जांच के लिए छापा मारा। लेकिन जांच टीम के पहुंचने से पहले ही झोला छाप चिकित्सक ए. विश्वास ने अपना क्लिनिक बंद कर फरार हो गया। यह कार्रवाई तब हुई जब शिकायतकर्ता नितीश यादव ने उपायुक्त और सिविल सर्जन से लिखित शिकायत कर इस चिकित्सक के गलत इलाज और फर्जी प्रमाणपत्र जारी करने की जांच की मांग की थी। सिविल सर्जन के आदेश पर जांच के दौरान क्लिनिक बंद पाया गया। इस पर एमओआईसी डॉ० भूषण राणा ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों और झोला छाप चिकित्सकों के खिलाफ जल्द ही कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और भविष्य में ऐसी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने का आश्वासन दिया है।

## श्री श्री 1008 रुद्र चंडी महायज्ञ का शुभारंभ



संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज अस्पताल के नीमेश्वर महावीर मंदिर प्रांगण में 1008 रुद्र चंडी महायज्ञ का भव्य आयोजन हुआ, जिसका विधिवत उद्घाटन सोमवार को हुआ। इस मौके पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने यज्ञ की शुरूआत के अवसर पर मंदिर परिसर को आस्था का केंद्र बताया और कहा कि यह मंदिर न केवल मरीजों के परिजनों के लिए, बल्कि चिकित्सकों के लिए भी आस्था का स्थल बन चुका है।कलश यात्रा की शुरूआत बहुत ही श्रद्धा और भक्ति भाव से की गई, जिसमें 151 कलशयात्रियों ने पारंपरिक परिधानों में जल यात्रा की। यात्रा का नेतृत्व करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने भी श्रद्धा से कदमताल किया और कलश यात्रियों को आशीर्वाद दिया। यात्रा का मार्ग अन्नदा चौक, बंशीलाल चौक और झंडा चौक से होते हुए यज्ञ मंडप तक था। इस दौरान यज्ञ मंडप को फूलों और विद्युत रोशनी से सजाया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्ति और श्रद्धा में डूब गया। इस आयोजन में यज्ञाचार्य कृष्णा पंडित, आचार्य सूर्यकांत त्रिपाठी, और उपाचार्य नीतेश शास्त्री सहित कई विद्वान कार्यरत रहे। इस भव्य आयोजन की सफलता के लिए यज्ञ आयोजन समिति के अध्यक्ष नीरज कुमार, उपाध्यक्ष विकी कुमार सिंह, सचिव राजेश कुमार यादव और कोषाध्यक्ष आशीष कुमार सिन्हा सहित कई अन्य लोग भी पूरी श्रद्धा से समर्पित थे।

**कला** हजारीबाग की शान, कलाकारों की पहचान

# सब पर भारी, यदि मंच पर हो इम्तियाज बिहारी

प्रदीप पाठक



**हजारीबाग।** हजारीबाग के पगमल निवासी एसएम इम्तियाज एक बहुमुखी प्रतिभाशाली कलाकार हैं, जिन्हें उनकी अनगिनत कला और उपलब्धियों के लिए जाना जाता है। इम्तियाज की आवाज और गायकी की दुनिया में गहरी पहचान है, खासकर फिल्मी गीत, गजल, कव्वाली, सूफियाना, भोजपुरी और नागपुरी गायकी के क्षेत्र में। इसके अलावा, वे एक अनुभवी और प्रतिष्ठित उदघोषक भी हैं, जिन्होंने अपने अद्वितीय शैली से कई मंचों पर धूम मचाई है।इम्तियाज का करियर फिल्मी और संगीत जगत के दिग्गज कलाकारों के साथ काम करने से लेकर मंचीय अभिनय तक फैला हुआ है। वे राजकुमार, शत्रुघ्न सिन्हा, दिलीप कुमार, अजीत, केस्टो मुखर्जी जैसे महान कलाकारों के साथ काम कर चुके हैं। उनकी मिमिक्री कला, चुटकुले और गीतों की प्रस्तुति ऐसी है कि मंच पर इम्तियाज बिहारी का नाम आते ही दर्शकों को एक बेहतरीन अनुभव का यकीन हो जाता है। 1995 में आधा चांद नाटक में पिता के रूप में उनका अभिनय और फिल्म ₹मैया तोहरे खातिर₹ में दबंग नेता का किरदार भी उनकी बहुमुखी कला का प्रमाण है, जिसे कला प्रेमियों ने खूब सराहा।इम्तियाज ने 1980 में उदघोषक के रूप में अपने करियर की शुरूआत की थी। इस दौरान उन्होंने कई बड़े कार्यक्रमों का संचालन किया। 1986 में सांस्कृतिक विकास केंद्र नवाबगंज से गजल और कव्वाली का प्रशिक्षण प्राप्त किया, जहां उन्होंने स्वर्गीय कलाम आजाद कव्वाल से संगीत की बारीकियां सीखी। इसके बाद प्रयाग संगीत समिति इलाहाबाद से शोभा सिन्हा के निर्देशन में संगीत में प्रभाकर की डिग्री प्राप्त की।1992 में सांस्कृतिक विकास केंद्र में रहते हुए उन्होंने अपने दोस्तों के साथ मिलकर नगमा आर्केस्ट्रा की स्थापना की और उस समय कई यादगार कार्यक्रमों का आयोजन किया। इन कार्यक्रमों ने संगीत प्रेमियों और कलाकारों के बीच इम्तियाज की पहचान को और मजबूत किया।इम्तियाज का संगीत और कला के प्रति लगाव सिर्फ मंच तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने स्वर्गीय पुष्पा आर्य के साथ मिलकर हजारीबाग के इंदरपुरी चौक स्थित राजा बांग्ला में पुष्प दीप संगीत संस्था की स्थापना की, जहां वे फिल्मी गीतों और नृत्य की प्रशिक्षण देते हैं। इस संस्था के माध्यम से उन्होंने कई युवा कलाकारों को संगीत और नृत्य में प्रशिक्षित किया, जो आज बड़े मंचों पर अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं।इम्तियाज के योगदान को उनकी कला के क्षेत्र में निरंतर सम्मानित किया गया है। 1989 में जवाहरलाल नेहरू जन्म शताब्दी समारोह के युवा महोत्सव में डीसी अशोक कुमार द्वारा उन्हें गजल गायकी के लिए प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया था। इसके साथ ही उनकी कला से प्रभावित होकर डीसी ने उन्हें स्टांप भेंडर का लाइसेंस भी दिया, जो अब उनके जीविकोपार्जन का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत है।आज भी उनका मंच से गहरा जुड़ाव है और उनका दिल हमेशा उसी जोश और समर्पण के साथ धड़कता है, जैसा कि पहले था। वे न केवल हजारीबाग, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत बने हुए हैं।

## यात्री बसों का औचक निरीक्षण एवं जांच

संवाददाता

**हजारीबाग।** जिले में परिवहन विभाग द्वारा यात्री बसों का औचक निरीक्षण किया गया, जो कि जिले के यात्री परिवहन व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम था। यह निरीक्षण जिला परिवहन पदाधिकारी बैजनाथ कामति के नेतृत्व में पुराने बस स्टैंड हजारीबाग में किया गया। निरीक्षण के दौरान कई बसों के टैक्स का भुगतान नहीं किया गया था, जिससे विभाग ने बसों के मालिकों को कड़ी चेतावनी दी। उन बसों पर स्टीकर चिपकाकर उन्हें चिन्हित किया गया और मालिकों को नोटिस भेजा गया। नोटिस में स्पष्ट तौर पर कहा गया कि बसों के फिटनेस को दुरुस्त किया जाए और साथ ही टैक्स का भुगतान तुरंत किया जाए। विभाग ने यह भी चेतावनी दी कि अगर यह कार्रवाई नहीं की जाती, तो नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी और बसों को परिचालन से रोका जा सकता है। विजय गौतम और सड़क सुरक्षा टीम भी शामिल थीं।इस औचक निरीक्षण से यह भी सुनिश्चित किया गया कि यात्री बसें पूरी तरह से फिट और सुरक्षित हों, ताकि यात्रियों को कोई परेशानी न हो और उनका सफर सुरक्षित रहे। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया और उम्मीद की जा रही है कि इससे यात्री बसों के संचालन में सुधार होगा और बस मालिकों में जिम्मेदारी का अहसास होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध रूप से नादिया में छिपे दलाल समेत दो बांग्लादेशी घुसपैठिए गिरफ्तार



**कोलकाता।** दो बांग्लादेशी घुसपैठियों ने सीमा पार कर नादिया में एक दलाल के घर में शरण ली थी। वे कल रात बांग्लादेश वापस जाने की कोशिश कर रहे थे। उस समय पुलिस ने उसे पकड़ लिया। घटना नादिया के हशखाली थाना क्षेत्र में घटी। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, दोनों युवक कुछ महीने पहले बांग्लादेश से सीमा पार कर अवैध रूप से इस देश में घुसे थे। वह नादिया के हांशखली इलाके में एक रिश्तेदार के घर पहुंचे। बाद में पुलिस पूछताछ में पता चला कि वे दोनों किसी रिश्तेदार के घर में नहीं बल्कि एक दलाल के घर में रह रहे थे। इस बीच, राणाघाट जिला पुलिस ने घुसपैठ के मुद्दे को लेकर उन इलाकों में तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। कई घुसपैठियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। उस माहौल में, दोनों युवकों ने कल रात यानि रविवार सीमा पार कर बांग्लादेश लौटने की योजना बनाई। वे दलाल के साथ रात में सीमा की ओर जा रहे थे। यह खबर गुप्त स्रोत से पुलिस तक पहुंची। हांसखाली थाने की पुलिस ने पीछा कर तीनों को पकड़ लिया। पूछताछ सड़क पर शुरू हुई। दोनों युवक कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सके। बाद में पुलिस पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि वे बांग्लादेश लौट रहे थे। पुलिस ने दलाल समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगों को आज जब अदालत में पेश किया गया तो उन्हें पुलिस हिरासत में लेने का अनुरोध किया गया।

### युवक पर धारदार हथियार से हमला, आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता।** एक समारोह के दौरान एक युवक पर धारदार हथियार से हमला किया गया। घटना रविवार रात पूर्वी मोदिनीपुर के कांथी के दरुआ गांधी रोड इलाके में घटी। पुलिस ने आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। पूरी घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, उस रात उस क्षेत्र में एक स्थानीय क्लब में कार्यक्रम चल रहा था। वहाँ बहुत सारे लोग इकट्ठे हुए थे। संगीत बज रहा था। तभी वहां मौजूद दो युवकों के बीच किसी बात को लेकर बहस शुरू हो गई। धीरे-धीरे वह झगड़ा मारपीट में बदल गया। तभी अचानक उनमें से एक ने दूसरे की गर्दन पर धारदार हथियार से वार कर दिया। युवक खून से लथपथ होकर मौके पर ही गिर पड़ा। उन्हें तुरंत बचा लिया गया और स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन फिर वहीं उनकी मृत्यु हो गई।

### श्री जगन्नाथ सेवा समिति की 15वीं वर्षगांठ मनाई गई



**कोलकाता।** कोलकाता के झिंझिरा बाजार के शांति संघ के सामने आयोजित श्री श्री जगन्नाथ फाउंडेशन द्वारा श्री जगन्नाथ सेवा समिति का 15वां वार्षिक भागवत पारायण महोत्सव रविवार को समाप्त हो गया। गुरुवार 16 तारीख को महोत्सव का उद्घाटन करते हुए स्थानीय विधायिका रत्ना चटर्जी ने कहा कि जगन्नाथ संस्कृति विश्व मानव की संस्कृति की है। इस संस्कृति में कोई भेदभाव नहीं है। उन्होंने ओड़िया लोगों की साथ है और रहेंगे। उन्होंने कहा कि ओड़िया लोगों की सांस्कृतिक और धार्मिक चेतना निराला है। ओड़िया की पूरी से आए पंडित भागवत पाधी के नेतृत्व में पंडित अशोक सतपथी, पंडित संतोष कुमार दीक्षित और पंडित कैलाश चंद्र पांडा इन चार दिनों की अवधि तक पूजा में भाग लिया। श्रोता के रूप में बिमल दास और उत्तम दास थे, जबकि निर्मल दास कर्त्ता थे। पंडित भागवत पाढ़ी प्रतिदिन जगन्नाथ प्रेमी को भागवत के रहस्यों के बारे में बताते थे। उन्होंने कहा भागवत सुनने से मोक्ष की प्राप्ति होती है।

### होंडा एसपी 125 बाइक ने बाजार में मचाया तहलका, लांचिंग कार्यक्रम हुआ धूमधाम से संपन्न



**सीवान।** महाराजगंज अनुमंडल मुख्यालय स्थित आरबीजीआर कॉलेज के प्रांगण में आज होंडा बाइक कंपनी ने अपने नए मॉडल होंडा एसपी 125 को लांच किया। यह लांचिंग कार्यक्रम बड़े धूमधाम और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर दरौंदा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया।लांचिंग के दौरान, विधायक कर्णजीत सिंह ने कहा कि होंडा एसपी 125 बाइक को आम लोगों की सुविधा और आराम के दृष्टिकोण से तैयार किया गया है। इसका डिजाइन और तकनीकी विशेषताएँ इस प्रकार से बनाई गई हैं कि लोगों को कोई भी परेशानी न हो, चाहे वह शहर की सड़कों पर हो या ग्रामीण इलाकों में। उन्होंने कहा कि यह बाइक स्थानीय लोगों के बीच लोकप्रिय होगी और बाजार में अच्छा प्रदर्शन करेगी।होंडा कंपनी के एरिया मैनेजर सुमित सेन ने इस मौके पर कहा कि होंडा एसपी 125 एक बेहद मजबूत बाइक है, जो न केवल सुरक्षित है, बल्कि लोगों के आराम को ध्यान में रखते हुए बनाई गई है। बाइक की सवारी में कोई असुविधा न हो, इसके लिए इसके सस्पेंशन और डिजाइन पर खास ध्यान दिया गया है।कार्यक्रम में देव होंडा सिवान के मालिक अजय सिंह और बलवंत होंडा महाराजगंज के मालिक सुजीत कुमार सिंह के साथ-साथ बलवंत प्रताप सिंह और क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। इसके अलावा, सैकड़ों लोग भी कार्यक्रम में शामिल हुए और बाइक की खरीदारी की।इस लांचिंग समारोह के बाद से होंडा एसपी 125 की बिक्री में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है, क्योंकि यह बाइक अपने किफायती दाम और शानदार फीचर्स के कारण बाजार में धूम मचाने के लिए तैयार है।

### 50 हजार का ईनामी अपराधी गिरफ्तार

**नवादा।** जिले में वारिसलीगंज थाना कांड संख्या- 94/24, लूट कांड के 50 हजार का ईनामी अपराधी को पुलिस ने सोमवार को खरांठ मोड़ के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधी नालंदा जिला के दीपनगर थाना स्थित नवीनगर गांव निवासी राजु यादव उर्फ राजीव उर्फ मास्टर साहब के पुत्र विपिन उर्फ आर्यन,जो जिला के टॉप टेन अपराधियों में शामिल है। गिरफ्तार अपराधी पर पुलिस ने 50 हजार का इनाम भी रखा था। इस मामले का उद्भेदन करते हुए पत्रकार वार्ता के जरिए पकरीबरावां एसडीपीओ महेश चौधरी ने बताया कि इससे पहले तीन अपराधियों नवादा जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र स्थित शेरपुर निवासी पप्पू पंडित के पुत्र मुस्कान कुमार,खगड़िया जिले के मानसीर थाना क्षेत्र स्थित अमनी गांव निवासी देवेंद्र सिंह के पुत्र धनंजय कुमार और नालंदा जिले के सिलाव थाना क्षेत्र के हरियरी विगहा निवासी दिनेश प्रसाद के पुत्र पवन कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। साथी ही 25 जुलाई 2024 को सूरज कुमार को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि शेष एक बचे विपिन उर्फ आर्यन को गिरफ्तार किया गया, जिसे सोमवार को जेल भेज दिया गया।

## आरजी कर मामला : ममता बनर्जी ने संजय रॉय पर की टिप्पणी

# 'मैं फांसी की मांग को लेकर सड़कों पर उतरी थी'

संवाददाता



**कोलकाता।** एक युवा डॉक्टर के बलात्कार-हत्या मामले में फैसला आ गया। अधिकांश लोग चाहते थे कि उसे मृत्युदंड दिया जाए। सोमवार को सजा सुनाए जाने से ठीक पहले जिले के दौरे पर रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री ने भी यही बात कही थी। पत्रकारों से मुखातिब होते हुए उन्होंने कहा, 'हर कोई मृत्युदंड चाहता है।' मैं मृत्युदंड की मांग को लेकर सड़कों पर उतरने वाला पहला व्यक्ति थी। सभी लोग उतर गए। अदालत ने पहले भी कई बलात्कार-हत्या मामलों में दोषियों को मौत की सजा सुनाई है। पुलिस ने बहुत अच्छा काम किया। हालाँकि, न्यायाधीशों को सजा सुनाने में कुछ समय लगा। 'उन्हें सभी पहलुओं पर गौर करके निर्णय लेना पड़ा।'

पिछले वर्ष 9 अगस्त को, आरजी कर की क्रूर घटना के तीन दिन बाद, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मृतक डॉक्टर के घर गयीं और परिवार को न्याय का आश्वासन दिए थे। पुलिस को आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए समय सीमा दी गई थी। वह शीघ्र सुनवाई चाहते थे। हालांकि, अदालत के आदेश पर सीबीआई ने घटना की जांच अपने हाथ में ले ली। मुख्यमंत्री और महिला तृणमूल सदस्य जांच शीघ्र पूरी करने और अपराधी को फांसी देने की मांग को लेकर सड़कों पर उतर आईं। दोषी सिभिक वालंटियर संजय रॉय को 164 दिनों की जांच के बाद सजा सुनाई गयी। उसे मृत्युदंड या आजीवन कारावास की सजा दी जाएगी, सब इस पर नजर रखे थे।

और सजा सुनाए जाने से ठीक पहले, सोमवार को जिले के दौरे पर जाने से पहले, मुख्यमंत्री ने एक बार फिर प्रभावी ढंग से मृत्युदंड की वकालत की। उन्होंने कहा, 'अधिकतम सजा मौत है।' मैं फांसी की मांग को लेकर सड़क पर उत्तरी थी। कई लोगों ने फांसी के समर्थन में मार्च निकाला और विरोध प्रदर्शन किया है। राज्य में कई मामलों में मौत की सजा सुनाई जा चुकी है। पुलिस ने बहुत अच्छा काम किया है। सजा इस बात पर निर्भर करेगी कि मामला किस प्रकार का है।

न्यायाधीशों को सजा सुनाने में कुछ समय लगा। 'उन्हें हर चीज की जांच करनी होगी और घोषणा करनी होगी।' मुख्यमंत्री आज चार दिवसीय दौरे पर जिले के लिए रवाना हुए। मुर्शिदाबाद में आधिकारिक समारोह पूरा करने के बाद वह दोपहर में मालदा गए। इसके बाद वह अलीपुरद्वार और कूचबिहार का दौरा किये।

## संजय को फांसी नहीं, आजीवन कारावास की सजा क्यों दी गई?

## ऐसी क्रूर घटना के लिए न्यायाधीश का स्पष्टीकरण क्या है?

संवाददाता



**कोलकाता।** फांसी नहीं, बल्कि आजीवन कारावास। सियालदह अदालत ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक युवा डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के दोषी संजय रॉय को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। लेकिन क्यों? न्यायाधीश अनिर्बान दास ने सोमवार को फैसला सुनाते हुए कहा, 'यह कोई दुर्लभतम मामला नहीं लगता।' गौरतलब है कि भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता के अनुसार, 'रेयरेस्ट ऑफ द रेयर' का बांग्ला अनुवाद दुर्लभतम अपराधों के लिए मृत्युदंड है। अपराध कितना गंभीर है? इसका समाज पर कितना नकारात्मक प्रभाव पड़ता है? सबूत कितने मजबूत हैं? ये सभी निर्णय न्यायाधीश द्वारा लिये जाते हैं।

न्यायाधीश ने भारी हंगामे के बीच सियालदह अदालत के 210 नंबर कक्ष्या में सजा सुनाई। सीबीआई, पीड़ित परिवार और संजय के वकीलों के बीच करीब 32 मिनट तक बहस हुई। संजय ने अदालत में अपना मामला पेश किया। वह कटघरे में खड़े होकर रो पड़ा। उन्होंने बार-बार खुद को निर्दोष बताया है। उनके वकीलों ने अपील की कि उनके मुवक्किल को सुधार का अवसर दिया जाए। इसके बाद न्यायाधीश ने अपराह्न 2:45 बजे फैसला सुनाया। इस बीच, संजय के खिलाफ कोई प्रत्यक्ष सबूत नहीं है। आरजी कर मामले में फैसला परिस्थितिजन्य साक्ष्य पर आधारित था। बचाव पक्ष की वकील कविता सरकार और सेनजुती चक्रवर्ती ने बार-बार अपने मुवक्किलों को अपनी गलतियों को सुधारने का मौका दिए जाने के पक्ष में तर्क दिया। यह निर्णय उस आवेदन को ध्यान में रखते हुए किया गया।

# नादिया सीमा पर कंटीले तारों को लेकर बीएसएफ नई मुसीबत में!

संवाददाता



**कोलकाता।** इस बार बीएसएफ को नदिया के शिकारपुर में भारत-बांग्लादेश सीमा पर कंटीले तारों की बाड़ लगाने को लेकर जटिलताओं का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों की मांग है कि कंटीले तारों पर लोहे का गेट लगाया जाए। यदि बिना गेट के कंटीले तार लगा दिए गए तो वे पास की माथाभांगा नदी और पास के श्मशान घाट के पानी का उपयोग नहीं कर पाएंगे। हालाँकि, वे कांटेदार तार लगाने के खिलाफ नहीं हैं। बीएसएफ ने कहा कि ग्रामीणों की मांगों से उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। एक भाग में कंटीले तार लगाने का काम चल रहा है तथा शेष भाग में तारबंदी का काम चल रहा है।

शिकारपुर बीडीओ कार्यालय के बगल में माथाभांगा नदी के तट पर लगभग 1.3 किलोमीटर तक अब तक कंटीले तार की बाड़ नहीं थी। भूमि अधिग्रहण को लेकर बीएसएफ और बीजीबी के बीच लंबी बातचीत के बाद जटिलताओं को पार करते हुए लगभग छह महीने पहले कांटेदार तार की बाड़ लगाने का काम शुरू हुआ। लोहे के एंगल और खंभों की स्थापना का काम पहले ही पूरा हो चुका है। मुरुटिया थाना क्षेत्र के शिकारपुर कुटीपाड़ा इलाके में उस एंगल पर कंटीले तार लगाने का काम शनिवार की सुबह शुरू हुआ। तभी गांव वालों ने विरोध प्रदर्शन किया।

शिकारपुर ग्राम पंचायत के उप प्रधान तपन रॉय और करीमपुर-1 पंचायत समिति के कार्यकारी निदेशक तापस मंडल ग्रामीणों के साथ मौके पर मौजूद थे। दोनों ने कहा, 'ग्रामीण लंबे समय से लोहे के गेट लगाने की मांग कर रहे है।' बीएसएफ ने वादा किया था कि यद्यपि इस क्षेत्र में कांटेदार तार की बाड़ लगाई जाएगी, फिर भी क्षेत्र के लोगों की सुविधा के लिए इस स्थान पर एक गेट लगाया जाएगा। लेकिन शनिवार को ग्रामीणों ने देखा कि हर जगह गेटों की जगह कंटीले तारों की बाड़ लगाई जा रही थी। गांव वालों ने इस पर आपत्ति जताई। 'हमने बीएसएफ से भी बात की है, उन्होंने कहा है कि वे इस मामले पर उच्च अधिकारियों से बात करेंगे।'

# सौ से अधिक लोगों ने सुनाई कैंसर और थैलेसीमिया से मुक्ति की कहानी

संवाददाता




**कोलकाता।** कैंसर का मतलब जीवन का अंत नहीं है और थैलेसीमिया का मतलब मौत का इंतजार करना नहीं है। सौ से अधिक लोगों ने यह बताया कि इन समस्याओं को कैसे हराकर सामान्य जीवन जिया जा सकता है। इनमें से कुछ जटिल रक्त कैंसर से पीड़ित थे और कुछ थैलेसीमिया जैसे अनुवांशिक विकार से। बीमारी का पता चलने के बाद, कई लोगों ने जीने की उम्मीद लगभग छोड़ दी थी। लेकिन थोड़े समय के इलाज के बाद उन्होंने आशा की किरण देखी और आखिरकार स्वस्थ जीवन में लौट आए। अब वे समाज की मुख्यधारा में लौटकर स्वस्थ और सामान्य जीवन जी रहे हैं।

इन्होंने अपनी रोगमुक्ति की कहानियां उन लोगों के साथ साझा कीं, जो अभी पूरी तरह ठीक होने की प्रतीक्षा में हैं। सभी लोग शनिवार को कोलकाता के महाजाति सदन में आयोजित उज्जीवन पेशेंट सर्वाइवर मीट 2025 में एकत्र हुए। यह आयोजन स्वयंसेवी संस्था पिकनिक गार्डन लीला सेवा सोसाइटी द्वारा किया गया था।

भाग लेने वालों ने बताया कि कैंसर या थैलेसीमिया से न केवल पूरी तरह ठीक होना संभव है, बल्कि इन जानलेवा बीमारियों से उबरने के बाद सामान्य जीवन में भी वापस लौटा जा सकता है।

पिछले कुछ वर्षों में, प्रख्यात रक्त रोग विशेषज्ञ डॉ. सौम्य भट्टाचार्य ने उचित उपचार के माध्यम से कई कैंसर और थैलेसीमिया रोगियों को ठीक कर सामान्य जीवन में वापस लाने का काम किया है। उनकी अपील पर सैकड़ों थैलेसीमिया और कैंसर विजेता इस वार्षिक मिलन समारोह में शामिल हुए।

इस कार्यक्रम में उन्होंने अपनी रोगमुक्ति की कहानियां साझा कीं और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया।

डॉ. सौम्य भट्टाचार्य ने कहा, 'इन लोगों ने साबित कर दिया है कि सही तरीके से बीमारी का निदान और इलाज करके जटिल से जटिल कैंसर और थैलेसीमिया को ठीक किया जा सकता है।'

## पुलिस कर्मियों से गाली-गलौज और मारपीट करने के आरोप में दो गिरफ्तार

संवाददाता

**कोलकाता।** डोमकल, गोयालपोखर के बाद कुलतली। पुलिस पर फिर हमला किया गया। सड़क पर पार्किंग को लेकर विवाद चल रहा था। उसके कारण ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट की गई तथा उन्हें अपशब्द कहे गए। इस घटना में दो आरोपियों सुखेन दास और स्वपन दास को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यह हमला दक्षिण 24 परगना के कुलतली जामताला बाजार इलाके में हुआ। चार दोस्त गाड़ी लेकर यात्रा कर रहे थे। रविवार की रात घर लौटते समय चार दोस्तों ने अपनी कार रास्ते पर खड़ी कर चाय पीने चले गए। सड़क पर खड़ी कारों के कारण यातायात जाम हो गया। ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारी कार को हटाने पर चर्चा करने के लिए वहां पहुंचे। जब युवकों से कार हटाने को कहा गया तो वे भड़क गए।

सड़क पर पुलिस के साथ बहस शुरू हो गई। इसी बीच दो युवकों ने पुलिस पर हाथ उठा दिया। आरोप है कि पुलिस के साथ भी दुर्व्यवहार किया गया। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। कुछ ही देर में अन्य पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए। सुखेन दास और स्वपन दास को मारपीट और हमले के आरोप में गिरफ्तार कर पुलिस थाने ले जाया गया। गिरफ्तार किये गये लोग बरूईपुर के उत्तरी भाग के निवासी हैं। बताया गया है कि पुलिस स्टेशन में गिरफ्तार लोगों ने अपना अपराध कबूल कर लिया है।

### 'फर्जी' डिग्री विवाद में जूनियर डॉक्टर को पुलिस ने किया तलब

# हाजिर होने से पहले हाई कोर्ट में आंदोलनकारी आसफाकुल्ला

संवाददाता



**कोलकाता।** पुलिस ने आरजी कर के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टर को तलब किया है, जिन पर कथित तौर पर अपनी योग्यता से अधिक डिग्री दिखाकर एक निजी अस्पताल में चिकित्सा का अभ्यास करने का आरोप है। सोमवार को आसफाकूल्ला नैया ने बिधाननगर कमिश्नरी में पेश होने से पहले जारी समन का विरोध करते हुए कोलकाता हाई कोर्ट में मामला दायर किया। इस दिन न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष ने मामला दायर करने की अनुमति दे दी। हालाँकि, बताया गया है कि मामले की सुनवाई की तारीख अभी तय नहीं हुई है।

पिछले सप्ताह पुलिस ने काकद्वीप में आसफाकूल्ला के घर की तलाशी ली थी और अगले दिन उन्हें नोटिस भेजकर विधाननगर पुलिस आयुक्तालय में बुलाया गया तथा उपस्थित होने का आदेश दिया गया। कई घटनाओं के मद्देनजर आरजी कर के जूनियर डॉक्टर आसफाकूल्ला ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। इससे पहले भी फर्जी डिग्री के आरोप में उन पर पुलिस जांच चल चुकी है। उस घटना का हवाला देते हुए जूनियर डॉक्टर ने अदालत में शिकायत की कि उसके खिलाफ लगाए गए आरोप पूरी तरह से अवैध हैं। वह चिकित्सा में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इसलिए फर्जी डिग्री का आरोप बेतुका है। आसफाकूल्ला ने आगे दावा किया कि उनके खिलाफ विभिन्न पुलिस थानों में विभिन्न धाराओं के तहत मामले दर्ज किए गए हैं। 30 पुलिस अधिकारी घर पर गए और उसकी तलाशी ली। परिवार भयभीत है। आसफाकूल्ला ने इन सबके खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाया।

एक अखबार में विज्ञापन में जूनियर डॉक्टर आसफाकुल्ला नाम के आगे एम.एस. (ईएनटी) की डिग्री लिखी हुई थी। और यहीं से सारा विवाद शुरू हुआ। आगे आरोप यह है कि आसफाकुल्ला नैया निजी तौर पर प्रैक्टिस कर रहे हैं, जो नियमों के विरुद्ध है। उनके खिलाफ साल्ट लेक के इलेक्ट्रॉनिक्स कॉम्प्लेक्स पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस गुरुवार को उस मामले में अदालती समन लेकर काकद्वीप के हारवुड प्वाइंट स्थित आसफाकूल्ला के घर पहुंची। खोज जारी रही। कई दस्तावेज बरामद किये गये। इसके बाद शुक्रवार को बिधाननगर पुलिस कमिश्नरेट ने आसफाकुल्ला को समन भेजा। उन्हें सोमवार को सुबह 11 बजे तक पुलिस कमिश्नरेट में उपस्थित होने का आदेश दिया गया था। नोटिस के जवाब में आसफाकुल्ला ने इस दिन गणमाध्यम से कहा कि वह पुलिस के साथ सहयोग करेंगे। वह कमिश्नरेट कार्यालय में उपस्थित होंगे।

# राम मंदिर उद्घाटन की पहली वर्षगांठ मना रहा है रामायण सांस्कृतिक केंद्र

संवाददाता

**कोलकाता।** 22 जनवरी, 2024 को भारत अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के साथ एक महत्वपूर्ण अवसर का साक्षी बना, जो लाखों भक्तों की दशकों लंबी यात्रा का समापन था। इस ऐतिहासिक क्षण ने न केवल एक लंबे समय से प्रतीक्षित सपने को पूरा किया, बल्कि भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के पुनरुद्धार की भी शुरुआत की। जैसा कि दुनिया 2025 में राम मंदिर की पहली वर्षगांठ का जश्न मना रही है, चंद्रशेखर बावनकुले की पहल से स्थापित नागपुर के कोराडी मंदिर परिसर में स्थित रामायण सांस्कृतिक केंद्र, सांस्कृतिक संरक्षण और शिक्षा के एक प्रकाश स्तंभ के रूप में उभर कर भगवान राम के मूल्यों और आदर्शों को सम्मान देने के लिए तैयार है।

इस शुभ अवसर पर कोराडी मंदिर में एक विशेष भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस आयोजन में स्थानीय भजन मंडलियों ने प्रभु श्रीराम की महिमा का गुणगान करते हुए भक्तिमय वातावरण बनाया। भजन संध्या में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से मंदिर के विश्वस्त मंडळ की उपस्थिति रही, जिन्होंने भक्तों को राम मंदिर के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व के बारे में बताया। दर्शनार्थियों के लिए कोराडी मंदिर परिसर में स्थित रामायण सांस्कृतिक केंद्र इमर्सिव प्रदर्शनियों, इंटरैक्टिव प्रतिष्ठानों और शैक्षिक कार्यशालाओं के माध्यम से रामायण की कालातीत शिक्षाओं को जीवंत करता है। यह केंद्र क्षेत्रीय विकास और भारत के नए पर्यटन स्थल का एक अभिन्न अंग भी बन गया है, जो दुनिया भर से पर्यटकों और विद्वानों को आकर्षित कर रहा है।




देश भर से पर्यटक रामायण सांस्कृतिक केंद्र का अनुभव करने और आधुनिक प्रदर्शनियों और कार्यशालाओं के माध्यम से रामायण की शिक्षाओं को जानने के लिए जा रहे हैं। चंद्रशेखर बावनकुले की पहल से बना यह केंद्र रामायण को नई पीढ़ी के लिए जीवंत बनाते हुए सभी क्षेत्रों से आने वाले आगंतुकों, विशेष रूप से युवा पीढ़ी को रामायण में निहित शिक्षाओं और मूल्यों का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है।

अत्याधुनिक तकनीक को पारंपरिक कहानी सुनाने को साथ जोड़कर, केंद्र आगंतुकों, विशेष रूप से युवाओं को आधुनिक और सार्थक तरीके से प्राचीन पाठ से जुड़ने के लिए एक अनूठा स्थान प्रदान करता है। रामायण सांस्कृतिक केंद्र सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व का एक असाधारण स्थान है, जिसका ध्यान कला और कहानी सुनाने के माध्यम से रामायण को प्रदर्शित करने पर है। केंद्र में 'रामायण दर्शनम हॉल' है, जिसमें रामायण के दृश्यों को दर्शाने वाली 120 से अधिक विस्तृत आयल पेंटिंग हैं, जो आगंतुकों के लिए महाकाव्य को जीवंत बनाती हैं।

सांस्कृतिक शिक्षा और सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए, रामायण सांस्कृतिक केंद्र राम मंदिर की विरासत को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि आने वाली पीढ़ियाँ रामायण की शाश्वत शिक्षाओं से प्रेरणा लेती रहेंगी। आने वाले वर्ष में, रामायण सांस्कृतिक केंद्र निरंतर फलता-फूलता रहेगा, जो अपनी विरासत को संरक्षित करने, एकता को बढ़ावा देने और भावी पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता का प्रतीक बनेगा।

नागपुर के निकट कोराडी मंदिर परिसर में स्थित रामायण सांस्कृतिक केंद्र का उद्घाटन भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने 2023 में किया था, जिसका उद्देश्य न केवल भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवंत करना है, बल्कि इस क्षेत्र में पर्यटन और अन्य विकास कारकों को बढ़ावा देना भी है। रामायण सांस्कृतिक केंद्र भारतीय विद्या भवन के उपाध्यक्ष और ट्रस्टी श्री बनवारीलालजी पुरोहित की खोज है।

# संक्षिप्त खबरें

## हरिहरगंज में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन हरिहरगंज मुखिया सरोज कुशवाहा ने किया



हरिहरगंज। हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र में बंजारी मोहल्ला स्थित मैदान में आयोजित शार्ट बाउंड्री नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन हरिहरगंज के मुखिया सरोज कुशवाहा ने फीता काटकर किया। इस टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों में युवाओं का भविष्य समाहित है। उन्होंने कहा कि अगर युवा अपनी पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी रुचि रखते हैं और सही दिशा में मेहनत करते हैं, तो वे जीवन में निश्चित ही सफलता प्राप्त कर सकते हैं।पहले मैच में छकन बाग और डेमा क्रिकेट टीम के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें डेमा क्रिकेट टीम ने जीत हासिल की। मुखिया सरोज कुशवाहा ने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेलों से शारीरिक और मानसिक विकास दोनों होता है और यह युवा पीढ़ी को सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।इस अवसर पर टूर्नामेंट के अध्यक्ष आदिल ज्या, उपाध्यक्ष शबीर, बबलू उर्फ बली, सचिव नेहाल, फील्ड इंचार्ज सब्बू, मो राशिद फैजी, मो असलम, शिक्षक हरि मेहता और महबूब फैजी सहित खेल प्रेमी और अन्य लोग भी मौजूद थे। टूर्नामेंट में खिलाड़ियों और दर्शकों के उत्साह को देखते हुए यह कार्यक्रम सफल रहा और आगे भी ऐसे आयोजनों की आवश्यकता की बात की गई, ताकि युवाओं को खेलों के प्रति अधिक रुचि हो और वे अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ा सकें।

## जरासंध सेवा समिति द्वारा गरीबों और असहायों के बीच कंबल वितरण

**मेदिनीनगर।** जरासंध सेवा समिति द्वारा शाहपुर सेमर टाड़ में कड़ाके की ठंड को देखते हुए गरीब और असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विशेष रूप से वार्ड नंबर 33 की पार्षद चंचला देवी और समाजसेवी विजय चंद्रवंशी ने अपनी निजी खर्च से यह कार्य किया। चंचला देवी ने कंबल वितरण के दौरान कहा कि गरीबों और असहायों की मदद करना ही मेरा मुख्य उद्देश्य है और मैंने इसे अपनी जिम्मेदारी मानते हुए कई वर्षों से इस प्रकार के कार्य किए हैं। ठंड के इस मौसम में जब लोग अपने घरों में रजाई और कंबल के सहारे सो जाते हैं, वहीं असहाय लोग खुले में ठंडी रातें बिताने को मजबूर होते हैं। समाजसेवी विजय चंद्रवंशी ने भी इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि बढ़ती ठंड के कारण असहाय और गरीब लोग बहुत परेशान होते हैं, इस कंबल वितरण से उनकी समस्या कुछ हद तक हल होगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह कार्य भगवान के आशीर्वाद से किया गया है और जिनका कोई सहारा नहीं होता, उन्हें मदद करने का अवसर भगवान ही देता है। इस कंबल वितरण कार्यक्रम में कई अन्य समाजसेवी और स्थानीय लोग भी शामिल हुए। इस नेक कार्य की हर ओर सराहना की गई और सभी ने इसे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## पलामू एसपी ने विधानसभा 2024 के उत्कृष्ट पुलिसकर्मियों को किया सम्मानित




**पलामू।** विधानसभा चुनाव 2024 के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपने कर्तव्यों को पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाने के लिए पलामू पुलिस ने जिला के विभिन्न पुलिसकर्मियों और अधिकारियों को सम्मानित किया। यह सम्मान समारोह पलामू पुलिस एसपी रिष्मा रमेशन के कार्यालय में आयोजित किया गया।समारोह में एसपी रिष्मा रमेशन ने विशेष रूप से उन पुलिसकर्मियों की सराहना की, जिन्होंने विधानसभा चुनाव के दौरान बहादुरी और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि सभी पुलिसकर्मियों ने ईमानदारी और निष्ठा के साथ चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न कराया। एसपी ने यह भी कहा कि इस प्रकार के सम्मान न केवल कर्मियों के मनोबल को बढ़ाते हैं, बल्कि उन्हें भविष्य में और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित भी करते हैं।समारोह में पलामू पुलिस के सहायक सार्जेंट मेजर विमल चंद्रवंशी, मेदिनी नगर के ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद, पुलिस जवान विक्रांत दुबे, मनोज झा, राकेश कुमार, अनीश कुमार यादव, और मनीष कुमार सिंह समेत अन्य पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस अधिकारियों ने एसपी रिष्मा रमेशन का आभार प्रकट किया और कहा कि उनके नेतृत्व में पलामू पुलिस ने उग्रवाद और अपराध पर नियंत्रण पाया है और समाज में सुरक्षा की भावना को मजबूत किया है।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर सतबरवा में जागरूकता समारोह का आयोजन

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सतबरवा प्रखंड अंतर्गत धवादीह सीएमटीसी में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उमंग परियोजना के अंतर्गत झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी और पीसीआई इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरियों और माताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था।

# राज्य के मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने किसान मेला सह फसल प्रदर्शनी का भव्य उद्घाटन किया



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के शिवाजी मैदान में आयोजित जिला स्तरीय किसान मेला सह फसल प्रदर्शनी 2025 का उद्घाटन राज्य के वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास व संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने दीप प्रज्वलन करके किया। इस भव्य उद्घाटन समारोह में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, जिला पशुपालन अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, गव्य विकास अधिकारी, उद्यान विभाग के अधिकारी और जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए कई किसान, सामाजिक कार्यकर्ता और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने अपने संबोधन में पलामू जिले में कृषि के महत्व और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में कृषि विभाग की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमारे जिले में जब कम बारिश होती है, तो इससे सूखा की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जो किसानों के लिए गंभीर समस्या बन जाती है। ऐसे में, वर्षा जल संचयन जैसे उपायों को बढ़ावा देना आवश्यक है, ताकि फसल उत्पादन को बढ़ाया जा सके और सूखा की स्थिति से बचा जा सके।मंत्री ने कहा कि किसान की आय बढ़ाने के लिए सरकार ने कई योजनाएँ बनाई हैं और उनका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कृषि विभाग की योजनाएँ सीधे किसानों तक पहुँचें। उन्होंने किसानों को मछली उत्पादन और दूध उत्पादन पर भी ध्यान देने की सलाह दी और बताया कि इन क्षेत्रों में उत्पादन बढ़ाकर जिले के आर्थिक स्थिति को और सुदृढ़ किया जा सकता है। विशेष रूप से, मंत्री ने मछली उत्पादन में वृद्धि को जरूरी बताया और यह भी कहा कि पलामू से अन्य जिलों में मछली आपूर्ति की संभावना को लेकर योजनाएँ बनाई जाएं। इसके अलावा, उन्होंने पशुपालन विभाग से दुधारू गायों के वितरण में ग्रामीण क्षेत्रों को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया, ताकि दूध उत्पादन में भी वृद्धि हो सके।इस मौके पर मंत्री ने प्रदर्शनी में लगे विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया, जिनमें मत्स्य विभाग, पशुपालन विभाग, सहकारिता विभाग, भूमि संरक्षण विभाग, उद्योग विभाग, स्वास्थ्य विभाग और कृषि विभाग सहित अन्य विभागों के स्टॉल शामिल थे। इसके साथ ही, किसानों को इन विभागों द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं के बारे में जागरूक भी किया गया। मंत्री ने सभी अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने की बात की कि सरकार की योजनाएँ सही तरीके से और अंतिम व्यक्ति तक पहुँचें, ताकि किसानों को इसका पूरा लाभ मिल सके।

## बकरी पालन से बदला मालो देवी का जीवन



संवाददाता

**हजारीबाग।** कटकमसांडी प्रखंड के छोटे से गांव हरहद की निवासी मालो देवी की जीवन यात्रा एक प्रेरणा बन चुकी है। एक समय था जब उनके परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद खराब थी। मालो देवी के पति छोटन मेहता खेती करते थे, लेकिन पानी की कमी और खेती की असमर्थता ने परिवार को कठिनाइयों में डाल दिया था। उनका परिवार मुश्किलों से जूझ रहा था और उन्हें रोजी-रोटी की तलाश थी। ऐसे में मालो देवी ने अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए नया रास्ता अपनाने का निर्णय लिया। उन्हें बकरी पालन के बारे में जानकारी मिली और उन्होंने इस व्यवसाय को अपनाने का सोचा।शुरूआत में उन्हें बकरियों की देखभाल और पालन की कोई जानकारी नहीं थी, जिससे कई बकरियों की मौत भी हो गई। लेकिन उन्होंने हार मानने के बजाय संस्था द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रशिक्षण का लाभ लिया। लीड्स संस्था द्वारा संचालित लाइफ प्रोजेक्ट के अंतर्गत उन्हें 6000 रुपये की आर्थिक मदद दी गई, जिससे मालो देवी ने अपनी पहली दो बकरियां खरीदीं और बकरी पालन की शुरूआत की। मालो देवी ने बकरी पालन को पूरी मेहनत और समर्पण से किया। धीरे-धीरे उन्होंने बकरियों की देखभाल करना सीखा और इस प्रक्रिया में वे माहिर हो गईं। अब उनके पास 25 से 30 बकरियां हैं, जो उन्हें निरंतर आय प्रदान करती हैं। बकरियों से मिलने वाला दूध और अन्य उत्पाद स्थानीय बाजार में बेचकर वे अच्छा मुनाफा कमा रही हैं। बकरी पालन से मिली आर्थिक स्थिरता ने उन्हें अपने बच्चों की शिक्षा पर भी ध्यान केंद्रित करने का अवसर दिया। उन्होंने अपने बच्चों को अच्छे स्कूलों में दाखिला दिलवाया, जिससे उनके बच्चों का भविष्य बेहतर हुआ।मालो देवी की सफलता की कहानी यह दशार्ती है कि कठिनाइयों के बावजूद अगर सही दिशा में मेहनत की जाए, तो सफलता अवश्य मिलती है। आज उनका परिवार न केवल आर्थिक रूप से समृद्ध है, बल्कि उनका संघर्ष और सफलता गांव के अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन चुकी है। उनका जीवन यह साबित करता है कि मेहनत, समर्पण और सही मार्गदर्शन से कोई भी मुश्किल पार की जा सकती है।

## वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति का वनभोज, मिलन समारोह सह सम्मान समारोह सम्पन्न



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति पाटन प्रखण्ड कमिटी के तत्वावधान में पाटन प्रखण्ड के खनवां गांव में अमानत नदी के तट पर एक ऐतिहासिक बनभोज, पासवान परिवार मिलन समारोह और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में प्रमुख अतिथि के रूप में माननीय राधाकृष्ण किशोर, वित्त मंत्री झारखंड, और विशिष्ट अतिथि के रूप में माननीय विष्णु दयाल राम, सांसद पलामू, उपस्थित रहे। इसके साथ ही अन्य सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों में माननीय शांति देवी, जिला परिषद अध्यक्ष गढ़वा, माननीय अर्चना देवी, जिला परिषद सदस्य रामगढ़, डॉ० सरोज कुमार, डॉ० राजेन्द्र पासवान, डॉ० मनीष कुमार पासवान जैसे प्रमुख नेता और समाजसेवी शामिल थे। समारोह की शुरूआत मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करने से की गई, उसके बाद बाबा चौहरमल और रामविलास पासवान के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। इसके बाद मंच पर सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया। उन्हें वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति पाटन प्रखण्ड कमिटी और जिला कमिटी के पदाधिकारियों द्वारा शाल, फूल माला, तलवार, संविधान और बाबा चौहरमल का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर सभी नेताओं और समाजसेवियों ने पासवान समाज के विकास के लिए शिक्षा पर जोर देने, दहेज प्रथा को समाप्त करने, और नशा विरोधी आंदोलन को बढ़ावा देने की बात की। उन्होंने समाज में एकता और भाईचारे को बढ़ावा देने की भी आवश्यकता जताई।समारोह की अध्यक्षता वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति पाटन प्रखण्ड कमिटी के अध्यक्ष शंकर पासवान ने की और मंच संचालन का कार्य वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति पलामू जिला अध्यक्ष संदीप पासवान और प्रमंडल उपाध्यक्ष विरेंद्र पासवान ने संयुक्त रूप से किया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति पलामू प्रमंडल के प्रमुख सदस्य और हजारों की संख्या में पासवान समाज के लोग शामिल हुए, जिन्होंने इस महत्वपूर्ण अवसर को यादगार बना दिया।

## राष्ट्रीय स्वाभिमान दिवस के रूप में मनायी गई राष्ट्रगौरव महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि

मेदिनीनगर। रांची भारत के वीर शिरोमणि महान योद्धा राष्ट्रगौरव महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि को झारखंड क्षत्रिय राजपूत महापंचायत एवं महाराणा प्रताप स्मृति संस्थान की केंद्रीय इकाई ने ?राष्ट्रीय स्वाभिमान दिवस के रूप में संयुक्त तत्वाधान में मनाया। झारखंड क्षत्रिय राजपूत महापंचायत एवं महाराणा प्रताप स्मृति संस्थान के केंद्रीय इकाई के पदाधिकारियों ने रविवार की अपराह्न को झारखंड प्रदेश के राँची महानगर अंतर्गत पुराना विधानसभा के सामने धुर्वा के सेक्टर टू गोलचक्कर अवस्थित राष्ट्रगौरव महाराणा प्रताप के आधार स्तंभ में स्थापित तैलचित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया।राष्ट्रीय स्वाभिमान दिवस के अवसर पर आयोजित राष्ट्ररत्न महाराणा प्रताप स्मृति समारोह का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।इस अवसर पर राष्ट्ररत्न महाराणा प्रताप के संघर्ष व बलिदान से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का युवाओं ने संकल्प लिया।इस दौरान मौजूद लोगों ने राष्ट्ररत्न महाराणा प्रताप की तरह स्वाधीनता और सम्मान के लिए जीवन भर लड़ने की प्रतिज्ञा की।

## विक्टोरिया मेमोरियल पब्लिक स्कूल के 61 स्कूली बच्चे शैक्षिक भ्रमण पर निकले



संवाददाता

**हरिहरगंज।** महाराजगंज स्थित विक्टोरिया मेमोरियल पब्लिक स्कूल के 61 छात्र-छात्राएं शैक्षिक भ्रमण पर निकले। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय कुमार सिंह ने बताया कि इस शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य बच्चों के मानसिक और बौद्धिक विकास को प्रोत्साहित करना है। विद्यालय ने कक्षा 4 से लेकर कक्षा 10 तक के छात्रों को यह यात्रा पर भेजा है। शैक्षिक भ्रमण के दौरान बच्चे बेतला नेशनल पार्क, मिर्चाइया जलप्रपात, शुगा जलप्रपात और लौथ जलप्रपात जैसे प्रसिद्ध स्थल देखेंगे। यह भ्रमण बच्चों के लिए एक शानदार अवसर है, जिससे वे अपनी किताबों के ज्ञान के अलावा बाहरी दुनिया से भी अवगत होंगे। इसके साथ ही, यह बच्चों के सामान्य ज्ञान, प्रकृति के प्रति प्रेम और टीमवर्क की भावना को भी बढ़ावा देगा। शैक्षिक भ्रमण में विद्यालय के शिक्षक सरोज कुमार चौधरी, मुकेश कुमार शर्मा, एमडी महताब आलम, मुकेश कुमार, मुन्नी गुप्ता और आरती कुमारी सहित अन्य शिक्षक भी बच्चों के साथ हैं। स्कूल प्रशासन ने बच्चों की सुरक्षा के लिए पूरी व्यवस्था की है और उन्हें हर स्थान पर पूरी देखरेख में भेजा गया है। यह भ्रमण बच्चों को न केवल शैक्षिक दृष्टिकोण से बल्कि जीवन के विभिन्न पहलुओं को समझने में भी मदद करेगा।

## वाहन चेकिंग के दौरान लूट की अपाची मोटरसाइकिल बरामद, एक अभियुक्त गिरफ्तार

### पलामू पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की, लूट की मोटरसाइकिल और आरोपी को गिरफ्तार किया



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में पुलिस प्रशासन द्वारा अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे सख्त अभियान के तहत पलामू पुलिस ने सरैया मंझगावां अमानत पुल के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान में पुलिस ने वाहनों की जांच के दौरान एक अपाची मोटरसाइकिल को रोका, लेकिन मोटरसाइकिल सवार ने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने तत्परता से उसे पकड़ लिया और वाहन की जांच की। पकड़े गए आरोपी ने अपनी पहचान पवन सिंह 19 वर्ष, पिता अजय कुमार सिंह, ग्राम पतिला, पोस्ट पाठकपगार, थाना तरहसी, जिला पलामू के रूप में की गई। जब पुलिस ने मोटरसाइकिल के कागजात मांगे, तो आरोपी ने कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। पुलिस की गहन जांच में यह पाया गया कि मोटरसाइकिल के इंजन नंबर और चेसिस नंबर में असमंजस था और उस पर लगी नंबर प्लेट स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल की थी। पूछताछ के दौरान पवन सिंह ने स्वीकार किया कि उसने और उसके साथियों ने सितंबर माह में लातेहार जिले के बरवाडीह से एक व्यक्ति को चाकू मारकर मोटरसाइकिल लूट ली थी। लूट की मोटरसाइकिल के असली नंबर को तोड़कर फर्जी नंबर प्लेट लगाई गई थी। पलामू पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया। पुलिस अब इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।पलामू पुलिस अधीक्षक ने इस सफलता को एक बड़ी जीत बताया और कहा कि पुलिस लगातार अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए कड़ी कार्रवाई कर रही है, और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

**मैच** पर्यावरणविद ने पौधा दान करने के उपरांत क्रिकेट मैच का शुभारंभ किया

# राष्ट्र की संपत्ति वन व पर्यावरण का प्रमुख अंग है : डॉ. कौशल



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** छतरपुर प्रखंड के कोकरो में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन विशेष रूप से हुआ जब मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पर्यावरण धर्मगुरु व बनराखी मूवमेंट के प्रणेता, पर्यावरणविद डॉ० कौशल किशोर जायसवाल ने मैच का औपचारिक उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने सबसे पहले पौधारोपण किया और सभी को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का आरंभ करते हुए डॉ० कौशल ने पर्यावरण धर्म के महत्वपूर्ण मंत्रों की व्याख्या की और उपस्थित सभी लोगों को पर्यावरण की सुरक्षा की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को पर्यावरण से जुड़ी हर समस्या और समाधान की जानकारी होनी चाहिए, क्योंकि यदि हम पर्यावरण को बचाने में सफल नहीं होते तो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि जीने के लिए पानी और हवा सबसे जरूरी है, और यदि हम इसे बचाने का प्रयास नहीं करेंगे, तो एक दिन हमारी पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व संकट में पड़ जाएगा। डॉ० कौशल ने पर्यावरण संरक्षण के आठ मूल मंत्रों की शपथ दिलाने के बाद सभी को यह संदेश दिया कि अब हमें अपनी धरती को बचाने के लिए हर प्रयास करना होगा। यह केवल हमारे ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी जरूरी है। पौधारोपण से ही हम पर्यावरण को सुरक्षित कर सकते हैं।

इसके बाद उन्होंने क्रिकेट टूरनामेंट का उद्घाटन बैटिंग कर किया। छतरपुर और चीरू के बीच खेले गए फाइनल मैच में छतरपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 121 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाबी पारी में चीरू की टीम मात्र 70 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। छतरपुर की टीम ने मैच जीतकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। इस मौके पर डॉ० कौशल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन गांव के खिलाड़ियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। इससे न केवल उनकी खेल प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है, बल्कि वे अपनी मेहनत और लगन से समाज को यह संदेश भी देते हैं कि अगर उन्हें मौका मिले तो वे किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकते हैं।

## पलामू पुलिस ने जन शिकायत समाधान कार्यक्रम की घोषणा की

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस ने झारखंड राज्य सरकार के निर्देशानुसार और नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से 22 जनवरी 2025 को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को उनके शिकायतों का शीघ्र निवारण प्रदान करना है।पलामू पुलिस द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में आम नागरिकों की लिखित और मौखिक शिकायतों का समाधान किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान पलामू जिले के विभिन्न प्रखंडों और थाना/ओपी परिसर में प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी उपस्थित रहेंगे और नागरिकों की समस्याओं का समाधान करेंगे।पलामू पुलिस एसपी ने सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे इस कार्यक्रम में भाग लें और अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम नागरिकों के लिए एक सुनहरा अवसर है, जिससे वे अपनी समस्याओं को सीधे प्रशासन और पुलिस अधिकारियों के सामने रख सकते हैं। इस आयोजन में भाग लेने के लिए नागरिक अपनी शिकायतें व्हाट्सएप, ई-मेल, या सोशल मीडिया के माध्यम से भी दर्ज कर सकते हैं।कार्यक्रम का आयोजन 22 जनवरी 2025 को सुबह 11 बजे से शुरू होगा और सभी नागरिकों को इससे लाभ प्राप्त होगा। पलामू पुलिस ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी को जागरूक करने का आग्रह किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### आईकेकेएफ ने एशियाई खो-खो महासंघ को दी आधिकारिक मान्यता



**सिंगापुर।** अंतरराष्ट्रीय खो-खो महासंघ (आईकेकेएफ) ने एशियाई खो खो महासंघ को आधिकारिक मान्यता दे दी है, जो पूरे एशिया में खो खो के विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। 11 सदस्य देशों का प्रतिनिधित्व करने वाला यह महासंघ एशियाई क्षेत्र में इस खेल के लिए प्रमुख शासी निकाय के रूप में काम करेगा, जिसका अगला कदम इस खेल को ओलंपिक में ले जाना है। 20 दिसंबर 2024 को हुए एक ऐतिहासिक चुनाव में एशियाई खो-खो महासंघ ने अपनी नेतृत्व टीम नियुक्त की। असलम खान अध्यक्ष होंगे और एम. सदाशिवम महासचिव की भूमिका निभाएंगे। क्षितिज अग्रवाल को सह-सचिव, एम.एस. त्यागी को कोषाध्यक्ष और सान्या सिंह अग्रवाल को कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया है। महासंघ एशिया में खो-खो को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध ग्यारह देशों के गठबंधन को एक साथ लाता है।

### तेजस ने सीएमसीएम लक्जमबर्ग इंडोर मीटिंग में 60 मीटर बाधा दौड़ का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा



**नई दिल्ली।** भारत के तेजस शिरसे ने सीएमसीएम लक्जमबर्ग इंडोर मीटिंग में पुरुषों की 60 मीटर बाधा दौड़ हीट में एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने प्रारंभिक दौर में 7.65 सेकंड का समय निकाला और सिद्धांत थिंगलाया द्वारा निर्धारित 7.70 सेकंड के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया और फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। फाइनल में, 22 वर्षीय खिलाड़ी ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की और कुल मिलाकर पांचवें स्थान पर रहे, पोलिश एथलीट जैकब सिजमान्स्की ने 7.41 सेकंड के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया। पिछले साल, शिरसे ने फि नलैंड के ज्यवास्किला में वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर (चैलेंजर स्तर) बैठक में पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बनाया था। उन्होंने फाइनल जीतने के लिए 13.41 सेकंड का समय लिया और 2017 में थिंगालाया द्वारा बनाए गए 13.48 सेकंड के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

### ऑस्ट्रेलियन ओपनः जैनिक सिनर ने होल्गर रून को हराकर क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश



**मेलबर्न।** डिफेंडिंग चैंपियन जैनिक सिनर ने सोमवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। शीर्ष वरीयता प्राप्त सिनर ने रॉड लेवर एरेना में खतरनाक डेन होल्गर रून के खिलाफ 6-3, 3-6, 6-3, 6-2 से जीत हासिल कर अंतिम 8 में प्रवेश किया। सिनर को उमस भरी परिस्थितियों में संघर्ष करना पड़ा, उनका हाथ काँप रहा था और मेडिकल टाइमआउट के लिए कोर्ट छोड़ने से पहले तीसरे सेट में उनकी हृदय गति धीमी हो गई थी। जीत के बाद सिनर ने कहा यह निश्चित रूप से बहुत ही कठिन था। मैंने मानसिक रूप से वहां रहने की कोशिश की, मैंने अपने सर्विस गेम से जुड़े रहने की कोशिश की और अपने रिटर्न गेम में देखता रहा कि क्या होता है। अंतिम 8 में सिनर का सामना ने आठवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर, या तेजी से उभरते युवा अमेरिकी एलेक्स मिशेलसन से हो सकता है।

# विक्टर एक्सेलसन, एन से-यंग ने पुरुष और महिला वर्ग का जीता खिताब

- डेन ने अभियान को समाप्त करने का सही तरीका ढूंढ लिया
- विश्व नंबर 20 के खिलाफ अपनी जीत का रिकॉर्ड 7-2 तक पहुंचा

**नई दिल्ली। एजेंसी**



एक सप्ताह तक चले लम्बे मैचों, अप्रत्याशित जीतों और स्थानीय स्तर पर निराशाजनक प्रदर्शन के बाद रविवार को इंडिया ओपन का फाइनल रोमांचक रहा, जिसमें चार शीर्ष मुकाबलों का फैसला सीधे गेमों में हुआ। विक्टर एक्सेलसन और एन से-यंग ने रविवार को यहां क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीता। एक्सेलसन ने पिछले साल के उपविजेता सिंगापुर के चेउक यिउ ली को 41 मिनट में 21-16, 21-8 से हराकर टूनार्मेंट में अपना तीसरा खिताब जीता। इस जीत के साथ ही उन्होंने 10 वर्षों में छह फाइनल में मलेशियाई दिग्गज ली चोंग वेई के यहां सबसे अधिक खिताब जीतने की बराबरी कर ली। वहीं, एन ने थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग को 21-12, 21-9 से हराकर 2023 के बाद अपना दूसरा खिताब जीता।

इस जीत के साथ ही एक्सेलसन ने सीजन के पहले मलेशिया ओपन में ली से मिली अपनी पहले दौर की हार का बदला भी ले लिया और विश्व नंबर 20 के खिलाफ अपनी जीत का रिकॉर्ड 7-2 तक पहुंचा दिया।

पेरिस में जीत के बाद से दोनों ओलंपिक चैंपियनों का समय अलग-अलग रहा है, लेकिन खचाखच भरे केडी जाधव इंडोर हॉल में, उन्होंने सुपर 750 इवेंट में इसी तरह अपना दबदबा कायम किया। जबकि एन ने महिला बैडमिंटन में अपना दबदबा बनाए रखा है। पेरिस के बाद से उनकी केवल दो हार चीन की जी यी वांग के खिलाफ आई हैं। एक्सेलसन चोटों, प्रशिक्षण और प्रेरणा से जूझ रहे हैं, यहां तक कि पिछले दिसंबर में साल के अंत में विश्व चैंपियनशिप के फाइनल से भी बाहर हो गए।

उन्हें यहां भी अपनी लय और फॉर्म पाने के लिए संघर्ष करना पड़ा, लेकिन डेन ने अपने अभियान को समाप्त करने का सही तरीका ढूंढ लिया। धीमी शुरूआत और अनियमितता के कारण, 2017 और 2019 के चैंपियन 2-6 से पीछे थे, फिर 7-7 से बराबरी करने से पहले, छह अंक हासिल कर 13-8 से आगे हो गए और फिर 21-16 से जीत हासिल की।

पहला गेम जीतने के बाद, एक्सेलसन ने दूसरे गेम में अलग ही धमाल मचाया, गेम और खिताब जीतकर $66,500 की राशि और 11,000 रैंकिंग पॉइंट्स अपने नाम की। एन, जो पोर्नपावी से पिछले नौ मुकाबलों में कभी नहीं हारी, ने सिर्फ. 39 मिनट में अपना दबदबा 10-0 तक बढ़ाया, शुरूआत में 6-1 की बढ़त हासिल की और फिर 21-12 से जीत दर्ज की। दूसरा गेम भी अलग नहीं रहा, एन ने मैच को 21-12 पर समाप्त करने से पहले 7-1 की बढ़त बनाई, इस साल उन्होंने अपने 10 मैचों में से एक भी गेम नहीं गंवाया है।

### एलएसजी ने पंत को बनाया टीम का कप्तान

**कोलकाता।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने सोमवार को भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को टीम का कप्तान नियुक्त किया। एलएसजी ने आज कोलकाता में ऋषभ पंत को टीम का कप्तान बनाये जाने की घोषणा की। यह दूसरी बार है जब पंत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की किसी टीम की कमान संभालेंगे। पंत इससे पहले 2021, 2022 और 2024 सत्र में दिल्ली कैपिटल्स(डीसी) के कप्तान रह चुके है। इस अवसर पर पंत ने कहा मैं विशेष रूप से संजीव गोयनका सर (टीम मालिक) और पूरे प्रबंधन का धन्यवाद करना चाहता हूं। मैं अपना 200 प्रतिशत दूंगा। उन्होंने मुझ पर जो भरोसा दिखाया है, मैं उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। यह एक नई शुरूआत है। उम्मीद है कि हम नए सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा मैं अपनी इस नई टीम से बेहद खुश हूं। हमारी टीम में युवा और सीनियर खिलाड़ियों का अच्छा संतुलन है। अब हमें यह सोचना है कि इस फ्रैंचाइजी को कैसे नई ऊंचाइयों पर पहुंचाई जाए। मुझे पता है कि यह एक नई शुरूआत है, नई फ्रैंचाइज है।

## रोमांचक मुकाबले में नाइजीरिया ने न्यूजीलैंड की महिला टीम को दो रनों से हराया

**कुचिंग (मलेशिया)। एजेंसी**



कप्तान लक्की पिटी (19),लिलियन उडेह (18) रन की पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर नाइजीरिया की महिला टीम ने सोमवार को वर्षा बाधित मैच में न्यूजीलैंड को हराकर महिला अंडर-19 टी-20 विश्वकप में अपनी पहली जीत दर्ज की। आज यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी नाइजीरिया की टीम ने कप्तान लक्की पिटी (19),लिलियन उडेह (18) रन की पारियों के योगदान से निर्धारित 30 ओवरों में छह विकेट पर 65 रन बनाये। नाइजीरिया के छह बल्लेबाजों का स्कोर दहाई आंकड़े के नीचे रहा। नाइजीरिया के 65 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरूआत सलामी बल्लेबाज केट इरविन की पहले ही गेंद पर रन आउट होने से हुई। इसके बाद दूसरी सलामी बल्लेबाज एम्मा मैकलियोड तीसरे ओवर में दाएं हाथ के तेज गेंदबाज यूसेन पीस की गेंद पर आउट होकर पवेलियन लौट गई। न्यूजीलैंड ने बीच के ओवरों में लगातार विकेट गंवाए और 11 ओवर की समाप्ति पर उसका स्कोर पांच विकेट पर 49 रन था। न्यूजीलैंड के लिए अनिका टोड (19), वेकलिन (18) और ईव वोलैंड ने (14) रन बनाये। न्यूजीलैंड को आखिरी दो ओवरो में 17 रन की जरूरत थी। न्यूजीलैंड ने कप्तान टैश वेकलिन के चौके की मदद से 12वें ओवर में आठ रन बनाये।

न्यूजीलैंड को अंतिम ओवर में नौ रन चाहिए थे। नाइजीरिया की उडेह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए न्यूजीलैंड को केवल छह रन बनाने दिये।

## स्की जंपिंग विश्व कपः त्शोफेनिग ने पुरुष वर्ग का जीता खिताब

**वारसॉ। एजेंसी**



ऑस्ट्रिया के डेनियल त्शोफेनिग ने रविवार शाम पोलैंड के जाकोपेन में आयोजित एफआईएस स्की जंपिंग विश्व कप में पुरुषों की व्यक्तिगत एचएस 140 स्पर्धा का खिताब जीत लिया है। पहले राउंड के बाद ऐसा लग रहा था कि स्लोवेनिया के एन्जे लैनिसेक ट्रॉफी जीत लेंगे क्योंकि उन्होंने 145 मीटर की छलांग लगाकर स्पष्ट बढ़त हासिल कर ली थी। हालांकि, अंतिम राउंड में, 28 वर्षीय खिलाड़ी केवल 130 मीटर ही बना पाए और चौथे स्थान पर पोडियम से चूक गए। हालांकि इसके बाद त्शोफेनिग ने अपना मौका भुनाया।

पहले राउंड में 136 मीटर की छलांग लगाने के बाद, ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी ने 139.5 मीटर की छलांग लगाकर 316.7 अंकों के साथ प्रतियोगिता जीत ली। नॉर्वे के जोहान आंद्रे फोरफैंग ने 137 मीटर और 136 मीटर की छलांग लगाकर रजत पदक जीता, जो विजेता से 7.3 अंक कम था। ऑस्ट्रिया के जान होर्ल 136 मीटर और 140 मीटर की छलांग लगाकर 309.3 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के बाद, त्शोफेनिग ने स्वीकार किया कि जकोपेन में विल्का क्रोकिव पहाड़ी पर उनकी जीत उनके लिए भी एक आश्चर्य थी। उन्होंने कहा, श्लैनिसेक ने पहली छलांग बहुत अच्छी लगाई और मुझे पता है कि वह दबाव में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर सकता है। इसलिए, मुझे वास्तव में नहीं लगा कि मेरे पास जीतने का मौका है। मैं बस अपना काम करने के लिए, अपनी छलांग लगाने के लिए स्वतंत्र था। इससे मुझे वास्तव में इस परिणाम तक पहुँचने में मदद मिली। सीजन के विश्व कप में अपनी पाँचवीं जीत के बाद, त्शोफेनिग ने 1056 अंकों के साथ सामान्य वर्गीकरण में अपनी बढ़त को बढ़ाया। उनके हमवतन होर्ल 976 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

# ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने इंग्लैंड को 57 रनों से हराया

**सिडनी। एजेंसी**



बेथ मूनी (75) रनों की अर्धशतकीय पारी के बाद जॉर्जिया वेयरहैम (तीन विकेट) और अलाना किंग (दो विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने सोमवार को पहले टी-20 मुकाबले में इंग्लैंड को 57 रनों से हरा दिया हैं। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं। 199 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरूआत बेहद खराब रही और उसने मात्र चार रन के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गवां दिये। मैया बाउचियर और डेनिएल वायट बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गई। इसके बाद सोफिया डंकली ने नेट साइबर ब्रंट के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया।

ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे इंग्लैंड के बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सके। नेट साइबर ब्रंट (20) को अलाना किंग ने बोल्ड आउट किया। कप्तान हीथर नाइट (18), एमी जोंस (12), सोफी एक्लस्टन (13) रन बनाकर आउट हुई। सोफिया डंकली ने इंग्लैंड के लिए 30 गेंदों में छह चौके और चार छक्के लगाते हुए (59) रनों की पारी खेली। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने इंग्लैंड की पूरी टीम को 16 ओवर में 141 के स्कोर पर समेट कर 57 रनों से मुकाबला जीत लिया। 75 रनों की अर्धशतकीय पारी खेलने वाली ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाज बेथ मूनी को 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से जॉर्जिया वेयरहैम ने तीन विकेट और अलाना किंग ने दो विकेट लिये। मेगन शूट, किम गार्थ, ऐनाबेल सदरलैंड और तालिया मैक्ग्रा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया के लिये बेथ मूनी और जॉर्जिया वेयरहैम की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए (40) रन जोड़े।

चौथे ओवर में लॉरेन बेल ने जॉर्जिया वेयरहैम (21) को पगबाधा आउट कर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद फीबी लिचफील्ड (25) रनआउट हुई। एलिस पेरी (सात), ऐनाबेल सदरलैंड (तीन) रन बनाकर आउट हुई। कप्तान तालिया मैक्ग्रा ने नौ गेंदों में 26 रनों की पारी खेली। ग्रेस हैरिस (14) रन बनाकर आउट हुई।

## व्यापार

### ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत, एशियाई बाजारों में भी तेजी का रुख

**नई दिल्ली। एजेंसी**



ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे थे। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार खरीदारी होती रही। एशियाई बाजारों में भी आमतौर पर खरीदारी का रुख बना हुआ है। डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण के पहले पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार मजबूती के साथ कारोबार करने के बाद बंद हुए थे। एसएंडपी 500 इंडेक्स 1 प्रतिशत की मजबूती के साथ 5,996.66 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। इसी तरह नैस्डेक ने 288.72 अंक यानी 1.49 प्रतिशत उछल कर 19,627.01 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया था। आज मार्टिन लूथर किंग जूनियर डे होने के कारण अमेरिकी बाजार में कारोबार नहीं होगा। यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ कारोबार करने के बाद बंद हुए थे। एफटीएसई इंडेक्स 113.32 अंक यानी 1.33 प्रतिशत की मजबूती के साथ 8,505.22 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.97 प्रतिशत की बढ़त के साथ 7,709.75 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 248 अंक यानी 1.19 प्रतिशत की तेजी के साथ 20,903.39 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

### शुरुआती दबाव के बाद शेयर बाजार में आई मजबूती, सेंसेक्स और निफ्टी ने निचले स्तर से की रिकवरी

**नई दिल्ली। एजेंसी**



पॉजिटिव ग्लोबल संकेतों और कंपनियों के मजबूत तिमाही नतीजे से उत्साहित घरेलू शेयर बाजार ने बढ़त के साथ कारोबार का अंत किया। कारोबार की शुरूआत भी मजबूती के साथ हुई थी। हालांकि बाजार खुलने के बाद बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से शेयर बाजार गिर कर कुछ देर के लिए लाल निशान में भी पहुंचा, लेकिन इसके बाद खरीदारी का सपोर्ट मिल जाने से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में तेजी आ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.59 प्रतिशत और निफ्टी 0.61 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

कारोबार के बाद ज्यादातर इंडेक्स मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। कैपिटल गुड्स, पीएसई, टेलीकॉम, बैंक और एनर्जी सेक्टर के शेयरों में आज लगातार खरीदारी होती रही। इसके साथ ही आईटी, कंज्यूमर ड्यूरेबल, हेल्थ केयर, मेटल, ऑयल एंड गैस और टेक इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए।

दूसरी ओर, एफएमसीजी और ऑटोमोबाइल सेक्टर में आज बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.66 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.82 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब पौने तीन लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 431.58 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 428.72 लाख करोड़ रुपये था।

### सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, सोना और चांदी की फीकी पड़ी चमक

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट का रुख नजर आ रहा है। सोने की कीमत में आई कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 81,250 रुपये से लेकर 81,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 74,490 रुपये से लेकर 74,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दिल्ली सरार्फा बाजार में आज चांदी 96,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 81,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 74,490 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 81,100 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 74,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

### श्वेत वस्तुओं के लिए पीएलआई योजना के तहत 24 कंपनियों का हुआ चयन

**नई दिल्ली। एजेंसी**




केंद्र सरकार ने व्हाइट गुड्स (श्वेत वस्तुओं) उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तीसरे दौर में 24 कंपनियों का चयन किया है, जिसमें कुल 3 निवेश प्रतिबद्धता 3,516 करोड़ रुपये है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में बताया कि उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीटीआईआई) ने व्हाइट गुड्स के लिए पीएलआई योजना के तीसरे दौर में 24 कंपनियों का चयन किया है, जिनकी कुल निवेश प्रतिबद्धता 3,516 करोड़ रुपये है। इसमें 18 नए आवेदकों के लिए 2,299 करोड़ रुपये और छह मौजूदा लाभार्थियों के लिए अतिरिक्त 1,217 करोड़ शामिल रुपये हैं। पीएलआई योजना के ऑनलाइन आवेदन विंडो के तीसरे दौर में कुल 38 आवेदन प्राप्त हुए। इन आवेदनों की समीक्षा के बाद सरकार ने 18 नई कंपनियों का अनंतिम रूप से चयन किया है। इन कंपनियों में एयर कंडीशनर के कलपुर्जों के 10 निमार्ता और एलईडी लाइट के 8 निमार्ता शामिल हैं, जिन्होंने 2,299 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है।

वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक 6 मौजूदा पीएलआई लाभार्थियों को उच्च निवेश श्रेणियों में अपग्रेड करने के लिए अनंतिम रूप से चुना गया है, जिससे 1,217 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश होगा।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, मंगलवार 21 जनवरी 2025



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### पड़ोसी ने युवक के सिर पर मारकर की हत्या

**वाराणसी।** लक्सा थाना क्षेत्र के लक्ष्मीकुंड में एक युवक ने अपने पड़ोसी से विवाद के बाद उसके सिर पर तवे से मार कर उसकी हत्या कर दी। रविवार देर रात हुई घटना की जानकारी पाते ही मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। पंचनामा आदि के कार्रवाही के बाद सोमवार को पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लक्ष्मीकुंड निवासी शशिकांत झा के मकान में मूल रूप से दारानगर कोतवाली निवासी राहुल सेठ (32) अपने परिवार के साथ किराये पर रहता था। जीविकोपार्जन के लिए गोदौलिया स्थित किसी साड़ी के गद्दी पर कार्य करता था। रविवार की देर रात घर आने पर राहुल का अपनी पत्नी से विवाद हो गया।

### छात्रा ने हॉस्टल की छत से कूदकर की आत्महत्या

**जयपुर।** जयपुर के मालवीय नगर स्थित मालवीय नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमएनआईटी) कॉलेज में रविवार देर रात एक छात्रा ने आत्महत्या कर ली। कॉलेज कैंपस में बने हॉस्टल की छत से कूदकर छात्रा ने अपनी जान दी। उसका शव कैंपस में पड़ा हुआ मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जयपुरिया हॉस्पिटल की मॉच्युर्री में रखवाया है। मालवीय नगर थाना पुलिस के एसएचओ संग्राम सिंह के अनुसार शव की पहचान पाली जिले के देसूरी निवासी दिव्या राज (21) के रूप में हुई है। वह जेएलएन मार्ग स्थित एमएनआईटी कॉलेज में प्रथम वर्ष की छात्रा थी और हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही थी।

### खराब फसलों का किसानों ने मांगा मुआवजा

**फतेहाबाद।** भट्टू के गांव गदली में खेड़ी माइनर नहर टूटने से किसानों को काफी नुकसान हुआ है। नहर टूटने से हुए नुकसान का आंकलन और स्पैशल गिरदावरी कर मुआवजा दिए जाने की मांग को लेकर गांव के दर्जनों किसान सोमवार को सरपंच सुनीता देवी के नेतृत्व में उपायुक्त से मिलने फतेहाबाद पहुंचे। इन किसानों ने डीसी को ज्ञापन सौंपकर तुरंत प्रभावित किसानों को मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

### फतेहाबाद पुलिस ने दो पिस्तौलों सहित राजस्थान के युवक को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** अवैध हथियार रखने वालों की धरपकड़ करते हुए सीआईए फतेहाबाद पुलिस ने सोमवार को राजस्थान के एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने युवक के पास से दो अवैध पिस्तौल व 6 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पकड़े गए युवक की पहचान संजय उर्फ संजू पुत्र तोलाराम निवासी जिला गंगानगर के रूप में हुई है। सीआईए फतेहाबाद पुलिस की टीम एएसआई राजेश कुमार के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी।

### कार की टक्कर से बाइक सवार पति-पत्नी घायल

**राजगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्ग-46 पर मलावर थाना क्षेत्र में ग्राम बारवां जोड़ के नजदीक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी गंभीर रुप से घायल हो गए, जिनका निजी अस्पताल ब्यावरा में उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने सोमवार को कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार बीती रात हाइवे स्थित ग्राम बारवां जोड़ के नजदीक तेज रफ्तार कार क्रमांक एमपी 39 सी 3587 ने बाइक को टक्कर मार दी।

### गोदाम में लगी आग, लाखों का नुकसान

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के ऊंचा गांव में रविवार देर रात एक टेंट के गोदाम में भीषण आग लग गई। एलपीजी सिलेंडर का ब्लास्ट होने से स्थिति और भी गंभीर हो गई। आग से गोदाम में रखा टेंट का सामान और एक बाइक पूरी तरह जलकर राख हो गए। आग के धुएं की चपेट में आने से चौकीदार बेहोश हो गया। गोदाम के मालिक ललित को पड़ोस में रहने वाले एक वकील से फोन पर सूचना मिली कि उनके गोदाम से विस्फोट की आवाज आई है और आग लग गई है। ललित ने तुरंत अपने गांव फतेहपुर बिल्लौच से निकलते हुए डायल 112 पर पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल की टीमों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया।

### निर्माणाधीन पार्किंग में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई : जितेंद्र प्रताप



**कानपुर।** नवागत जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह सोमवार कोसरसैया घाट निमार्णाधीन मल्टीलेवल पार्किंग में हो रही हीलाहवाली की खबर सुनकर मुआयना करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने यहां पर कई खामियां पाई। इस पर उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए वहां मौजूद संबंधित लोगों को जमकर फटकार लगाते हुए तय समय के अंदर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही एडीएम सिटी नगर निगम और पीडब्लयूडी के अधिकारियों की कमेटी बनवाकर जांच करवाने की बात कही है। शहर में बढ़ रही गाड़ियों की संख्या और पार्किंग की जगह न होने की वजह से ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रहती है।

‘कृषि, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक अनुसंधान पहल’ विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

# किसानों को सक्षम बनाने में कृषि वैज्ञानिकों का महत्वपूर्ण योगदान : रामविचार नेताम

**रायपुर। एजेंसी**

कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि मेहनतकश किसानों को सक्षम बनाने में विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं कृषि वैज्ञानिकों का महत्वपूर्ण योगदान है। इसी का परिणाम है कि आज किसान उन्नत कृषि तकनीक का उपयोग कर आत्मनिर्भर बन रहे है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार किसानों की उन्नति एवं समृद्धि के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हमारी सरकार देश के अन्य राज्यों की तुलना में किसानों को धान का वाजिब मूल्य प्रदान कर उनका सम्मान बढ़ाया है।

मंत्री नेताम आज सोमवार को इंदिरा गांधी कृषि विश्वद्यालय के 39वां स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए उक्त बाते



● राज्यों की तुलना में किसानों को धान का वाजिब मूल्य प्रदान कर उनका सम्मान बढ़ाया है

कही। इस मौके पर विश्वद्यालय द्वारा मंत्री रामविचार नेताम को राज्य सरकार की किसान हितैषी नीतियों के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट योगदान के लिए लॉइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

साथ ही कृषि एवं शोध के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए कुलपति डॉ. गिरिश चन्देल, किसान नारायण भाई चावड़ा, शिक्षक बीआर चन्द्रवशी तथा डॉ. एम.एन श्रीवास्तव भी लॉइफ टाइम अचीमेंट पुरस्कार से सम्मानित हुए। मंत्री नेताम इस अवसर पर ‘कृषि, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक अनुसंधान पहल’ विषय पर आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ किया।

कृषि मंत्री नेताम ने अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सहित देश के किसानों को कृषि और उद्यानिकी क्षेत्र में और कैसे सक्षम बनाया जाए इस दिशा में कृषि वैज्ञानिकों एवं शोधार्थियों को सोचने की जरूरत है हमारी सरकार किसानों को सक्षम बनाने के लिए किसान हित में बहुत से फैसले लिए है। हमारी सरकार ने किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल तथा 31 सौ रुपये प्रति क्विंटल के मान धान खरीद कर किसानों को देश में सर्वोच्च कीमत प्रदान कर रही है। वहीं किसानों को किए गये वायदों के मुताबिक लगभग 3800 करोड़ रुपये की बोनस राशि भी प्रदान की गई है।

इससे प्रदेश के किसान आर्थिक रूप से समृद्ध हुए है। उन्होंने इंदिरा कृषि विश्व विद्यालय के 39वें स्थापना दिवस एवं कार्यशाला के लिए बधाई एवं शुभकामानाएं दी कार्यशाला को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरिश चन्देल ने संबोधित किया। कार्यशाला इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर एवं राष्ट्रीय कृषि विकास सहकारी लिमिटेड, बरामूला के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई थी।इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में देश भर के 21 राज्यों के 400 से अधिक कृषि वैज्ञानिक एवं शोधार्थी शामिल है।

सम्मेलन में वैश्विक परिदृष्य में भूमि, जल तथा पर्यावरण के क्षेत्र में विद्यमान अवसरों एवं चुनौतियों पर विचार मंथन कर संसाधनों का बेहतर उपयोग कर इनमें निरंतर होने वाली कमियों को सुधारने के रास्ते तलाशे जाएंगे। सम्मेलन में संबंधित विषयों पर वैज्ञानिकों तथा शोधार्थियों द्वारा शोध पत्र तथा पोस्टर्स प्रस्तुत किया गया।

### हाईवे पर पिकअप-ट्रक भिड़े, दो की मौत

**जयपुर।** नागौर के मारवाड़ मूंडवा में बीकानेर-अजमेर नेशनल हाईवे-58 पर सोमवार सुबह पिकअप और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में ड्राइवर सहित दो लोगों की मौत हो गई। कोहरे के कारण हुए इस हादसे में चार लोग घायल हुए हैं। हादसे के बाद ड्राइवर ट्रक छोड़कर भाग गया। घायलों को मूंडवा सीएचसी में भर्ती कराया गया है। बड़माता मंदिर के पास ट्रक और पिकअप में टक्कर हो गई। पिकअप में कुल 6 लोग सवार थे। हादसे की सूचना मिलते ही मूंडवा थानाधिकारी सुमन बुंदेला पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। पिकअप में फंसे पांच लोगों को एंबुलेंस की मदद से मूंडवा स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जबकि ड्राइवर बुरी तरह क्षतिग्रस्त पिकअप में फंसा हुआ था। क्रेन की सहायता से करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। मूंडवा अस्पताल में कुचेरा निवासी सुरेश (26) पुत्र पापालाल सांखला तथा रमजान (27) पुत्र फतेह मोहम्मद को मृत घोषित कर दिया। वहीं राकेश (25) पुत्र चेनाराम गुर्जर निवासी गोतेड़ी, हुक्माराम (28) पुत्र बलदेवराम निवासी कुचेरा, कमल (24) पुत्र श्रवणराम कुचेरा तथा सुनील (23) पुत्र पापालाल सांखला निवासी कुचेरा को प्राथमिक उपचार के बाद नागौर रेफर किया गया।

### अहमदाबाद में 27 लाख की ड्रग्स के साथ एक गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** नगर के लाल दरवाजा क्षेत्र से गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) ने एक व्यक्ति के पास से 27 लाख रुपये कीमत की एमडी ड्रग्स बरामद की है। एटीएस ने आरोपित फरजान शेख को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। एटीएस को सूचना मिली कि लाल दरवाजा क्षेत्र में एक व्यक्ति ड्रग्स लेकर आने वाला है। इसके बाद एटीएस ने इलाके में एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर उसकी तलाशी ली। इस दौरान उसके पास से 55 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई। इसके बाद एटीएस ने संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान फरहान शेख के रूप में हुई। पुलिस उससे पूछताछ कर यह जानने की कोशिश कर रही है कि वह किससे ड्रग्स लेकर आया था और किसे देने जा रहा था। पुलिस के अनुसार आरोपित पहले भी 20 किलो चरस के साथ पकड़ा जा चुका है। गुजरात पुलिस ने मादक पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने के उद्देश्य से मुखबिरों के लिए रिवॉर्ड पॉलिसी शुरू की है।

## इजराइली सेना के हटते ही गाजा में हमास के लड़ाके आए सड़कों पर

**यरुशलम। एजेंसी**

गाजा में बंधकों की रिहाई की शर्त पर हुए संघर्ष विराम समझाते के बाद इजराइल की सेना पीछे हटने लगी है। इससे लोग खुश हैं। इस बीच कई जगह आतंकी समूह हमास के बंदूकधारी नकाबपोश लड़ाके लड़ाके सड़कों पर आ गए। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, इजराइली अधिकारियों ने कहा कि उनकी सेना ने गाजा के कुछ हिस्सों से पीछे हटना शुरू कर दिया है। इसका फायदा उठाकर हमास ने फिर से नियंत्रण स्थापित करने की कोशिश की। कई शहरों में नकाबपोश बंदूकधारी सड़कों पर उतर आए। इजराइली सेना ने कहा कि कई इजरायली बंधकों को कल गाजा में कैद से रिहा कर दिया गया और वे अपने परिवारों से मिल गए। अधिकारियों के अनुसार, इजराइल और हमास के बीच 42 दिनों का संघर्ष विराम



समझौता प्रभावी हो गया। रिहा किए गए पहले बंधकों में तीन महिलाएं रोमी गोनेन, एमिली दामरी और डोरोन स्टीनब्रेचर शामिल हैं। इनके बाद इजराइल 90 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। इस समझौते से इजराइली बंदियों और फिलिस्तीनी कैदियों के परिवारों को राहत मिली है और 15 महीने के विनाशकारी युद्ध की समाप्ति की उम्मीद जगी है।

कुछ अधिकारियों का कहना है कि संघर्ष विराम के पहले चरण में हमास 33 बंधकों की रिहाई में देरी कर सकता है। लगभग 100 लोग अभी भी उसकी कैद में हैं।

### अराकान आर्मी ने तीनों मालवाहक जहाजों को छोड़ा



**ढाका।** म्यांमार के विद्रोही गुट अराकान आर्मी ने तीनों मालवाहक जहाजों को सोमवार सुबह 10 बजे छोड़ दिया। अराकान आर्मी ने म्यांमार के यांगून से बांग्लादेश के टेकनाफ भूमि बंदरगाह आ रहे इन जहाजों को गुरुवार दोपहर तलाशी के बहाने रोक लिया था। इन जहाजों में 50,000 हजार बैग हैं। इनमें सूखी मछली, सुपारी, कॉफी और अन्य सामान है। अराकान आर्मी ने इन्हें नेफ नदी के मुहाने पर घेर लिया था। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, टेकनाफ लैंड पोर्ट के यूनाइटेड लैंड पोर्ट के प्रबंधक सैयद मोहम्मद अनवर हुसैन ने अराकान आर्मी के कब्जे से दो जहाजों की रिहाई की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि एक पहले ही बंदरगाह पहुंच चुका है। छोड़ गए दोनों जहाज नैख्योंगदिया में नफ नदी सीमा से टेकनाफ भूमि बंदरगाह की ओर बढ़ गए।

## हमारी सरकार उत्तरकाशी के विकास के लिए प्रतिबद्ध है : धामी

**देहरादून। एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमारी सरकार उत्तरकाशी के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए यहां पर कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। ट्रिपल इंजन सरकार बनने के बाद उत्तरकाशी नगर पालिका क्षेत्र की जो भी समस्याएं हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सोमवार को उत्तरकाशी नगर पालिका क्षेत्र से भाजपा के पालिकाध्यक्ष उम्मीदवार किशोर भट्ट और अन्य सभासद उम्मीदवारों के पक्ष में आयोजित रोड-शो में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने जनसभा को भी संबोधित किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जगह-जगह मिल रहे जनसमर्थन से स्पष्ट है कि पूरे प्रदेश के सभी नगर निकाय में



ट्रिपल इंजन की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश में शीतकालीन यात्रा की शुरूआत की है जो आने वाले समय में आर्थिकी का बहुत बड़ा साधन बनेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समय प्रदेश में भर्तियों का कालखंड चल रहा है। पिछले तीन साल में 19 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान की जा चुकी है। हमारी सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, बिजली, इंफ्रास्ट्रक्चर का समग्र विकास सुनिश्चित कर रही है।

## बांग्लादेश में अवैध रूप से प्रवेश करने के आरोप में दो भारतीय गिरफ्तार

**ढाका। एजेंसी**

दो भारतीय नागरिकों और एक बांग्लादेशी दलाल को कुरीग्राम में फुलबारी सीमा के पास गिरफ्तार किया गया है। दोनों पर बांग्लादेश में अवैध रूप से प्रवेश करने का आरोप है। फूलबाड़ी थाना प्रभारी मामुनूर रशीद ने इसकी पुष्टि की। द डेली स्टार की खबर के अनुसार, थाना प्रभारी रशीद ने कहा कि बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के बालारहाट शिविर के बटालियन-15 के सदस्यों ने तीनों को हिरासत में लिया और कल रात फूलबाड़ी पुलिस स्टेशन को सौंप दिया। यह घटना फुलबारी उपजिला के नाओडांगा संघ के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय सीमा स्तंभ संख्या 933 के पास बालाटारी गांव में हुई। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार लोगों की पहचान भारत के पूर्व बर्धमान जिले की 28 वर्षीय रेशमा मंडल और दक्षिण 24 परगना जिले के



● बटालियन-15 के सदस्यों ने तीनों को हिरासत में लिया

18 वर्षीय सौरव कुमार सपुई के रूप में हुई है। बांग्लादेशी दलाल कुरीग्राम जिले के नागेश्वरी उपजिला का 24 वर्षीय यूसुफ अली है। बीजीबी और पुलिस के अनुसार, रेशमा और सौरव एक-दूसरे से प्यार करते हैं। दोनों ने घर से भागकर बांग्लादेश में बसने का फैसला किया था। रेशमा, सौरव और दलाल के खिलाफ बीजीबी ने फूलबाड़ी थाने में मामला दर्ज कराया है।

### शिमला में सीमेंट से लदा ट्रक खड्ड में गिरा, दो भाइयों की मौत

**शिमला।** राजधानी शिमला से सटे सुन्नी थाना क्षेत्र में धामी-सुन्नी सड़क पर रविवार आधी रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। बागीपुल बैजू नामक स्थान पर सीमेंट से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सैंज खड्ड में जा गिरा। हादसे में ट्रक चालक और उसके बड़े भाई की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा रात करीब एक बजे हुआ। सुन्नी थाना में रात एक बजे हादसे की सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी एएसआई रामलाल अपनी टीम के साथ तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना हुए। स्थानीय निवासियों की सहायता से मौके पर सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। घंटों की मशक्कत के बाद सुबह के समय खड्ड से दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को ढूंढ निकाला गया। दुर्घटनाग्रस्त ट्रक (एचपी 11 ए 2877) सीमेंट से लदा हुआ था और शिमला से रामपुर की ओर जा रहा था। ट्रक के खड्ड में गिरने के कारण भारी नुकसान हुआ। सर्च ऑपरेशन के दौरान खड्ड में ट्रक चालक दिनेश कुमार (29) और उसके बड़े भाई विनोद कुमार (37) के शव बरामद किए गए।

## संविधान निर्माण में बाबा साहब के अतुल्य योगदान का ऋणी है हर भारतीय: त्रिलोक

**धर्मशाला। एजेंसी**

भाजपा के प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर ने कहा कि संविधान निर्माण में हर भारतीय बाबा साहब भीम राव अंबेडकर के अतुल्य योगदान का ऋणी है। उन्होंने यह विचार संगठनात्मक जिला देहरा भाजपा कार्यालय में आयोजित संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। कपूर ने कहा कि भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष पर यह पूरा राष्ट्र उत्सव रूपी अभियान के रूप में ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है, इस अभियान के माध्यम से संविधान के मूल्य और सिद्धांतों का प्रचार किया जाएगा। उन्होंने कहा यही नहीं संविधान के शिल्पकार बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि देने का एक और अवसर प्राप्त हुआ है। प्रदेश महामंत्री ने कहा



कि डॉक्टर बीआर अंबेडकर एक सच्चे राष्ट्रवादी थे जिन्होंने संविधान की आत्मा को परिभाषित करने का काम किया।

उन्होंने कहा कि संविधान पूर्ण रूप से किसी भी देश का सर्वोच्च ग्रंथ होता है, यह वह किताब है जिसमें देश की संवैधानिक संरचना टिकी होती है, सरल शब्दों में कहें तो यह वह किताब है जिस पर देश की सामाजिक, राजनीतिक और न्यायिक व्यवस्था का निर्देशन करने के लिए नियम लिखे होते हैं। यही नहीं संविधान यह भी बतलाता है कि समाज को चलाने का अधिकार क्या हो, कैसे देश के प्रत्येक नागरिक के अधिकार सुरक्षित हों, किसी भी व्यक्ति के अधिकारों का हनन न हो और सबको सम्मान रूप से आगे बढ़ने का मौका मिल सके। उन्होंने कहा कि उनके इस महान कार्य को लेकर भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सबका साथ सबका विकास के ऐसे मूल मंत्र पूर्वक सामाजिक उत्थान पंच तीर्थ निर्माण के माध्यम से श्रद्धांजलि और सम्मान नागरिक संहिता के समर्थन के रूप में उनकी दृष्टि को मूर्त रूप दिया जा रहा है।

**लोकआस्था** प्राचीन पंचकोसी परिक्रमा में पहले दिन संतों व भक्तों का सैलाब उमड़ा

# पंचकोसी परिक्रमा का बहुत अधिक महत्व है : नारायण गिरि

● सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति व गुरूकुल शिक्षा पद्धति को पुर्नस्थापित करने का कार्य भी करती है

● प्राचीन और पौराणिक महत्व वाले मंदिरों में जाकर दर्शन-पूजन किया जाएगा

**महाकुंभनगर। एजेंसी**

ऐतिहासिक संगम नगरी में प्राचीन पंचकोसी परिक्रमा सोमवार से शुरू हो गई। परिक्रमा में पहले दिन संतों व भक्तों का ऐसा सैलाब उमडा कि चारों तरफ भक्ति व श्रद्धा की बौछारे पडने लगीं। पंचकोसी परिक्रमा का शुभारंभ जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक एवं अखिल भारतीय



अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज ने जगद्गुरु शंकराचार्य सुमेरूमठ काशी स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती महाराज, अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी महाराज, जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय सभापति प्रेम गिरि महाराज, दूधेश्वर पीठाधीश्वर व श्री पंच दशनाम जूना अखाडा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता नारायण गिरि महाराज, मेला प्रभारी मोहन भारती महाराज, महेश पुरी महााज, शैलेंद्र गिरि महाराज, मेला अधिकारी चंडिका प्रसाद, दयाराम, मुनी लाल पांडे व श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के हजारों संतों की मौजूदगी रही।

श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने बताया कि पंचकोसी परिक्रमा का बहुत अधिक महत्व है। यह परिक्रमा जहां एक और धर्म व आध्यात्म की अखंड ज्योत प्रज्जवलित करती है, वहीं सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति व गुरूकुल शिक्षा पद्धति को पुर्नस्थापित करने का कार्य भी करती है।

वर्ष 2019 के कुंभ में 550 वर्ष के बाद श्रीमहंत हरि गिरि महाराज व उन्होंने मेला प्रशासन तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के सहयोग से इस पंचकोसी परिक्रमा को पुनः शुरू कराया था। इस वर्ष यह छठी पंचकोसी परिक्रमा है। 5 दिन तक चलने वाली इस परिक्रमा में चारों दिशाओं में स्थापित वेणी माधव मंदिरों के साथ ही अन्य प्राचीन और पौराणिक महत्व वाले मंदिरों में जाकर दर्शन-पूजन किया जाएगा। प्रयागराज की पंचकोसी परिक्रमा का सोमवार को संगम स्नान व पूजन के साथ शुभारम्भ किया गया। इसके बाद अक्षय वट और सरस्वती कूप का दर्शन-पूजन, लेटे हुए हनुमान जी के दर्शन.पूजन, दत्तात्रेय मंदिर का दर्शन-पूजन, राम मंदिर का दर्शन पूजन, ललिता देवी कल्याणी देवी स्थित सिद्ध मठ में दर्शन.पूजन, यमुना घाट व राम घाट का दर्शन-पूजन किया गया। यमुनापार के बरखंडी महादेव के दर्शन-पूजन के साथ पहले दिन की परिक्रमा ने विश्राम लिया।

## उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता को मिली मंजूरी, जल्द होगा लागू

**देहरादून। एजेंसी**

उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए धामी मंत्रिमंडल ने सोमवार को इसकी नियमावली को मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह फैसला 2022 के विधानसभा चुनाव में जनता से किए गए वादों को पूरा करने की दिशा में उठाया गया बड़ा कदम है। सोमवार को सचिवालय में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में यूसीसी का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। हालांकि, निकाय चुनावों के चलते मंत्रिमंडल की ब्रीफिंग आयोजित नहीं हो सकी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हमारी सरकार ने जनता से जो भी वादा किया उसे पूरा किया है। हमने 2022 के विधानसभा चुनाव से पूर्व वादा किया था कि हम प्रदेश में समान नागरिक संहिता लेकर आएंगे।

मंत्रिमंडल की बैठक में हमने सर्वसम्मति से यूसीसी को पारित कर दिया है, जिसे शीघ्र ही प्रदेश में लागू किया जाएगा। हमने जनता की मांग के अनुरूप ही प्रदेश में धर्मांतरण, लैंड जिहाद और थूक जिहाद, दंगा और नकल रोकने के लिए सख्त कानून बनाए हैं। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का वेबपोर्टल 21 जनवरी को पहली बार प्रदेशभर में एक साथ उपयोग में आएगा।

